
# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 06 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 178 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## विधानसभा चुनाव : निरसा में दिखेगा रोचक मुकाबला, भाजपा को सीट बचाने की चुनौती

# माले प्रत्याशी होंगे अरूप, बदल गया है राजनीतिक समीकरण

प्रवीण कुमार। रांची

निरसा विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा के लिए चुनौती कड़ी होने वाली है. भाजपा अब तक हुए 15 विधानसभा चुनाव में पहली बार 2019 में इस लाल गढ़ में भगवा पताका फहराने में कामयाब हुई थी. इसके लिए भाजपा ने लम्बे समय तक लेफ्ट (फारवर्ड ब्लॉक) की राजनीति करने वाली अपर्णा सेनगुप्ता को भाजपा में लाकर चुनाव में उतारा था. 2019 के विधानसभा चुनाव में यह भाजपा के लिए पहली जीत थी. लेकिन बदलते राजनीतिक समीकरण के बीच अब भाजपा को निरसा विधानसभा सीट बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी. इसके बाद भी सीट निकल पाएगी कि नही, इसको लेकर भाजपा नेता भी संदेह कर रहे हैं.

**2019 में पहली बार जीती थी भाजपा :** वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मासस के अरूप चटर्जी को भाजपा की अपर्णा सेनगुप्ता ने हरा दिया था. इस चुनाव में झामुमो-कांग्रेस और राजद के बीच तालमेल हुआ, लेकिन तब गठबंधन में मासस के शामिल नहीं होने के कारण झामुमो ने अपना उम्मीदवार उतारा था. झामुमो प्रत्याशी ने भी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई, जिसके कारण मासस उम्मीदवार अरूप चटर्जी को हार का सामना करना पड़ा.

**बदला राजनीतिक समीकरण :** निरसा धनबाद जिले की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट है, लंबे समय से मार्कसिस्ट कोऑर्डिनेशन समिति (मासस) का गढ़ रहा है. 2019 में भाजपा ने यह सीट जीतकर सबको चौंका दिया था. लेकिन 2024 के चुनाव में भाजपा के लिए यह सीट बचाए रखना आसान नहीं होगा. मासस और भाकपा माले के एक होने से समीकरण बदल गए हैं. दोनों दलों के एकजुट प्रत्याशी के सामने भाजपा की राह आसान नहीं होगी. माले इंडिया अलायंस के साथ है. माले के लिए लोकसभा चुनाव में भी एक सीट छोड़ी गई थी. विधानसभा चुनाव में निरसा से माले के प्रत्याशी अरूप चटर्जी का नाम तय माना जा रहा है. अब देखना है कि विधानसभा चुनाव में अगर माले इंडिया अलायंस का हिस्सा रहता है, तो भाजपा के लिए लीट बचाना मुश्किल होगा.

**भाजपा के भीतर भी अपर्णा को मिल रही चुनौती :** वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में अपर्णा सेनगुप्ता ने भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीता. इससे पहले भी अपर्णा सेनगुप्ता फारवर्ड ब्लॉक उम्मीदवार के रूप में निरसा की विधायक रह चुकीं हैं. प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश मिश्रा भी टिकट के प्रबल दावेदार है. वर्ष 2014 के चुनाव में उन्हें काफी कम अंतर से हार का सामना करना पड़ा था. इसके अलावा भी भाजपा के कई अन्य नेताओं की ओर से निरसा सीट पर अपनी दावेदारी पेश की गई है.

**लोस चुनाव में निरसा तीसरे स्थान पर रहा मासस :** लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद संसदीय क्षेत्र की निरसा विधानसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी को करीब 70 हजार वोटों की बढ़त मिली थी. बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को निरसा क्षेत्र से 1.39 लाख वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह को लगभग 71 हजार वोट मिले थे. तीसरे स्थान पर मासस रहा था.

**2019 के विस चुनाव में प्रमुख दल, मिले वोट**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | मिले वोट |
|---|---|---|
| अपर्णा सेनगुप्ता | भाजपा | 88981 |
| अरूप चटर्जी | मासस | 63413 |
| अशोक मंडल | झामुमो | 47104 |

**2014 के विस चुनाव में प्रमुख दल, मिले वोट**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | मिले वोट |
|---|---|---|
| अरूप चटर्जी | मासस | 51554 |
| गणेश मिश्रा | भाजपा | 50517 |
| अशोक मंडल | झामुमो | 43309 |
| अपर्णा सेनगुप्ता | फारवर्ड ब्लॉक | 23610 |

**2009 के विस चुनाव में प्रमुख दल, मिले वीट**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | मिले वोट |
|---|---|---|
| अरूप चटर्जी | मासस | 68965 |
| अशोक मंडल | भाजपा | 33388 |
| अपर्णा सेनगुप्ता | फारवर्ड ब्लॉक | 17597 |
| बदीलाल मरांडी | झामुमो | 10900 |

**2005 के विस चुनाव में प्रमुख दल, मिले वीट**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | मिले वोट |
|---|---|---|
| अपर्णा सेनगुप्ता | फारवर्ड ब्लॉक | 50533 |
| अरूप चटर्जी | मासस | 48196 |
| अशोक मंडल | भाजपा | 30673 |

**वर्ष 1952 से 2019 तक निरसा से निर्वाचित विधायक**

| वर्ष | उम्मीदवार का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1957 | लक्ष्मी नारायण मांझी | कांग्रेस |
| 1962 | लक्ष्मी नारायण मांझी | कांग्रेस |
| 1967 | आरएन शर्मा | कांग्रेस |
| 1969 | एन भट्टाचार्य | सीपीआई |
| 1972 | एन भट्टाचार्य | सीपीआई |
| 1977 | कृपा शंकर चटर्जी | निर्दलीय |
| 1980 | कृपा शंकर चटर्जी | निर्दलीय |
| 1985 | कृपा शंकर चटर्जी | कांग्रेस |
| 1990 | गुरुदास चटर्जी | मासस |
| 1995 | गुरुदास चटर्जी | मासस |
| 2000 | गुरुदास चटर्जी | मासस |
| 2005 | अपर्णा सेनगुप्ता | फारवर्ड ब्लॉक |
| 2009 | अरूप चटर्जी | मासस |
| 2014 | अरूप चटर्जी | मासस |
| 2019 | अपर्णा सेनगुप्ता | भाजपा |

### पहली बार 1969 में लाल झंडा लहराया

निरसा के राजनीतिक इतिहास 1969 में निर्मलेंदु भट्टाचार्य ने लाल झंडा लहराया था. उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार को हरा कर जीत हासिल की थी. 1972 में भी वे सीपीआई के टिकट पर जीते. इसके बाद 1972 इसके बाद 1990, 1995, 2000, 2005, 2009, 2014 के चुनावो में लाल झंडा ही जीतता रहा.

## ई है कोयला नगरिया तू देख बबुआ, ईहां नेतई के एक से बढ़कर कलाकार बा लोग

संजय सिंह

ई है कोयला नगरिया तू देख बबुआ. जी हां, ईहां राजनीति के एक से बढ़कर एक कलाकार बांड़ें. कुछ को कोइला से हाथ करिया कईले नेतई बघारले बाडें तो कुछ शिक्षा के कारोबारी हउएं. शिक्षा के बेच के ढेरे माल बटोरलेले बाड़ें. अब भाई माल ढेरे हो गईल बा तो सोचलन कि काहे न लगे हाथ राजनीतियो में हाथ आजमा लीहिल जाओ, कूद पड़ले नेतई में. नेतई में सक्सेसफुल होईहें, तभिए न धंधवा चमकावे में , खास कर धंधवा के साथ गोरखधंधवा भी करे में सहूलियत होई. कुछ धंधेबाज लोग धीरे से बड़की पार्टिया, अरे उहे नेशनल वाली बड़की पार्टिया में गते से घुसिया गईल बाड़ें, तो कुछ घुसियाए के फिराक में जेने-तेने मुंह मारले बाड़ें. एगो पार्टिया में तो ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलावल गईल रहे, तो ढेरे धंधेबाज, माफिया, ठेकेदार, कोईला चोरावे वाला लोग ऊ पार्टिया में गते से घुसिया गईल, लेकिन उ पार्टिया के स्थानीय बड़का-बड़का कहावेवाला नेताजी लोग के तनिको भनक तक ना लागल. जब टिकट के दावेदारी के समइया आईल ह, तो ई नेताजी लोग बिल से बिलबिला के निकले लगलें, तो बड़का नेताजी लोगन के होशे उड़ गईल बा. सभे नेताजी लोग के लगे पईसवा ढेरे बा, तो दिहाड़ी मजदूरी करनेवाला ढेरे कार्यकर्ता भी जुटा लेवे ला लोग. अब देश के एगो सब ले पुरनकी पार्टिया में एगो नेताजी खाली गते से घुसियाईले नईखन, बल्कि टिकट ला भी पूरा उछल-कूद मचाईले बाड़ें. ई नेताजी के शिक्षा बेचे वाला कारोबार बा. अभी हाले में लोकसभा चुनाउवा से पहिले अपन बेटा जी के तामझाम से कमल फूल धरवाईले रहें. एक लाख रुपईयो देले रहें, खूबे फोटुवा भी खिचवाईलें, लेकिन लगले बीपीएल हो गईलें. उहे बिन पेंदी के लोटा. अब पंजवा लड़ावे लगी बेचैन बाड़ें. मालो ढेरे कमा लेले बाड़ें. अब कोयला नगरिया से पंजा लड़ावे ला बेचैनी में जेने-तेने ताक-झांक कईले बाड़ें. ऊहां के पार्टी के जिला स्तर के बड़का पदाधिकारी अंकवारी में लेले घूम रहल बा. ऊ पार्टिया के दूसरके नेता जी लोगन ई जुगलबंदी देखला के बाद खुसुर-फुसुर कईले घूम रहल बाड़ें. छोटकी-छोटकी नेताजी लोग के ई जुगलबंदिया तनिको पचत नईखे. लेकिन ई लोग कुछ करियो त ना सके. ढेर होई, तो हल्ला-गुल्ला कईके संतोष भाई में तनिका असंतोष पैदा कर लीहि लोग.

**चुनावी चकल्लस**



कोइला नगरिया के पंजा लड़वइया पार्टिया में ए घरी चौधरी जी ढेरे चौधराहट कर रहल बाड़ें. ई महोदय पंजवा में कब घुसिया गईलें ई पार्टियोवाला लोग के पता नईखे. पंजा ब्रांडवाला छोटकन नेताजी लोगन ई महोदय के शिक्षा बेचवा बता रहल बाड़ें. चौधराहट बघारेवाला कथित नेताजी कईले का बाड़े, पार्टिया के कोइला नगरी के मुखिया जी के भर अकवारी धर लेले बाड़ें. उहां से तनिका लक्ष्मी महिमा के बखान कर दीहले बाड़ें. तानिका गांधियो जी ले भेंट करा दीहले बाड़ें. अरे भाई... जब लक्ष्मी जी के कृपा के साथे साथ गांधी दर्शन होई, तो मुखिया जी तो चौधरी साहिब के चौधराहट करावे खातिर घुमाईबे न करिहें. वइसे मुखिया जी बाड़ें बड़ा संतोषी. केहू थोड़को कृपा कर देलस, तो ओकर गुणहान करत ना थाकेलन. तो संतोषी जीव मुखिया जी चौधरी महोदय के रवि लेखा रोशनी बिखेरे खातिर जेने-तेन घुमाइले बाड़ें.

वईसे रवि लेखा रोशनी फैलावे के दावा कईके चौधराहट बघारेवाला नेताजी कम चलहाक नईखें. एतना शातिर बाड़ें कि एक बेर एहिजा से गते से खिसक गईलें और चल गईलें बिहार से चुनाव लड़े लगी. पंजवा में दाल तो ना गलल रहे, तबो लड़ गईलें. ऊ का तो एगो कहाला... जमानत.. तो भाई जी के चौधराहट बघारे में जमानत जब्त टाईप के कुछुओ हो गईल रहे. बेचारू लजाईले फिर से कोइला वाली नगरिया में घुरे-फिरे लगलें. एहिजे मौका के तलाश में लाग गईलें. तो संतोषी जी के साथ मिल गईल. अब देखीं ई केतना अबुताईल बाड़ें. संवसे शहर में जेने-तेने होर्डिंग, बैनर-पोस्टर लगाईके नेतागिरी बघारले बाड़ें. ईनको के पंजा लड़ावे लगी टिकट चाहीं. अब पार्टिया के पुरनका नेताजी लोग इनके नामे सुन के बिदक गईल बा लोग. कहे लागल लोग कि हमनी का घास छिलेब सभे का भाई. ई पार्टिया में चौधराहट न चले देब. ई कब पार्टिया में घुसियाईल बाड़े, इहो तो पता चले. लेकिन चाहे कुछो हो जाए, ई चौधरी साहिब शिक्षा बेच के जो कमाईया कइले बाड़ें, ओकरे से पंजा लड़ावे लगी संतोषी बाबू के कृपा से ढेरे उछल-कूद मचाईले बाड़ें. अब देखल जाओ...चौधराहट चली कि संतोषी बाबू चली. देखल जाओ आगे-आगे पंजा लड़वाईया लोग आपसे में केतना धींगा-मुश्ती कर सकेला.

# मुख्य सचिव रैंक के अफसर अब करेंगे स्कोडा की सवारी

- बीडीओ, अंचलाधिकारी को मिलेगा महिंद्रा बोलेरो
- 21 अक्तूबर तक है टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में मुख्य सचिव रैंक के अफसर अब स्कोडा की सवारी करेंगे. इस रैंक के अफसरों को स्कोडा ऑक्टेविया और स्कोडा सुप्रव कार मिलेगी. ये सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जाएंगे. इसके लिए 21 अक्तूबर तक टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि रखी गई है. 25 अक्तूबर को शाम चार बजे टेंडर खोला जाएगा. वहीं प्रधान सचिव रैंक से लेकर सचिव रैंक तक के अफसर टोयटा इनोवा क्रिस्टा, हुंडई वरना, होंडा सिटी,वोक्सवैगन वर्चस की सवारी करेंगे.

**डीसी, डीडीसी और डीएफओ को महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी :** वहीं डीसी, डीडीसी और डीएफओ (भारतीय वन सेवा) के अफसरों को महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी उपलब्ध कराई जाएगी. प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित परियोजना निदेशक, अपर जिला दंडाधिकारी, एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी को महिंद्रा बोलेरो उपलब्ध कराई जाएगी.

**पुराने नियमों में हुआ संशोधन :** वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अफसरों को नए मॉडल के वाहन उपलब्ध कराने के लिए नियमों में संशोधन किया गया है. सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जाएंगे. विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, सहित अन्य प्रशासनिक कामों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नए वाहनों की आवश्यकता है.

### प्रधान जिला न्यायाधीश के लिए हुंडई वरना

प्रधान जिला न्यायाधीश, ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को हुंडई वरना, होंडा सिटी, और मारुति सियाज उपलब्ध कराई जाएंगी. वहीं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सेक्रेटरी को डिजायर, हुंडई ओरा और होंडा अमेज उपलब्ध कराई जाएगी.

## एनसीपीसीआर की अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप

# हिंदू लड़कियों के यौन शोषण को लेकर सरकार लापरवाह : प्रियंक कानूनगो

संवाददाता। रांची/नई दिल्ली



झारखंड में नाबालिग लड़कियों के शोषण के मामले हर दिन सामने आ रहे हैं. फिलहाल रांची के जेल रोड स्थित एक कॉलोनी में शर्मनाक घटना सामने आई है. इस इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की का यौन शोषण किया गया. नाबालिग लड़की गर्भवती भी हो गई. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने शनिवार को झारखंड सरकार पर ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. प्रियंक कानूनगो ने कहा कि धार्मिक संस्था होने के नाम पर किसी को भी बच्चों का शोषण करने का अधिकार नहीं मिल जाता है.

देश में कानून साफ और स्पष्ट है. झारखंड के रांची में 2018 में ये मामला सामने आया था, जिसमें नाबालिग दुष्कर्म पीड़िताओं को रखा जाता था और प्रसव के बाद उनके नवजात शिशुओं को बेच दिया जाता था. जब मामले की जांच की गई तो पता चला कि लड़कियों को दूसरी जगहों से लाया जाता था, लेकिन झारखंड की राज्य सरकार ने इस मामले में पीड़ितों की पहचान के लिए कुछ नहीं किया. करीब 1 साल बाद 2019 में पता चला कि दुमका में दो लड़कियों ने बयान दिया है कि उनके साथ दुष्कर्म हुआ है और उनकी बेटियों को इस तरह से बेचा गया है.

कानूनगो ने कहा, हमारे पास जो जानकारी थी, उसके अनुसार झारखंड पुलिस के पास 250 से ज्यादा ऐसी पीड़िताओं की जानकारी है, जिसके साथ दुष्कर्म हुआ और जन्म देने के बाद उनके बच्चों को बेच दिया गया. झारखंड की हिंदू लड़कियों के मामले में हमने झारखंड सरकार से कहा कि लड़कियों का यह बयान हमें मिला है. नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में आपको फिर से पॉक्सो के तहत मामला दर्ज करना चाहिए. झारखंड सरकार ऐसा करने में विफल रही. उसने हिंदू लड़कियों के मामले में कुछ नहीं किया. उसने दूसरे समुदाय की लड़कियों के मामले में कुछ काम किया. उसने कोई मामला पेश नहीं किया. फिर हम सुप्रीम कोर्ट गए.

उन्होंने आगे कहा कि अभी पिछले महीने सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि हम आयोग की शक्तियों में सीसीआर एक्ट का उपयोग करके इस मामले की जांच कर सकते हैं. फिर हमने झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस भेजा. तीनों लड़कियों के मामले फिर से दर्ज करें. उनके बयान दर्ज करें. जो भी इस तरह के अपराधों में शामिल हैं, उनकी पहचान करें. एनसीपीसीआर अध्यक्ष ने कहा, भारत का कानून बिल्कुल स्पष्ट है. धार्मिक संस्था होने के नाम पर बच्चों का शोषण करने का अधिकार किसी को नहीं मिलता. हमने आसाराम जैसे बलात्कारियों को सजा दी है.

## मूर्ति बनाने में नहीं करें थर्मोकोल का उपयोग

# एक्शन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शिल्पकारों-कारीगरों को दी चेतवानी

> जल प्रदूषण को देखते हुए यह बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया है, ताकि पर्यावरण में अनुकूलता बनी रहे.
> – राजीव लोचन बक्शी (सदस्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शिल्पकारों और कारीगरों को चेतावनी दी है. बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कारीगर किसी भी मूर्ति को बनाने में थर्मोकोल का उपयोग नहीं करें. मां दुर्गा सहित अन्य मूर्तियों के निर्माण में चिकनी और शुद्ध मिट्टी का ही उपयोग करें. मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस का भी इस्तेमाल नहीं होना चाहिए.

### कारीगरों और शिल्पकारों को दिए गए हैं ये निर्देश

- जल प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण के अनुकूल मूर्ति निर्माण में मिट्टी और पुआल का इस्तेमाल करें.
- मूर्तियों के सजावट में प्राकृतिक सामग्रियों का इस्तेमाल करें. सजावटी कपड़ों का इस्तेमाल करें. रासायनिक डाई और ऑयल पेंट का इस्तेमाल न करें.
- मूर्तियों के श्रृंगार के लिए सूखे पुआल व प्राकृतिक रेजिन का उपयोग करें.
- शिल्पकारों और कारीगारों का निकायों में रजिस्ट्रेशन जरूरी है. जो शिल्पकार रजिस्टर्ड नहीं होंगे, उन्हें मूर्ति निर्माण कार्य से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा.

## सुरक्षा व्यवस्था में 10 हजार से अधिक जवान तैनात

# दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर पूरे झारखंड में पुलिस अलर्ट मोड में

संवाददाता। रांची

दुर्गा पूजा के दौरान राज्य में शांति और विधि-व्यवस्था को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट है. पुलिस के निर्देश के बाद सभी जिलों में दस हजार से अधिक सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की गयी है. ताकि असामाजिक तत्व पूजा के उत्साह में किसी तरह का खलल न डाल सकें. सुरक्षा व्यवस्था में 5030 लाठी बल और 4975 होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है. इसके अलावा रैप की पांच, बीडीएस की टीम और अश्रु गैस की चार कंपनियों की भी तैनाती की गयी है. साथ ही रेंज के डीआईजी के नियंत्रण में 570 जवानों को रिजर्व रखा गया है.

राज्य के अलग-अलग जिले में विशेष शाखा के जवान और अधिकारी भी सादे लिबास में तैनात किये गये हैं, जो हर संदिग्धों पर नजर रखेंगे. अगर कहीं भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखी, तो वो उस पर तुरंत कार्रवाई के लिए पहल करेंगे.

**किस जिले में कितने अतिरिक्त जवान हैं तैनात**

| जिला | जवान | जिला | जवान | जिला | जवान |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची : | 1600 | सरायकेला : | 200 | दुमका : | 370 |
| हजारीबाग : | 600 | पलामू : | 455 | देवघर : | 260 |
| जमशेदपुर : | 950 | गढ़वा : | 250 | पाकुड : | 200 |
| गिरिडीह : | 535 | लातेहार : | 200 | जामताड़ा : | 200 |
| खूंटी : | 200 | कोडरमा : | 400 | गोड्डा : | 250 |
| सिमडेगा : | 250 | रामगढ़ : | 270 | साहिबगंज : | 275 |
| लोहरदगा : | 400 | चतरा : | 320 | कुल : | 10005 |
| गुमला : | 370 | बोकारो : | 525 | | |
| चाईबासा : | 250 | धनबाद : | 675 | | |

### शॉर्ट सर्किट की वजह से बीजेपी ऑफिस में लगी आग

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित बीजेपी ऑफिस में शनिवार की दोपहर आग लग गयी. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से लक्ष्मीकांत वाजपेई के कमरे में आग लगी. अगलगी के बाद तुरंत लोगों ने आग को बुझाया. इस घटना में किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई. बता दें कि इससे पहले बीते चार जून को भी बीजेपी ऑफिस में आग लगी थी.

## हर दल में टिकट के कई दावेदार, मिलेगा सिर्फ एक को

# सबके सब जयराम महतो के संपर्क में

संवाददाता ।रांची



बात चाहे एनडीए के घटक दलों की हो या इंडिया गठबंधन के सहयोगियों की, हर सीट पर टिकट के दावेदारों की भीड़ हैं. दो दर्जन से अधिक सीटों पर तो एक-दो दावेदार हर हाल में चुनाव लड़ने के लिए सीरियस भी हैं. इस कारण जयराम महतो की पार्टी की वैल्यू बढ़ गई हैं. बहुत सारे नेता इस दल के संपर्क में हैं, ताकि अगर अपनी पार्टी से टिकट ना मिले तो जयराम की पार्टी से टिकट ले लेंगे. कुछ तो जय श्रीराम की जगह जय राम बोलने तक को भी तैयार हैं.

जानकारी के मुताबिक ऐसे कई विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां या तो दावेदार ज्यादा हैं या घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर किचकिच है. उदाहरण के तौर पर रांची के हटिया क्षेत्र को ही लें. यहां से नवीन जायसवाल भाजपा से विधायक हैं. भाजपा किसी भी हालत में यह सीट आजसू को देगी नहीं. लेकिन आजसू के भरत कांशी साहू जबरदस्त तैयारी कर रहे हैं. वह हर हाल में चुनाव लड़ना चाहते हैं. रविवार को उन्होंने चूल्हा प्रमुखों का सम्मेलन बुलाया है. इसमें वह अपनी ताकत दिखाएंगे. लेकिन आजसू उन्हें टिकट दे नहीं सकती. फिर वो निर्दलीय या किसी अन्य दल से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं. शुक्रवार को पलामू के हुसैनाबाद से एनसीपी के विधायक कमलेश सिंह ने भाजपा ज्वाइन कर लिया. अब वहां के विनोद सिंह क्या करेंगे. रांची शहर के लिए भी भाजपा के कई नेता टिकट के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. सीपी सिंह छोड़ने को तैयार नहीं है. संभव है भाजपा का ही कोई चेहरा दूसरे दल से सीपी सिंह को हराने के लिए उतर जाये. इसी तरह पलामू के ही पांकी से शशिभूषण मेहता भाजपा के विधायक हैं, लेकिन विनोद सिन्हा ने वहां की हवा खराब कर रखी है. टिकट नहीं मिलने की स्थिति में कोई भी पाला बदल सकता है. हजारीबाग सदर क्षेत्र में भी भाजपा व कांग्रेस में दावेदारों की फौज खड़ी है. उनमें से कई हर हाल में चुनाव लड़ने को तैयार है.

ऐसी परिस्थिति में जयराम महतो की पार्टी सभी दलों के नेताओं को लुभा रही है. लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन की वजह से जयराम महतो हॉट केक बने हुए हैं. अधिकांश नेताओं को निर्दलीय से बेहतर विकल्प के रूप में जयराम महतो की पार्टी नजर आ रहीहै.

# धनबाद ग्रामीण एसपी देखेंगे बोकारो पुलिस अधीक्षक का दैनिक कार्य

**रांची।** धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी बोकारो पुलिस अधीक्षक का दैनिक कार्य देखेंगे. इसको लेकर कोयला क्षेत्र के डीआईजी ने आदेश जारी किया है. उन्होंने पुलिस मुख्यालय को भी इसकी जानकारी दी है. गौरतलब है कि बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश वर्तमान में मुंबई में इलाजरत हैं. उन्होंने पूर्व में स्वीकृत अवकाश को रद्द करते हुए 15 दिनों का उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने के लिए अनुरोध किया है. एसपी के इतने लंबे समय तक अवकाश में रहने के कारण पुलिस एसपी स्तर के कार्यों के निष्पादन में कठिनाई आ रही है. जिसकी वजह से धनबाद के ग्रामीण एसपी को बोकारो एसपी का प्रभार सौंपा गया है.

## मनोनयन : कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने आवासीय कार्यालय में शाहदेव व पांडेय को पत्र सौंपा

# किशोर शाहदेव और संजय पांडेय प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता नियुक्त

संवाददाता। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को तत्काल प्रभाव से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है और पार्टी के पक्ष को मजबूती के साथ मीडिया व जनता के बीच रखने का निर्देश दिया है.

लोवाडीह स्थित अपने आवास पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मुख्य प्रवक्ता मनोनीत किए जाने का पत्र लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं संजय पांडे को सौंपा और गुलदस्ता भेंट कर दोनों का स्वागत भी किया. मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व मेयर राम खलखो, मदन मोहन शर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुंजिनी, कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रियाज खान, अनुकूल मिश्रा, दीपक ओझा, ऐनुल अंसारी उपस्थित थे.



पत्र सौंपते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश.

पूर्व में भी लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कांग्रेस के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए 2013 से 2021 तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता की जिम्मेवारी सफलतापूर्वक निभाई थी और पार्टी का संदेश मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाने का काम निष्ठापूर्वक किया था. खास कर 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित की और गठबंधन की सरकार बनाने में कामयाबी हासिल हुई. वहीं संजय पांडे पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत हैं. महानगर कांग्रेस अध्यक्ष से पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूत बनाने के लिए काम किया था. उनके अध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान संगठन ने धारदार तरीके से जनता के मुद्दों को उठाया था.

लाल किशोर नाथ शाहदेव व संजय पांडेय तो मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि एक कार्यकर्ता से लेकर नेता के रूप में उनकी भूमिका काफी प्रशंसनीय एवं सराहनीय रही है. जब वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे, तब शाहदेव ने उनके साथ काम किया और खासकर कोरोना कल में उनके कार्यों की जितने भी प्रशंसा की जाए. वह कम होगी. मुझे पूरा विश्वास है आसन्न विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन्हें जो जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सौंपी है, उसका निष्ठापूर्वक निर्वहन करने में कामयाब होंगे. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने लालकिशोर नाथ शाहदेव व संजय पांडेय को मुख्य प्रवक्ता बनाकर झारखंड में कांग्रेस को और सशक्त किया.

शाहदेव व पांडेय को मुख्य प्रवक्ता बनाये जाने पर झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह, बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, सुल्तान अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, भीम कुमार,चंद्रशेखर शुक्ला, संजीत यादव,अभिषेक साहू, होनी सिंह मुंडा, मो.जिन्ना, मनोज झा, राकेश तिवारी, कुमुद रंजन, चंद्रशेखर शुक्ला, उज्जवल प्रकाश तिवारी, जवाहर महथा,भीम कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि दोनों नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दिये जाने से संगठन धारदार व मजबूत होगा.

क्लासिफाइड



www.lagatar.in रांची, रविवार 06 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 178 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



शारदीय नवरात्र

चतुर्थी कूष्मांडा

*सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।*
*दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥*

*जगज्जननी भगवती दुर्गा के कूष्मांडा नाम के चौथे विग्रह को आदिस्वरूपा अथवा आदि शक्ति के रूप में जाना जाता है. शारदीय नवरात्र के चौथे दिन अर्थात् 6 अक्टूबर को भगवती कूष्मांडा दर्शन-पूजन का विधान है. इनकी आठ भुजाएं हैं, इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है. इनके सात हाथों में कमण्डल, धनुष, वाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में आठ सिद्धियां और नव निधियां प्रदान करनेवाली जपमाला है. भगवती कूष्मांडा सिंह पर सवार रहती हैं. इनके मुखारविंद पर मंद मुस्कान शोभा बढ़ाती है. इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है. संस्कृत में कुम्हड़े को कूष्मांड कहा जाता है, इसलिए इनकी संज्ञा कूष्मांडा है. जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अन्धकार ही अन्धकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी. इसीलिए इन्हें आदिशक्ति कहा गया. श्रद्धा और भक्ति से पूजा-अर्चना करनेवाले श्रद्धालु भक्तों पर इनकी शीघ्र ही कृपा होती है और ये उन्हें आधियों-व्याधियों से मुक्त कर सुख-समृद्धि और उन्नति प्रदान करती हैं.*

*-डॉ. विनय कुमार पांडेय*

## हरियाणा में कांग्रेस, जम्मू कश्मीर में 'इंडिया'

# सभी एग्जिट पोल में हारी भाजपा



लगातार न्यूज। नेटवर्क

हरियाणा में कांग्रेस की आंधी चल रही है, तो जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सरकार बनती दिख रही है. शनिवार की देर शाम हरियाणा की 90 सीटों के लिए हुए मतदान के बाद देश की नामी एजेंसियों की मानें, तो ऐसा ही बानगी देखने को मिल रही है. हालांकि चुनाव के असली नतीजे 8 अक्तूबर को आएंगे, तभी पता चलेगा कि सच क्या है.

इस बीच, शनिवार को हुए मतदान में हरियाणा में करीब 62 फीसदी मतदान हुआ है. मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर आमतौर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. एग्जिट पोल में करीब-करीब सभी एजेंसियों और न्यूज चैनलों ने हरियाणा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने का दावा किया है. कुछ चैनलों ने तो दो तिहाई बहुमत तक दावा कर दिया है. वहीं, जम्मू कश्मीर में भी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बारे में दावा किया गया है कि इस गठबंधन को स्पष्ट मिल जाएगा. हालांकि पीडीपी भी इसी गठबंधन के साथ जा सकती है. हरियाणा में कांग्रेस की वापसी का अनुमान पहले से लगाया जा रहा था. इस लिए एग्जिट पोल के अनुमानों पर किसी को ताज्जुब नहीं हुआ. जम्मू कश्मीर में भी 10 साल हुए चुनाव में पहले से ही कहा जा रहा था कि वहां भी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सरकार बनेगी. एग्जिट पोल पर कांग्रेस ने काफी सधी हुई प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि असली नतीजे तो 8 अक्तूबर को आएंगे. हमें उम्मीद है कि कांग्रेस की सीटें और बढ़ेंगी. हम दो तिहाई बहुमत से हरियाणा में सरकार बनाएंगे. उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में भी कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की सरकार बनने जा रही है. इसमें कोई संदेह नहीं है. वहीं भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एग्जिट पोल सच से परे हैं. भाजपा हरियाणा और जम्मू कश्मीर मे सरकार बनाने जा रही है. बस दो दिन का और इंतजार कर लीजिए. सब कुछ साफ हो जाएगा.

### हरियाणा : कुल सीट : 90

**बहुमत का आंकड़ा : 46**

| एजेंसी | कांग्रेस | भाजपा | जेजेपी | इनेलो | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| सी-वोटर-इंडिया टुडे | 50-58 | 20-28 | 00-02 | 02 10 | 14 |
| डीबी लाइव | 54-64 | 15-25 | 02 03 | 01-3 | 6-14 |
| दैनिक भास्कर | 44-54 | 19-29 | 00-01 | 01-05 | 3-5 |
| पीपुल्स पल्स | 49-61 | 20-32 | 00-01 | 02-03 | 3-5 |
| रिपब्लिक-मैट्रिज | 55-62 | 18-24 | 55-62 | 00-00 | 2-5 |
| जिस्ट-टीआईएफ रिसर्च | 45-53 | 29-37 | 02-01 | 00-03 | 0-5 |

### जम्मू कश्मीर : कुल सीट : 90

**बहुमत का आंकड़ा : 46**

| एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस+एनसी | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| सी-वोटर-इंडिया टुडे | 27-32 | 40-48 | 06-12 | 06-11 |
| दैनिक भास्कर | 20-25 | 35-40 | 04-07 | 12-16 |
| पीपुल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 07-11 | 04-06 |
| डीबी लाइव | 20-25 | 41-53 | 06-12 | 10-14 |
| एक्सिस माई इंडिया | 24-34 | 35-45 | 04-06 | 08-23 |
| गुलिस्तान न्यूज | 25-29 | 30-34 | 04-06 | 18-21 |

### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.6 | 24.4 |
| जमशेदपुर | 35.4 | 24.0 |
| डालटनगंज | 34.8 | 25.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,500 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### डीआरडीओ ने किया एक और मिसाइल का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली।** डीआरडीओ ने शनिवार को आधुनिक हथियार वीएसएचओआरएडीएस का तीसरा सफल परीक्षण किया. परीक्षण पोखरण परमाणु रेंज में किया गया. इस मिसाइल का उद्देश्य कम ऊंचाई पर उड़ने वाले हवाई खतरों जैसे ड्रोन्स आदि को बेअसर करना है. परीक्षण के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, भारतीय सेना को बधाई दी. कहा कि यह नई मिसाइल हवाई खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को और अधिक तकनीकी मदद देगी.

### नसरल्लाह का वारिस भी अब इजरायली हमले में मारा गया

**तेल अवीव।** लेबनान में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह को ढेर होने के बाद से मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है. ईरान ने इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और बदला लेने की तैयारी कर रहा. इस बीच, हिजबुल्लाह के अगले चीफ पर भी चर्चा होने लगी, जिसमें हाशिम सफीद्दीन का नाम सामने आया. अब पता चला है कि सफीद्दीन को भी इजरायल ने बेरूत में मार गिराया है. उसकी जान उसी हमले में गई, जिसमें नसरल्लाह ढेर हुआ था.

### मिडिल ईस्ट में तनाव से भारत को नुकसानः एस जयशंकर

**नयी दिल्ली।** मध्य पूर्व में चल रहे हमास और इजरायल के बीच के संघर्ष ने दुनिया में भारी चिंता पैदा कर दी है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि यह संघर्ष सिर्फ एक क्षेत्रीय समस्या नहीं, बल्कि इससे वैश्विक अस्थिरता का खतरा बढ़ गया है. उन्होंने कहा कि भारत मिडिल ईस्ट की इस जंग का फायदा नहीं उठा रहा है, बल्कि इससे उसे नुकसान ही हो रहा है. यह चिंता का विषय है.

## सीएम हेमंत ने जमशेदपुर में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के नए भवन का किया उद्घाटन, कहा

# पैसे के बल पर पूरे देश में राज करना चाहती है भाजपा



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य बन्ना गुप्ता.



विश्वजीत भट्ट। जमशेदपुर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा पैसे के बल पर पूरे देश पर राज करना चाहती है. आज जब वर्तमान सरकार में गरीबों का सम्मान हो रहा है, तो यह भाजपा को पच नहीं रहा. इसको रोकने के लिए तमाम हथकंडे अपनाए जा रहे हैं. सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को जमशेदपुर के बालीगुमा में आयोजित एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नये भवन के उद्घाटन व ओपीडी सेवा के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने बताया कि रांची में भी एक नये मेडिकल कॉलेज की आधारशिला जल्द ही रखी जाएगी. अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देने वाले मेडिकल के छात्रों को भी उन्होंने मंच से आश्वस्त किया कि एक महीने के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा. उन्होंने कहा कि आज कोल्हान के लिए ऐतिहासिक दिन है. भव्य अस्पताल जनता को समर्पित किया गया.

उन्होंने कहा कि हम अपनी खनिज संपदा से पूरे देश का पेट भरते हैं. लेकिन, हमारे लोगों के पास रहने को घर, खाने को अनाज, पहनने को कपड़ा व रोजगार तक नहीं है. तब हमने कानून बनाया कि यदि झारखंड में कोई भी उद्योग लगेगा तो उसमें 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को भर्ती करना ही पड़ेगा. -शेष पेज 11 पर

**सीएम ने दी सौगात**

*386* *करोड़ की लागत से किया गया है नए भवन का निर्माण*

*851* *बेड एमजीएम में हो जाएंगे, सीसीयू के होंगें 100 बेड*

*50* *लाख से अधिक को होगा लाभ*

### हर तरह से हमारी टांग खिंचाई की गई

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार के दो साल कोरोना खा गया. दो साल भाजपा ने मेरे साथ चोर-पुलिस का खेल खेला. हर तरह से हमारी टांग खिंचाई हुई. कभी किसी को तो कभी किसी को पैसे के बल खरीद लेने के शिगूफे छोड़े गए, ताकि सरकार अस्थिर हो जाए. भाजपा पैसे के बल पर देश पर राज करना चाहती है, इस खेल से उसने साबित कर दिया है. जब हमारी सरकार महिलाओं का सम्मान कर रही है, तो फिर भाजपा के लोग नये-नये शिगूफे छोड़ रहे हैं. अब भाजपा के लोग महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं. आप को ये देखना है कि पड़ोसी ओडिशा में भाजपा मंईयां-बहनों का कितना सम्मान कर रही है और कितने रुपए प्रति माह दे रही है. भाजपा ने विदेशों से काला धन लाकर सबको 15-15 लाख देने का शिगूफा छोड़ा. सबका खाता खुलवाया, किसको क्या मिला ये आप तय कीजिए.

### अब ये गरीब राज्य कीर्तिमान बना रहा

सीएम ने कहा कि हमारे गांव कितने गरीब हैं, यह मुझे बहुत अच्छी तरीके से पता है. अब ये गरीब राज्य नया कीर्तिमान बना रहा है. झारखंड का हर वो बुजुर्ग जो 50 वर्ष का हो गया है, हमारी सरकार उसको पेंशन दे रही है. पहले विधवा अपना पेंशन पाने के लिए महिलाएं दर-दर भटकती थीं. हमारी सरकार ने कानून बना दिया है कि कोई भी महिला जिस दिन विधवा होगी, उसी दिन से उसको पेंशन मिलना शुरू हो जाएगा. 200 यूनिट बिजली फ्री कर दिया और पुराना बिल भी माफ कर दिया.

## हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे : मोदी

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं. शनिवार को उन्होंने 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी. जनसभा में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं महाराष्ट्र में एक बहुत बड़ी खबर लेकर आया हूं. केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है. आज हर नागरिक का एक ही लक्ष्य है- विकसित भारत. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें मुंबई और ठाणे जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा. लेकिन, इसके लिए हमें दोहरी मेहनत करनी होगी - क्योंकि हमें विकास भी करना है और कांग्रेस सरकार के गड्ढों को भी भरना है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि उनका वोट बैंक तो एक रहेगा, लेकिन बाकी लोग आसानी से बंट जाएंगे. आसानी से टुकड़े हो जाएंगे. इससे पहले मोदी ने वाशिम में किसान सम्मान निधि की 18वीं किश्त भी जारी की. बंजारा सम्मेलन को संबोधित किया. -शेष पेज 11 पर



▪ महाराष्ट्र में गरजे पीएम-विपक्षी कांग्रेस पर साधा जम कर निशाना

## आरक्षण पर 50% की सीमा हटाना जरूरीः राहुल गांधी

**कोल्हापुर (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर पहुंचे. यहां राहुल ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर मौजूदा 50 प्रतिशत की सीमा हटाना जरूरी है. कोल्हापुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक इस 50 फीसदी की सीमा को हटाने के लिए कानून पारित करना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा कि हम लोकसभा और राज्यसभा में जाति जनगणना पर कानून पारित करना सुनिश्चित करेंगे और कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती. उन्होंने कहा कि दलितों या पिछड़े वर्गों का इतिहास स्कूलों में नहीं पढ़ाया जा रहा था, उन्होंने आरोप लगाया कि अब उस इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है. लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि अगर आप ओबीसी समाज को देखें, जैसे ही मैंने स्वप्निल कुम्हार से हाथ मिलाया, जिन्होंने मुझे मूर्ति दी, संपर्क से ही मुझे समझ आ गया कि इस हाथ में हुनर है. -शेष पेज 11 पर



▪ कोल्हापुर में नेता प्रतिपक्ष का संविधान सम्मान सम्मेलन में संबोधन

## राज्य के 20 हजार संविदाकर्मियों के लिए खुशखबरी

# 50% तक बढ़ा महंगाई भत्ता

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य के 20 हजार संविदाकर्मियों के लिए खुशखबरी है. उनके महंगाई भत्ते में 50 फीसदी तक की वृद्धि कर दी गई है.

वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार वित्त विभाग के संकल्प संख्या 217 को संशोधित करते हुए सातवां वेतन पुनरीक्षण में स्वीकृत पे-मेट्रिक्स में अनुमान्य किए गए इंट्री-पे पर आधारित मानदेय दिया जाएगा. साथ ही इंट्री-पे पर 50 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जाएगा. इसके अलावा छठे वेतनमान पुनरीक्षण में स्वीकृत किए गए चिकित्सा और परिवहन भत्ता भी दिया जाएगा. यह आदेश एक सितंबर 2024 से ही प्रभावी होगा.

**क्या है आदेश में :** वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में राज्य सरकार ने अपने सेवीवर्ग को केंद्रीय कर्मियों की तरह सातवें पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ स्वीकृत किया है, जो विभिन्न पे-बैंड और पे-लेवल पर आधारित है. बताते चलें कि संविदा के आधार पर नियुक्ति के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित है. जिसमें विज्ञापन प्रकाशन, पात्रता, चयन में आरक्षण नियम का अनुपालन, समिति द्वारा संविदा के आधार नियुक्ति की अनुशंसा, संविदा कर्मियों को अनुमान्य सुविधा एवं भत्ते, अवधि विस्तार का प्रावधान है.



▪ संविदा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर और डाटा इंट्री ऑपरेटरों को मिलेगा लाभ

▪ नियमितीकरण के लिए भी विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बनी है कमेटी

**चल रही नियमितीकरण की प्रक्रिया :** संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की भी प्रक्रिया चल रही है. इसके लिए राज्य सरकार अंतर्गत विभिन्न विभागों में अनुबंध व संविदा पर कार्यरत कर्मियों द्वारा उनकी सेवा शर्तों में सुधार तथा नियमितीकरण की समीक्षा के लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है. फिलहाल कमेटी की अनुशंसा अब तक सरकार को नहीं मिली है. जानकारी के अनुसार जल्द कमेटी सरकार को अपनी रिर्पोट सौंपेगी.

**कमाई का मौसम** भारतीय शादी उद्योग चीन के बाद दूसरे नंबर पर, अमेरिका का स्थान है तीसरा

# बिजनेस, बिजनेस और सिर्फ बिजनेस, होता है अरबों का कारोबार

लगातार न्यूज। नेटवर्क

भारत में शादियां सिर्फ दो लोगों के मिलन का जश्न ही नहीं रह गई हैं, बल्कि ये अरबों का कारोबार भी बन गया है. भारत हर साल लगभग 1 करोड़ शादियों की मेजबानी करता है. यही कारण है कि भारतीय शादी उद्योग दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है. चीन पहले नंबर पर है, जबकि अमेरिका तीसरे स्थान पर आता है.

इस साल नवंबर और दिसंबर में शादियों का मौसम व्यापारियों के लिए एक बड़ा तोहफा लेकर आ रहा है. ट्रेडर्स बॉडी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड (सीएआईटी) की स्टडी के अनुसार, 75 शहरों के आंकड़ों के आधार पर इस शादी के सीजन में लगभग 5.9 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है. इस साल शादियों का सीजन 12 नवंबर से शुरू होने जा रहा है. खास बात ये है कि इस सीजन में करीब 48 लाख शादियां होने की संभावना है, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा है. 2023 में लगभग 35 लाख शादियां हुई थीं और तब करीब 4.25 लाख करोड़ का व्यापार हुआ था. इस बार 48 लाख शादियों के कारण कारोबार में और ज्यादा उछाल आने की उम्मीद है.

**शादी का मौसम क्या होता है :** शादी का मौसम साल का वह समय होता है, जब सबसे ज्यादा शादियां होती हैं. इस दौरान शादी से जुड़े तमाम बिजनेस जैसे वेडिंग प्लानर्स, होटल, बैंक्वेट हॉल और कैटरिंग की डिमांड आसमान छूने लगती है. दिलचस्प बात ये है कि हर देश में शादी का सीजन अलग-अलग होता है. मॉनसून के दौरान यानी जुलाई से सितंबर के दौरान शादियां बहुत कम होती हैं. इसका एक धार्मिक कारण भी है. मान्यता के अनुसार, इस समय भगवान विष्णु योगनिद्रा में होते हैं, जिसे देवशयन कहा जाता है. जब भगवान विष्णु सो रहे होते हैं, तब कोई शुभ कार्य खासकर शादी नहीं की जाती. इसके अलावा मॉनसून के समय शादी के आयोजन में कई व्यावहारिक दिक्कतें भी होती हैं. ऐसे में लोग इस मौसम में शादी से बचना ही पसंद करते हैं.



### शादी का कारोबार कितना बड़ा है

सीएआईटी के अनुसार, भारत में एक शादी समारोह पर एवरेज 12 लाख रुपए खर्च किए जाते हैं, जो एक भारतीय परिवार की औसत वार्षिक आय का लगभग 3 गुना और भारत के प्रति व्यक्ति जीडीपी का लगभग 5 गुना है. जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में भारत में कुल शादियों का 1% हिस्सा एलीट शादियों का था और उन्होंने देश में होने वाली सभी शादियों पर कुल खर्च का 12% योगदान दिया. एक औसत एलीट शादी की लागत 1 करोड़ रुपए थी, जबकि सबसे कम खर्च वाली शादी की लागत औसतन 3 लाख रुपए थी. सबसे कम खर्च वाली शादियों की संख्या 17% थी, इनका कुल खर्च में 4% योगदान रहा. मिड-लेवल शादियों का 51% हिस्सा था और इनका कुल खर्च का 63% योगदान था. मिड-लेवल शादियों पर खर्च आमतौर पर 10 से 25 लाख रुपए के बीच होता है.

### बढ़ रहा तकनीक का इस्तेमाल

शादियों में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ रहा है. बहुत सी शादियां डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम की जा रही हैं, ताकि वे मेहमान जो शादी में शरीक नहीं हो सकते, वे ऑनलाइन जुड़ सकें. वेड-टेक यानी तकनीक का इस्तेमाल करके शादियों को बेहतर और आसान बनाया जा रहा है. वेड-टेक कंपनियों ने ऑनलाइन वेन्यू बुकिंग, डिजिटल इंविटेशन कार्ड, ऑनलाइन गिफ्ट रजिस्ट्री और वर्चुअल प्लानिंग जैसी सुविधाएं दे रही हैं.

## बिहार में बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं होताः तेजस्वी

लगातार न्यूज नेटवर्क। पटना

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार नीतीश सरकार पर हमला बोल रहे हैं. उन्होंने भाजपा के वरीय नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हुकुमदेव नारायण यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया. तेजस्वी यादव ने लिखा कि वरिष्ठ भाजपा नेता, दो बार के केंद्रीय मंत्री, छह बार सांसद, तीन बार विधायक और जिनका पुत्र वर्तमान भाजपा सांसद है वो भाजपा- नीतीश सरकार में बिहार में व्याप्त अफसरशाही एवं जनप्रतिनिधियों की दशा पर व्यक्तव्य दे रहे हैं.



▪ पूर्व केंद्रीय मंत्री का वीडियो भी किया शेयर

**बिहार के सर्वेसर्वा बन बिहार को पीछे धकेल रहे हैं :** तेजस्वी यादव ने कहा कि अब आप कल्पना करिए कि थाना और ब्लॉक में आम लोगों को कितनी परेशानियों और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है? बिना रिश्वत दिए बिहार में किसी का काम नहीं होता। सार्वजनिक रूप से कोई नहीं कहेगा यहां तक की सत्ताधारी विधायक अपने क्षेत्र में मनचाहे अधिकारियों के तबादलों एवं कार्यों के लिए भेंट चढ़ाते है.

सांसद-विधायकों को नीतीश कुमार के परम दुलारे अधिकारी प्रणाम करना तो दूर उनका फोन तक नहीं उठाते. कुर्सी खातिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ख़ुद तो बेबस, बेचारे व असहाय बन गए हैं, लेकिन बिहार पर अपनी बेचारगी क्यों थोप रहे हैं? थके हुए नेता और सेवानिवृत अधिकारी बिहार के सर्वेसर्वा बन बिहार को पीछे धकेल रहे हैं.

▼ ब्रीफ खबरें

### नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा



**रामगढ़।** रजरप्पा कोयलांचल में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई. रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी विभिन्न हवन कुंडों में साधक साधना में लीन दिखे. इस दौरान पूरा मंदिर प्रक्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजयमान रहा. उधर मंदिर के दूसरे छोर में भैरवी नदी के तट पर स्थित लुगू बाबा आश्रम में भी नवरात्र के मौके पर विशेष अनुष्ठान चल रहा है. यहां आचार्य रामशरण गिरी उर्फ गिरी बाबा के नेतृत्व में प्रतिदिन हवन, पूजन सहित कई प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे हैं. आचार्य गिरी बाबा ने बताया कि माता चंद्रघंटा का स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है. इनके मस्तक में घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है.

### विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**मयूरहंड।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चतरा डालसा के अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं सचिव के नेतृत्व में शनिवार को मयूरहंड के स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय तथा झारखंड आवासीय विद्यालय में कानूनी साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पीएलवी दयानंद कुमार शर्मा एवं मोजाहिर हुसैन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन तथा पीड़ितों को विधिक सेवाओं एवं सड़क सुरक्षा, बाल विवाह एवं मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी. साथ ही साथ टॉल फ्री नंबर 1098 व 15100 के बारे में बताया. मौके पर स्नेह राज, नरेश कुमार, प्रियंका सिंह, रंजना कुमारी मौजूद थे.

### चतरा में महिलाओं ने ली राजद की सदस्यता

**चतरा।** मंत्री सत्यानंद भोक्ता के चतरा स्थित आवास पर शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी के नेतृत्व में मिलन समारोह का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में चतरा विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता ग्रहण की. इस दौरान चतरा विधानसभा की भावी प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने सभी महिलाओं को माला पहना कर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. सभी को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी.

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जांच अभियान चलाया

**हजारीबाग।** दुर्गा पूजा एवं आगामी त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी ने शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया. इस क्रम में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मटवारी स्थित मेसर्स प्रधान जी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया. उन्होंने शहरी क्षेत्र के अन्य मिठाई दुकान, होटल, रेस्टूरेंट एवं खुदरा दुकानों का भी निरीक्षण किया. इस दौरान मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाइयों का सैंपल संग्रह किया गया. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही क्षेत्र में भ्रमणशील हैं नेताजी, वोटरों की डिमांड पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे

# नेताजी पस्त, वोटर मस्त : क्षेत्र में सरपट दौड़ लगा रहीं नेताओं की गाड़ियां

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

खास बातें
- हजारीबाग जिला के चार विस में 50 से 60 उम्मीदवार
- कहीं मुर्गा और शराब, कहीं नकदी का हो रहा डिमांड



विधानसभा चुनाव की घड़ी ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही, त्यों-त्यों नेताओं की गाड़ी क्षेत्र में सरपट दौड़ लगा रही है. नेताजी वोटरों की डिमांड पूरी करते-करते पस्त होते जा रहे हैं. हालांकि, नेताजी जिंदाबाद का नारा लगते ही नेताजी फिर से तरोताजा होकर वोटरों को रिझाने में जुट जाते हैं. इनमें से कई ऐसे नेताजी ऐसे हैं, जिन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में कितने प्रखंड हैं, इसकी जानकारी तक नहीं है. विधानसभा का चुनाव लड़ने का दावा करनेवाले कई नेताजी ऐसे भी हैं, जो मुखिया के चुनाव में 200 से 250 वोट में ही सिमट कर चुनाव हार गए. लेकिन, अब वही नेताजी विधायक बनने का सपना देख रहे हैं.

दरअसल, हजारीबाग जिले में चार विधानसभा आते हैं, जिसमें सदर, बरकट्ठा, मांडू और बड़कागांव विधानसभा शामिल हैं. इन विधानसभा क्षेत्रों में नेताजी की गाड़ी खूब दौड़ लगाने लगी है. कोई पार्टी के टिकट पर, तो कोई निर्दलीय ही चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं. इन चारों विधानसभा में लगभग 50 से 60 उम्मीदवार हैं. इन क्षेत्रों में प्रत्येक दिन दो-चार नेताओं की गाड़ी पहुंचती है. वहीं ग्रामीण भी जिंदाबाद का नारा लगाकर नेताजी को खुश कर देते हैं. इससे नेताजी कुछ घंटे के लिए ही सही खुद को विधायक समझने लगते हैं और उन्हें जेब ढीली करनी पड़ती है.

### वोटरों की डिमांड पूरी करने में जुटे हैं नेताजी, सलाहकार दिखा रहे हैं दिशा

वोटरों की डिमांड पूरी करने में नेताजी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं. मांग के अनुसार, मुर्गा, मछली और शराब सबकी व्यवस्था होती है. कहीं नेताजी नकदी दे देते हैं, तो कहीं खुद खड़े होकर सामान मंगवाते हैं. हालांकि चुनाव में किसको वोट देना है, यह जनता भली-भांति जानती है और काफी हद तक तक नेताजी भी समझते हैं. यहीं कारण है कि जब नेताजी घर वापस आते हैं, तो सिर पर हाथ रख कर बैठ जाते हैं. मगर, सलाहकार उन्हें नई दिशा दिखाता है और फिर नेताजी क्षेत्र में निकल जाते हैं. दूसरी ओर मांडू, बड़कागांव और बरकट्ठा विधानसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों के जोश को देख बड़ी-बड़ी पार्टी के नेताजी के होश उड़ जा रहे हैं.

### अपनी बात तक नहीं रख पाते, पर चुनाव लड़ने को आतुर

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के रहनेवाले दिलीप कुमार और राकेश कुमार ने बताया कि अभी चुनाव का समय है. क्षेत्र में ऐसे-ऐसे नेताजी आए हैं जिन्हें न बोलना आता है और न ही कुछ समझ पाते हैं. अगर ऐसे नेताजी चुनाव जीत जाएंगे, तो वे जनता की बात कैसे समझ पाएंगे? वहीं, कई ऐसे दावेदार भी हैं, जो विधानसभा के चुनाव में वोटकटवा के अलावा कुछ साबित नहीं होंगे. जनता इन्हें बोरो कैंडिडेट के रूप में देख रही है.

### मुखिया का चुनाव हार गये अब विधायक बनने का सपना

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के रहनेवाले सोहन राम ने बताया कि एक नेताजी ऐसे हैं, जो 2019 में बरकट्ठा विधानसभा से चुनाव लड़े थे. उनकी जमानत जब्त हो गई थी. फिर वे अपने पंचायत से मुखिया का चुनाव लड़े और एक साधारण प्रतिद्वंदी ने उन्हें हरा दिया. अब वे फिर से 2024 में बरकट्ठा विधानसभा से चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक रहे हैं. ऐसे में नेताजी वोटरों को रिझाने के लिए उनकी डिमांड पूरी करने में लगे रहते हैं.

कांग्रेस के जन संवाद अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी

# राज्य में दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : राजेश ठाकुर

- हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित : मुन्ना सिंह
- सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता। हजारीबाग



गांधी मैदान में मंच पर मौजूद कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व अन्य नेता.

मटवारी स्थित गांधी मैदान के मुख्य गेट के पास शनिवार को जिला कांग्रेस द्वारा जन संवाद अभियान 2024 का आयोजन किया गया. इसमें झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश ठाकुर ने झारखंड में गठबंधन सरकार के कार्यकाल में लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी.

उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य की जनता प्रदेश में दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार चुनेगी. वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि इस बार हजारीबाग की जनता कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ी है. कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे जोश और ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी. जनता ने कांग्रेस पार्टी पर जो विश्वास जताया है, उससे निश्चित है कि इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विजय होगी. वहीं, पार्टी की ओर किसे टिकट दिया जाएगा, इसका निर्णय जल्द ही आला कमान द्वारा किया जाएगा.

### कार्यकर्ताओं ने मुन्ना सिंह को टिकट का दावेदार बताया

जन संवाद अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि हजारीबाग से सबसे मजबूत दावेदार के रूप में मुन्ना सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है. पार्टी उन्हें टिकट देती है, तो वे निश्चित रूप से इस चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे. इस जन संवाद अभियान ने हजारीबाग में कांग्रेस पार्टी की मजबूत उपस्थिति को एक बार फिर से स्थापित किया है और जनता में पार्टी को लेकर भारी उत्साह देखा गया है.

### बाघमारा विस के कांग्रेस प्रभारी बने चितरंजन दास

**रामगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सांडी चितरपुर निवासी सह कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष चितरंजन दास चौधरी को बाघमारा विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया. अपने मनोनयन पर चितरंजन दास चौधरी ने कहा कि पार्टी ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और पार्टी की मजबूती के लिए मैं हमेशा ततपर रहूंगा. उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में बाघमारा सीट कांग्रेस की झोली में डालने का प्रयास करूंगा. चितरंजन दास चौधरी के मनोनयन पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने उन्हें बधाई दी. इधर चितरंजन दास चौधरी के कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया. स्वागत करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, जिला उपाध्यक्ष जाकिर अख्तर, चंद्रशेखर पटवा, मो साजिद, योगेंद्र उपाध्याय, दुधेश्वर महतो, गुनु महतो, तबरेज आलम, तस्लीम अंसारी, बालेश्वर राम शामिल थे.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल, प्रदेश महासचिव अवधेश सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष गुंजन सिंह, महिला जिला अध्यक्ष, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जिला अध्यक्ष बेबी देवी, सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, दारू प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंझु, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति समेत पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

संवाददाता। चौपारण



हेड क्लर्क को ज्ञापन सौंपती सेविका.

प्रखंड के 172 आंगनबाड़ी केंद्रों सहित राज्यभर की सेविका-सहायिका विभिन्न मांगों को लेकर निश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं. इसका असर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पड़ सकता है. खास कर सात माह से तीन वर्ष तक के नौनिहालों और धातृ व गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषाहार से वंचित रहना पड़ेगा. साथ ही कई रिपोर्ट भी पेंडिग रह सकती है. प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटका हुआ है.

झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष लीना सिन्हा ने बताया कि अपनी जायज मांगों को लेकर हम सभी कई बार लिखित और मौखिक गुहार लगा चुके हैं. मगर, आश्वसन के अलावा आजतक कुछ भी नहीं मिला. इससे पहले राज्यभर की तमाम आंगनबाड़ी कर्मियों के संघ संयुक्त रूप से 23 सितंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान से जाकिर हुसैन पार्क तक रैली निकाल कर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया था. उस वक्त सरकार के प्रतिनिधि के रूप में गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भरोसा दिलाया था कि कैबिनेट में मांगों पर विचार किया जायेगा. मगर, कैबिनेट में कोई भी बात नहीं आई. इसके बाद पांच अक्टूबर से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया.

### बड़कागांव क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई

**हजारीबाग।** पुराना धरना स्थल के नजदीक महेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को खतियानी परिवार का बैठक हुई. इस दौरान बड़कागांव क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई गई. कहा गया कि एनटीपीसी एवं अडानी कंपनी के माइनिंग कार्य के कारण क्षेत्र में प्रदूषण से आम जनता ग्रस्त है. जंगलों की आंधाधुंध कटाई और पहाड़, नदी-नाले की धड़ल्ले से खुदाई चल रही है. बड़कागांव के गोंदलपुरा में अडानी कंपनी के खिलाफ दर्जनों गांव के लोग करीब 17 महीने से धरना पर बैठे हुए हैं. उनकी मांग है की सीसीएल एवं बीसीसीएल की तरह ही जमीन के बदले नौकरी और विस्थापितों को बसाया जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा. मौके पर डॉर सी दांगी, बाबू भाई विद्रोही, रामावतार भगत, मो हकीम, विजय मिश्रा, अनवर हुसैन, प्रदीप कुमार मेहता, शंभू ठाकुर, मो फखरुद्दीन, सुरेश महतो, अमर कुमार, मो नसीरुद्दीन बिंदु देवी, सीता देवी व अन्य लोग मौजूद थे.

डीएवी बरकाकाना में शैक्षणिक कार्यशाला

# 250 शिक्षक- शिक्षिकाओं का किया जाएगा क्षमता संवर्धन

संवाददाता। रामगढ़



कार्यशाला का शुभारंभ करते क्षेत्रीय अधिकारी डॉ सुजीत कुमार शर्मा.

डीएवी बरकाकाना में सीबीएसई द्वारा मार्गदर्शित तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला का शनिवार को आयोजन किया गया. इस कार्यशाला में डीएवी जोन-डी के विभिन्न विषयों के 250 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया. इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं का क्षमता संवर्धन किया जाएगा, ताकि डीएवी ग्रुप के विद्यालयों में पढ़नेवाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का लाभ मिले और उनका सर्वांगीण विकास हो.

पहली बार इस जोन में सभी विषयों की क्षमता संवर्धन कार्यशाला किसी एक विद्यालय में रखी गई है. सर्वप्रथम डीएवी जोन-डी के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ सुजीत कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया. विभिन्न विद्यालयों से आए सभी प्राचार्यों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वैदिक परंपरा के तहत विशेष हवन में भाग लिया. इस अवसर पर डॉ शर्मा ने कहा कि डीएवी, शिक्षकों की उच्च गुणवत्ता के लिए समय-समय पर कार्यशाला आयोजित करवाती रहती है. इसी कड़ी में जोन डी के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है.

सांसद व विधायक ने 4.63 करोड़ की विकास योजनाओं की नींव रखी

# क्षेत्र का हो रहा सतत विकास : मनीष

संवाददाता। हजारीबाग



बड़कागांव में शिलान्यास करते मनीष जायसवाल व विधायक अंबा प्रसाद.

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में डीएमएफटी मद से कई विकास कार्य हुए हैं. शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर लोगों को राहत पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है. उक्त बातें सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफटी मद से दो विकास योजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान कही.

सांसद और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने संयुक्त रूप से सांढ़ गांव में करीब 2 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से दो सड़कों का शिलान्यास किया. इनमें दुफेड़वा आम में बैद्यनाथ महतो के घर से धमेंद्र प्रसाद के घर होते हुए श्मशान घाट तक पीसीसी पथ और चैता महतो के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय होते हुए जोधी महतो के घर तक पीसीसी सड़क शामिल है. इसके अलावा गोसाईं बलिया गांव में डीएमएफटी मद से एक करोड़ 70 हजार की लागत से उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाईं बलिया के उन्नयन हेतु विविध कार्य का शिलान्यास किया.

### दुर्गा मंडप पहुंच कर सांसद ने माथा टेका

सांसद मनीष जायसवाल ने सांढ़ और गोसाईं बलिया गांव में दुर्गा मंडप पहुंच कर माथा टेका. उन्होंने माता रानी से लोकसभा क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि और क्षेत्र में शांति की कामना की. मौके पर विभावि के पूर्व वीसी मुकुल देव नारायण, संवेदक सह पूर्व मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, सांढ़ मुखिया सुलेखा कुमारी, बलिया मुखिया पूजा कुमारी एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे.

### शहीदों की याद में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय स्टेडियम में शनिवार को शहीदों की याद में नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. उद्घाटन झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने किया. मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा शहीद शक्ति सिंह, प्रदीप महतो व अनुपम कुमार सिंह के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर डे नाइट नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज किया. उद्घाटन मैच हजारीबाग जिले के लावाकुदर बनाम कोडरमा जिले के सोहराय टीम के बीच खेला गया. यह आयोजन दुर्गा क्लब मयूरहंड द्वारा किया गया. मौके पर जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, अच्छुत कुमार सिंह,धर्मेंद्र दांगी, अनिल कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, ईश्वर पासवान आदि शामिल थे.

हजारीबाग झील में बढ़ते प्रदूषण को लेकर कांग्रेस ने एसडीओ को पत्र लिखा

# कल जल सत्याग्रह करेगी कांग्रेस : नागवाला

संवाददाता। हजारीबाग



हजारीबाग झील में फैली गंदगी व जलकुंभी दिखाते सुरजीत नागवाला.

हजारीबाग झील की साफ-सफाई में अनदेखी के कारण बढ़ते प्रदूषण और जनस्वास्थ्य की चिंताओं को लेकर कांग्रेस ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के राज्य समन्वयक (ओबीसी विभाग) सुरजीत नागवाला ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिख कर झील में फैली गंदगी और प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है.

नागवाला ने कहा है कि शहर के बीचों स्थित हजारीबाग झील जिले की हृदय स्थली कही जाती है. लोग यहां अपने परिजनों को घूमाने के लिए लाते हैं. लेकिन, जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण यहां की स्थिति नारकीय हो गई है. हजारीबाग झील का पानी प्रदूषित हो गया है. इससे आसपास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है. बदबूदार हवा और दूषित जल के कारण लोग संक्रामक बीमारी का शिकार हो रहे हैं. झील के आसपास जिले के सभी बड़े विभाग के अधिकारियों का आवास है. इसके बावजूद लोग गंदगी में रहने को मजबूर हैं. अब तो झील में मौजूद मछलियां भी मरने लगी हैं.

खास बातें
- हजारीबाग झील की साफ-सफाई में अनदेखी का आरोप
- बदबूदार हवा और दूषित जल के कारण बढ़ रहा संक्रमण

**पूर्व में कराया गया था अवगत, कार्रवाई नहीं हुई :** ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यह मुद्दा पूर्व में भी जिला प्रशासन के ध्यान में लाया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. जनता के बीच बढ़ते असंतोष को देखते हुए कांग्रेस ने सात अक्टूबर को सुबह 9 बजे हजारीबाग झील परिसर में जल सत्याग्रह करने का ऐलान किया है.

सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहा है सुमित्रा सेवा संस्थान

# गोदोबार में बालवाड़ी केंद्र का उद्घाटन

संवाददाता। चतरा

- बच्चों के बीच नि:शुल्क पठन-पाठन सामग्री का वितरण
- हमसभी को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए : मुखिया
- शिक्षा से वंचित हर बच्चे को शिक्षित करेंगे : रामजन्म

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खुटीकेवाल खुर्द पंचायत के ग्राम गोदोबार में शनिवार को बालवाड़ी केंद्र का शुभारंभ हुआ. मुखिया बृजकिशोर सिंह और सुमित्रा स्मारक सेवा संस्था के निदेशक रामजन्म कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर केंद्र का शुभारंभ किया. इस दौरान निदेशक और मुखिया ने केंद्र की अध्यापिका खुशबू कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया. मुखिया ने बताया कि हमसभी को बेटा-बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए.

आज बेटियों के योगदान के बिना देश विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता. वहीं, निदेशक रामजन्म कुमार ने बताया कि सुमित्रा सेवा संस्थान सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए संकल्पित है. शिक्षा से वंचित हर बच्चे को बालवाड़ी केंद्र के माध्यम से शिक्षित करना हमारा उद्देश्य है. उन्होंने दो से छह वर्षों के बच्चों को बालवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की. साथ ही केंद्र में नामांकित बच्चों के बीच नि:शुल्क किताब, कॉपी, ड्रेस, बैग आदि बांटे गये.

### दो से छह वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क दी जाएगी शिक्षा

इस केंद्र में दो से छह वर्ष के बच्चों को नि:शुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाएगी. साथ ही नि:शुल्क किताब, कॉपी, पेंसिल, स्लेट, चॉक, स्कूल ड्रेस, बैग और खाना सुमित्रा स्मारक सेवा संस्था की ओर से दिया जाएगा. मौके पर कार्यालय प्रभारी प्रियंका कुमारी, शिक्षिका प्रियंका पांडे, प्रियंका कुमारी, अर्पणा कुमारी, पंसस अनूप रंजन सिंह, वार्ड सदस्य भूषण कुमार सिंह, बहोरी सिंह, अजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सहित बच्चे और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे.

समापन समारोह | अग्रसेन जयंती महोत्सव में भारतीय संस्कृति और धर्म की गहराई से परिचित हुए युवा

# 'रामायण एक महागाथा' के मंचन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता। हजारीबाग



कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि.

अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया. इस अवसर पर समाज के सभी लोगों की सक्रियता ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया. समारोह का मुख्य आकर्षण 'रामायण एक महागाथा' नाट्य प्रस्तुति का अद्भुत मंचन रहा. इसका संयोजन तृप्ति अग्रवाल और अनामिका अग्रवाल ने किया, जिसमें 42 बच्चों और महिलाओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया.

इस नाट्य प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन और उनकी संघर्ष गाथा का सजीव चित्रण किया गया. संस्कृत श्लोकों और हिंदी संवादों के माध्यम से नाट्य के प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया. प्रतिभागियों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी गई. राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण जैसे प्रमुख पात्रों के जीवन की सजीव झांकियां दिखाई गई. साथ ही सीता हरण, लंका दहन और रावण वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को देख कर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए.

**समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया:** कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया. वहीं, विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों और कार्यक्रम के संयोजक के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया. यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी ने दी. समापन समारोह में आयोजकों ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया.

### महाराजा अग्रसेन की नीतियां आज भी प्रासंगिक

तत्पश्चात, पूजा अग्रवाल और शिल्पा खेतान ने समाज के अध्यक्ष पारस राम अग्रवाल, मंत्री विनोद झुनझुनावाला, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल (चीकू), अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, जयंती संयोजक विनीत चौधरी को मंचासीन किया. इसके बाद सभी ने एक-एक कर के समाज के सभी लोगों के बीच अपनी बातें रखीं. वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की नीतियां, विशेषकर अहिंसा और समानता पर आधारित समाज की स्थापना, आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं.

**रक्तदान शिविर में 30 से ज्यादा ने किया रक्तदान :** समाज के मंत्री विनोद झुनझुनवाला ने बताया कि इस वर्ष का महोत्सव सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, रविवार 06 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 178

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### बरमुड़ी कोलियरी में चाल धंसी, दो की मौत

**मैथन।** ईसीएल की बरमुड़ी कोलियरी में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई. आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं. घायलों का इलाज गुपचुप तरीके से कराया जा रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रोजाना की तरह दर्जनों लोग अहले सुबह कोयला के अवैध खनन के लिए खदान में घुसे थे. करीब पांच बजे जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई. मलबे में घायलों को आनन-फानन में निकाला गया, जिसमें मैथन के पोड़ाडीह गांव निवासी युवक दीपक बाउरी व डीजे बाउरी की मौत हो चुकी थी. घायलों में विनोद नामक युवक की स्थिति गंभीर है. उसका पैर टूट गया है. वहीं, प्रबंधन घटना को छिपाने का प्रयास कर रहा है.

### धारदार हथियार से महिला की हत्या की

**खूंटी।** जिले के मारंगहदा क्षेत्र में एक बुजुर्ग आदिवासी महिला की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या कर दी गई. अपराधियों ने महिला का सिर धड़ से अलग कर दिया. मृतका की पहचान सिरूम के रुगुदडीह गांव निवासी स्व जुरा मुंडा की पत्नी सिनता देवी (55) के रूप में हुई है. महिला का शव शनिवार को गांव से आधा किमी दूर लोरेसुसु के पास जंगल से बरामद किया है. ग्रामीण डायन बिसाही में हत्या की आशंका जता रहे हैं, जबकि पुलिस इस बात से इंकार कर रही है. खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने कहा कि जल्द ही वारदात में शामिल अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

### सीआईएसएफ कैंप में जवान ने लगाई फांसी

**चिरकुंडा।** थाना क्षेत्र के लायकडीह स्थित सीआईएसफ कैंप में शनिवार को 24 वर्षीय जवान आकाश कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उनका शव पंखे से लटकता पाया गया. आकाश पंजाब के पठानकोट के रहनेवाले थे. वह एक माह पहले ही ट्रांसफर होकर लायकडीह आए थे. कैंप में रहने वाले साथी जवानों ने वारदात की सूचना चिरकुंडा थाना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद भेज दिया. आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

आठ सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठीं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, सरकार से गुहार, चेतावनी भी दी

# कैबिनेट में पारित करें मांगें, नहीं तो विस चुनाव में वोट बहिष्कार

**संवाददाता। रांची**

आठ सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका शनिवार को राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये. धरना मे शामिल सेविका-सहायिकाओं ने कहा कि पूरे राज्य में 38 हजार आंगनबाड़ी सेविका और 35 हजार सहायिका हैं. हमलोग वर्ष 2016 से सरकार से अपना हक मांग रहे है. इसके लिए कई बार हड़ताल व प्रदर्शन भी कर चुके है. पर आजतक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला. सेविका-सहायिकाओं ने सरकार से मांग की कि आगामी आठ अक्टूबर को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में उनकी सभी मांगों को पूरा करें.



राजभवन के समक्ष धरना देतीं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका.

### आश्वासन नहीं चाहिए, मांगों को पूरी करे राज्य सरकार : सुमन



संघ की रांची जिला अध्यक्ष सुमन कुमारी ने कहा कि इस बार उन्हें आश्वासन नहीं चाहिए, उनकी मांगे कैबिनेट में पारित हों. कैबिनेट की बैठक में आगनबाड़ी सेविका-सहायिका की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो आगामी चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि विगत 23 सितंबर को मोरहाबादी में आयोजित रैली में सरकार की ओर मांगें पूरी करने का भरोसा दिया गया था. गिरीडीह विधायक सुदीव्य कुमार ने 27 सितंबर की कैबिनेट में उनकी मांगों को पारित करने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद रैली को खत्म किया गया था.

### सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त 10 लाख रुपये मिले : सुधा



कांके प्रखंड की सुधा लिंडा ने कहा कि 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त 10 लाख रुपये दिये जाएं, ताकि हम अपना घर-परिवार का भरण पोषण कर सकें. इसके साथ ही काम का पैसा समय मिलना चाहिए. प्रोत्साहन राशि और जलावन के लिए राशि भी निश्चित समय पर नही मिलती है. वहीं, रांची जिला कोषाध्यक्ष सीता तिग्गा ने कहा कि राज्य सरकार ने 2019 में मांगें पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन सरकार धोखा दे रही है. समान काम का समान वेतन मिले. आगनबाड़ी सेविका को हर महीने 25 हजार और सहायिका को 15 हजार रुपये मिलना चाहिए.

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की मांगें

- नियमावली पूरी की जाए.
- **आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पोषाहार की राशि बाजार दर पर उपलब्ध कराई जाए.**
- मानदेय का भुगतान समय पर किया जाए.
- **महिला पर्यवेक्षिका के पद पर शत-प्रतिशत वरीयता के आधार पर प्रोन्नति दी जाए.**
- सर्वोच्च न्यायालय के आदेशनुसार समाज कल्याण के सभी संविदा कर्मियों के बीच व्याप्त मानदेय विसंगती को दूर कर आगनबाड़ी कर्मियो को भी महंगाई एवं यात्रा भत्ता का भुगतान किया जाए.
- **ब्रांडेड कंपनी का एंड्राइड मोबाइल या टैब रिचार्ज सहित आपूर्ति की जाए.**
- पेंशन लागू की जाए.

भाजपा ने जारी किए पांच प्रण, जल्द 150 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी होगा

# पांच लाख नौकरी व महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये देने का वादा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड भाजपा ने शनिवार की शाम पांच बजे पांच प्रण जारी किया. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसी भी दिन विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है. झारखंड को बचाने लिए यह चुनाव है. उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं. इसमें 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण के लिए संसद में रिजर्वेशन बिल पारित किया गया. पीएम सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत की गई. मुफ्त गैस उपलब्ध कराई गई. मां-बहनों के लिए स्वास्थ्य भारत अभियान चलाया जा रहा है. प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना और लखपति दीदी योजना चल रही है. तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया गया. जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाते खोले गये. सरकारी महिला कर्मचारियों के लिए 36 सप्ताह के मातृत्व अवकाश को मंजूरी दी गई.

**सरकार बनने पर नौकरी सिर्फ झारखंडवासियों को : हिमंता :** असम के सीएम सह भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सिर्फ झारखंड वासियों को ही नौकरी दी जाएगी. गोगो दीदी योजना मध्यप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में चल रही है. यह योजना गुड गवर्नेंस के लिए है. किसी से छिपा कर फॉर्म नहीं भरवाया जा रहा है. यह भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा. हिमंता ने कहा कि अभी पांच प्रण जारी किए गए हैं. बिरसा मुंडा की जयंती पर 150 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा.




प्रदेश भाजपा कार्यालय में पांच प्रण जारी करते भाजपा के वरिष्ठ नेता.

### भाजपा के पांच प्रण

**गोगो दीदी योजना :** भाजपा की सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना के तहत हर महिलाओं को प्रत्येक महीने की 11 तारीख को 2100 रुपये दिए जाएंगे.

**सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर :** भाजपा की सरकार बनने पर सभी परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे. साथ ही साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा.

**सरकारी विभागों के 2.87 रिक्त पद भरे जाएंगे :** भाजपा की सरकार बनते ही सरकारी विभागों में 2.87 लाख रिक्त पद भरे जाएंगे. पहली कैबिनेट से ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. नवंबर 2025 तक डेढ़ लाख सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. इसके लिए वार्षिक कैलेंडर बनाया जाएगा. एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे.

**युवा साथी योजना :** इस योजना के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर पास विद्यार्थियों को दो साल तक हर महीने दो हजार रुपये दिए जाएंगे.

**सभी को पक्का मकान :** भाजपा की सरकार बनने पर 21 लाख लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्का आवास सुनिश्चित कराया जाएगा. मकान बनाने के लिए मुफ्त में बालू उपलब्ध कराया जाएगा.

### छात्रों को दी जाएगी आर्थिक सहायता, महिलाओं का सशक्तीकरण भाजपा का मिशन : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है, तो स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को दो साल तक 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें. उन्होंने कहा कि भाजपा, महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने मिशन के तहत 'गोगो-दीदी' योजना शुरू करेगी. इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये की सहायता मिलेगी. उन्होंने कहा कि पार्टी के घोषणापत्र में सभी के लिए आवास भी प्रतिबद्धताओं में शामिल है.

### विधानसभा चुनाव में भाजपा-आजसू पार्टी का गठबंधन

लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा और आजसू पार्टी ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था. इस बार भी ये गठबंधन साथ में विधानसभा चुनाव लड़नेवाला हैं. वहीं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) भी झारखंड विधानसभा में उतरने की योजना बना रही है. पांच प्रण जारी करते समय केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी मौजूद थे.



मुआवजे की मांग को लेकर गोला थाना का घेराव करते ग्रामीण.

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत पीसीआर वैन से घटना का आरोप

**संवाददाता। रामगढ़**



अजीत हेंब्रम व सागर हेंब्रम की फाइल फोटो.

- मामला दर्ज, एसपी के निर्देश पर जांच टीम गठित
- आक्रोशित ग्रामीणों ने गोला थाने का घेराव किया

गोला-रजरप्पा मार्ग के बंदा के पास शुक्रवार की रात करीब 10 बजे एक वाहन के धक्के से दो युवक की मौत हो गयी. मृतकों की पहचान भुभई गांव निवासी बिरगू माझी के पुत्र अजीत हेंब्रम उर्फ छोटे (30) एवं होपन माझी के पुत्र सागर हेंब्रम (20) के रूप में हुई है. दोनों आपस में चचेरा भाई बताया जाते हैं. घटना के बाद गांव में मातम पसरा है. बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से कोयला लेकर रजरप्पा की ओर से घर लौट रहे थे. इसी दौरान एक वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया.

हादसे में अजीत हेंब्रम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि सागर हेंब्रम ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया. वे दोनों गांव की तरफ से ही अवैध कोयला लेकर निकले थे. मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस के पीसीआर वैन ने दोनों युवकों को टक्कर मारा है. इस मामले में रामगढ़ एसपी ने जांच टीम का गठन कर दिया है. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी. इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि जांच के बाद बताया जा सकता है कि वाहन पीसीआर वैन थी या अन्य वाहन था.

**ग्रामीणों ने की सड़क जाम, रात में लाठीचार्ज कर जाम हटवाया :** दुर्घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी सरकारी पहल न होता देख ग्रामीण सड़क पर उतर गए और और गोला थाना के समीप एनएच 23 रामगढ़-बोकारो मार्ग को जाम कर दिया. ग्रामीणों ने गोला थाना का भी घेराव किया. ग्रामीणों का आरोप था कि घंटों बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई मुआवजा नहीं दिया गया है. ग्रामीण, पीसीआर वैन में सवार पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे. रात लगभग 9 बजे पुलिस ने लाठीचार्ज कर ग्रामीणों को खदेड़ा, तो जाम हटा और यातायात सामान्य हुआ.

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, मजदूर की नीचे दब कर मौत

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुंदो अंबा टोली मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 15 फीट नीचे खेत में जा गिरा. इस हादसे में मजदूर की दब कर मौत हो गई. मृतक की पहचान डोकापारी निवासी अर्जुन लोहरा (22) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर सेमरा से ईंट लोड कर के बड़ागाईं अनलोड करने गया था. लौटने के क्रम में हादसा हो गया. घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी. घटना की सूचना पाकर कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम भी घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी. वहीं ट्रैक्टर के नीचे दबे शव को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया. भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया.

# 32 लाभुकों को बिना पीएम आवास बनाए ही भुगतान

आवास निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

**संवाददाता। रमना**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016 से 2022 तक का कार्य पूर्ण कर प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में प्रखंड द्वारा प्रतिनियुक्त एक कर्मी, पंचायत समिति सदस्य और ग्रामीण की न्यायिक पैनल में जनसुनवाई की गई. इसमें आवास निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की मामला सामने आया. न्यायिक पैनल ने सक्षम मामले में संलिप्त कर्मियों पर अर्थदंड लगाया और गंभीर मामले को कार्रवाई हेतु अग्रसारित कर दिया.

कर्णपुरा पंचायत सचिवालय में जनसुनवाई के दौरान सोशल ऑडिट टीम के टीम लीडर बब्लु चौधरी, अभिमन्यु गिरी, विकेश कुमार, राजकेश्वर सिंह, फूलकुमारी, प्रमिला देवी और 150 ग्रामीण शामिल हुए. न्यायिक पैनल में सुरेश राम अध्यक्ष, वर्तमान पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार, मुंशी राम, संध्या देवी मनोनीत दंडाधिकारी के समक्ष सोशल ऑडिट टीम ने 522 आवंटित आवास का सामाजिक सर्वे का लेखा-जोखा जनसुनवाई में रखा. इसमें पाया गया कि आवास योजना के लाभुकों की सूची का दीवार लेखन और रिकॉर्ड ही नहीं है. आवास पूर्ण करनेवालों को आवास प्रमाण पत्र भी नहीं मिला है. आवास निर्माण कार्य बंद कर दिया गया. मनरेगा मजदूरों को भुगतान ही नहीं किया गया.



कर्णपुरा पंचायत सचिवालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित लोग.

### आवास लाभ के बदले लाभुकों से लिया नजराना

सोशल ऑडिट में पाया गया कि 80-90 प्रतिशत पीएम आवास लाभुकों के पीएम आवास का लोगो ही घर पर नहीं लगा है. आवास चयन में ग्राम सभा होने का कोई प्रमाण नहीं है और लाभुकों को शौचालय योजना का लाभ भी नहीं मिला. इस पंचायत में चयनित सूची में प्राथमिकता के अनुसार लाभुकों को आवास नहीं मिला. भ्रष्टाचार की हद तब हो गयी, जब 32 लाभुकों को बिना पीएम आवास बनाए ही कुल भुगतान कर दिया गया. इतना ही नहीं आवास लाभ के बदले अब्दुल हफीज अंसारी से 25 हजार, विमला देवी से 10 हजार, रीता देवी से 14 हजार, प्रतिमा देवी से 10 हजार, मंजू देवी से 10 हजार और जिओ टैगिंग करने के हर बार 500 रुपये गरीब-लाचार आवास लाभुकों से लिये गये.

# राजकीय महोत्सव बनेगा बाबा खोंहर नाथ महोत्सव

**संवाददाता। गढ़वा**

- बाबा खोंहर नाथ महोत्सव 8 को, भगवान परशुराम की प्रतिमा का होगा अनावरण

गढ़वा प्रखंड के गिजना गांव स्थित प्राचीन बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आगामी आठ अक्टूबर को खोंहर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी सहित कई प्रसिद्ध कलाकारों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी.

इस दौरान गढ़वा विधायक सह विभागीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे. जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में पूजा-अर्चना, भगवान परशुराम की प्रतिमा के अनावरण के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा के बाद प्रसिद्ध कलाकारों की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देगी. सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मानभूम कला केंद्र, सिल्ली के कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य, सुबोध प्रमाणिक एवं टीम, रांची द्वारा पाईका नृत्य, सुखराम पाहन एवं टीम, खूंटी द्वारा मुंडारी लोकगीत, नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी. ठाकुर ने बताया कि बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की सूची में शामिल है. खोंहर महोत्सव राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है. शीघ्र ही इसे मान्यता प्रदान कर दी जाएगी.

**भिड़े कांग्रेसी** जनसंवाद कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा में जिंदाबाद के नारे लगे, तो मंच से अनुशासन की होती रही अपील

# कांग्रेस की विधानसभा चुनाव की तैयारी के आगाज पर हंगामा

**संवाददता। केंदुआ/धनबाद**

- घटना की जांच कर अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी : ब्रजेंद्र
- 90% समर्थकों को लेकर सभा स्थल से चले गए मयूर शेखर झा

कांग्रेस की झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी के आगाज पर हंगामा हो गया. पार्टी ने राज्य में छह टीमों के साथ धनबाद जिले के करकेंद नेहरू उद्यान में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया था. इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के वरीय नेता सुबोधकांत सहाय, प्रमोद झा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष बजेंद्र सिंह, जलेश्वर महतो जिला अध्यक्ष संतोष सिंह व अनुपमा सिंह की उपस्थिति में मंच पर ही कार्यकर्ता टिकट के होड़ में आपस में ही भिड़ गए.

नीचे दर्शक दीर्घा में जिंदाबाद के नारे, तो मंच से अनुशासन बनाये रखने की अपील होती रही. एक तरफ सुबोधकांत भाषण देते रहे, तो दूसरी तरफ टिकट की दावेदारी कर रहे मयूर शेखर झा 90 प्रतिशत समर्थकों को लेकर सभा स्थल से चले गए. हालत यह हो गया कि सभा स्थल में कुर्सियां खाली हो गईं. सभा मे दर्शक से ज्यादा मंच पर नेता थे. मयूर समर्थकों ने सुबोधकांत के भाषण देते वक्त माइक सिस्टम को भी ऑफ करा दिया. इसके बाद भी सुबोध कांत बिना माइक के काफी देर तक बोलने पर विवश हुए. सभा प्रमोद झा के भाषण के साथ जल्दबाजी में समाप्त हो गयी.



करकेंद नेहरू उद्यान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में खाली कुर्सियां.

### अभिजीत राज व मयूर शेखर झा में टकराहट

हंगामे की जड़ में धनबाद विस सीट के दो प्रबल दावेदार प्रदेश युवा के अध्यक्ष अभिजीत राज व मयूर शेखर झा थे. मयूर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के खेमे के थे, तो उन्हें कर्यक्रम का जिम्मा सौंप दिया गया. माइक, टेंट, कुर्सी की व्यवस्था मयूर ने की. भीड़ में उन्हीं के समर्थक ज्यादा दिखे. सुबोधकांत के मंच पर आते ही सभा का संचालन कर रहे पप्पू पासवान ने स्वागत भाषण के लिए मयूर का नाम घोषित किया. इससे अभिजीत भड़क गए.

### अति उत्साह में बदतमीजी हुई है : सुबोधकांत सहाय

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए सुबोधकांत सहाय ने कहा कि अति उत्साह में बदतमीजी हुई है, जो गैर जिम्मेदाराना हरकत है. धनबाद में टिकट बांटने नहीं, बल्कि सभी को एकजुट करने आये थे. वहीं, अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष बजेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घटना की जांच कर अनुशास्नात्मक कारवाई की जाएगी. हंगामे पर जिला कांग्रेस के लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम की जिम्मेवारी जिलाध्यक्ष ने मयूर को देकर गलत किया. इसे केंदुआ, करकेद नगर व धनबाद प्रखंड को देना था.

### उम्मीदवारी के लिए आपस में विरोध की हद हो गयी

सुबोधकांत सहाय ने सभा को सबोधित करते हुए कहा कि टिकट के लिए कार्यकर्ताओं के बीच आपस में ऐसी हरकत के कारण कुर्सियां खाली पड़ गयीं. इनकी राजनीति समझ से परे है, जबकि चुनाव के 50 दिन भी नहीं बचे हैं. कार्यकर्ताओं की ताकत से ही झारखंड में सरकार को बचाना है. ऐसे में कैसे राज्य में बैठिएगा व उसे गढ़ियेगा. उम्मीदवारी के लिए आपस में विरोध की हद हो गयी. चुनाव में तो कभी-कभी उमीदवार खुद के ड्राइवर को भी प्रणाम कर देते हैं. टिकट के लिए रिश्ता खराब मत कीजिये. विवाद इस हद तक ठीक नहीं है.



## 51वें श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का तीसरा दिन

# आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया....

**आशीष टैगोर। लातेहार**

अंबाकोठी परिसर में आयोजित 51वें श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के तीसरे दिन मानस कथानुसार भगवान श्रीराम व अन्य सभी भाइयों का विवाह उत्सव मनाया गया. इस मौके पर गिरिडीह से आये मानस वाचस्पति अनिल जी भारद्वाज ने आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया और सिया डाले राम के गले में जयमाला समेत श्रीराम विवाह उत्सव के कई गीत गाये. श्रद्धालुओं ने इस पर ठुमके लगाये और एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी.

महिलाओं ने माता सीता को सिंदूर दान किया. मौके पर यजमान के रूप में पवन कुमार महलका सप्तनीक थे. यज्ञाचार्य अनिल मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया. भारद्वाज ने श्रीराम विवाह उत्सव के कई प्रसंगो को विस्तार से बता कर लोगों को भाव विह्वोर कर दिया. इससे पहले सीता स्वयंवर का पाठ किया गया. मौके पर श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह एवं विनोद कुमार महलका ने बताया कि पिछले 50 सालों से यह आयोजन निर्विघ्न होता आ रहा है.

सुबह पांच बजे सात बजे तक पूजा अर्चना, आठ बजे से दोपहर दो बजे तक तक ब्राह्मणों व महिला श्रद्धालुओं के द्वारा रामचरित मानस का पाठ किया जाता है. संध्या छह बजे से आरती होती है और रात्रि में विद्वानों का प्रवचन किया जाता है. मौके पर अशोक कुमार महलका, डा विशाल शर्मा, मदन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, संतोष अग्रवाल, प्रकाश मोहन अग्रवाल, राजू रंजन प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, राजू सिंह, सुनील शौंडिक, अनिल प्रसाद आदि मौजूद थे.

### नगर वासियों का मिलता है अपूर्व सहयोग : मंत्री

आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह स्थानीय विधायक व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि इस आयोजन में नगर वासियों का अपूर्व सहयोग मिलता है. उन्होने कहा कि लोग तन, मन व धन से इस आयोजन में सहयोग करते हैं, तभी यह आयोजन सफल हो पाता है. उन्होने कहा कि प्रतिदिन पाठ कर रही महिला व ब्राह्मणों को दानदाताओं के द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की जाती है. मंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्र के 10 दिनों तक इस आयोजन से पूरे शहर का वातारण भक्तिमय एवं राममय हो जाता है. यदि यह आयोजन नहीं हो तो शहर में नवरात्र एवं दशहरा का आनंद ही फीका पड़ जायेगा. महायज्ञ समिति के पदधारी पूरे मनोयोग से आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रहते हैं.

## न्यूज अपडेट

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पलामू से चुने गए 6 खिलाड़ी



**मेदिनीनगर :** 35वां ईस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप सात से नौ अक्टूबर तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा. प्रतियोगिता के लिए पलामू जिला से 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है. चयनित खिलाड़ियों में आकांक्षा को अंडर 20 एथलेटिक्स के 200 मी दौड़, 400 मीटर दौड़ व 4 गुना 100 मीटर रिले, आर्यन कुमार को बाधा दौड़ व ट्रिपल जंप, अंडर 18 आर्य सिंह को शॉट पुट थ्रो व जैवलिन थ्रो, इरफान अंसारी को डिस्कस थ्रो, हेमंत कुमार को जैवलिन थ्रो और संध्या कुमारी को हाई जंप व लॉन्ग जंप के लिए चुने गए हैं. राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर इन्हें चुना गया है. सभी खिलाड़ी भुवनेश्वर रवाना हो गए.

### हाथियों ने मचाया उत्पात, दो मवेशियों को मारा

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड के मासियातू पंचायत के लखिपुर ग्राम में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है. हाथियों ने दो मवेशियों को पटक कर मार डाला और एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. जानकारी के अनुसार करीब 10 की संख्या में आये हाथियों की झुंड ने मुन्ना गंझु के घर को क्षतिग्रस्त कर काफी नुकसान पहुंचाया. हालांकि इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई. हाथियों के झुंड ने दो बैल को भी पटक कर मार डाला. खेतों में लगे धान व मकई की फसल को बर्बाद कर दिया. मुन्ना गंझु ने वन विभाग तथा जिला प्रशासन से मुआवजा व अन्य सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है. ग्रामीणों ने जंगली हाथियों को क्षेत्र से खदेड़ने एवं उस पर नियंत्रण करने की मांग की है.

### नपं ने की ट्रेड लाइसेंस की जांच, जुर्माना वसूला

**लातेहार ।** नगर पंचायत द्वारा शहर के मेन व बाइपास रोड में अविस्थत कई दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच के लिए अभियान चलाया गया. जिन दुकानों मे ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया उनसे जुर्माना वसूला गया और ट्रेड लाइसेंस बनवा लेने की अपील की गयी. नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा ने बताया कि इस जांच अभियान में कुल नौ हजार रुपये राजस्व की वसूली की गई. उन्होंने बताया कि शहर के सनम ट्रेलर, यूथ में, एस पार्लर प कांति पेट्रोल पंप समेत कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान का ट्रेड लाइसेंस जांच की गयी. अभियान में जन सुविधा केंद्र नगर पंचायत लातेहार के टीम लीडर आदित्य कुमार व टीसी बिरसा उरांव, आलोक राय एवं सचिन कुमार पांडेय शामिल थे.

### संत मरियम स्कूल का छात्र रौशन हुआ सम्मानित



**मेदिनीनगर ।** स्थानीय संत मरियम स्कूल (कजरी) वर्ग 9 वीं के छात्र रौशन को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शनिवार को आयोजित प्रार्थना सभा में सम्मानित किया. बता दें कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में चार फरवरी से सात फरवरी तक आयोजित स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में रौशन कुमार ने झारखंड राज्य के लिए पदक जीता था. उसे जैप-वन के डोरंडा रांची स्थित शौर्य भवन में आयोजित खेल सम्मान समारोह में झारखंड के खेल मंत्री मिथलेश ठाकुर ने 75 हजार का चेक देकर सम्मानित किया था. चेयरमैन अविनाश देव ने रौशन कुमार के पिता विनय कुमार मांझी को भी सम्मानित किया.

### सभी धर्मों का सम्मान है हमारी विशिष्टता : दिलीप

**मेदिनीनगर ।** दुर्गा पूजा के अवसर पर सदर प्रखंड के शिवबेल घोरही में आयोजित दुर्गापूजा महोत्सव में युवा नेता व डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी पहुंचे. कथा प्रवचन मौके पर श्री नामधारी ने कहा कि हमारा देश धर्म प्रधान है और सभी धर्मों का सम्मान हमारी विशिष्टता है. उन्होंने कहा कि लाख कोई जाति, धर्म, ऊंच-नीच का भेदभाव कर समाज को बांटने का काम करे परन्तु जब भी देश पर खतरा मंडराता है तो हम सभी एक हो जाते हैं. सभी उमंग उत्साह के साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं. उन्होंने कहा कि जहां यज्ञ कथा का आयोजन होता है, वहां ईश्वर निवास करते हैं. हमें कोई भी आसुरी शक्ति जाति धर्म के नाम पर बांटनेवालों से सावधान रहना है. उन्होंने कहा कि पोलपोल के लोगो से पुराना संबंध रहा है और यहां के लोग हमारे दिल में बसते हैं. एक समय मेरे पिताजी इन्दर सिंह नामधारी चुनाव हार गए थे तो यहां के लोगों ने होली नही मनाई थी जब पिता श्री पोलपोल आये तब लोगों ने होली खेली. उन्होंने कहा कि निर्दलीय चुनाव में भी यहां के लोगो ने पार्टी से ऊपर उठकर मुझे पंचायत में बढ़त दिलाई थी.

## ब्रीफ खबरें

### सतबरवा में राम-सीता के विवाह में उमड़ी भीड़

**सतबरवा।** महावीर चौक सतबरवा में श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण यज्ञ के 33वां अधिवेशन में शनिवार को श्री राम सीता विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए. विवाह में महिलाओं ने मांगलिक गीत गाये. राम सीता विवाह में कन्या पक्ष से मुख्य यजमान संतोष प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी प्रीति गुप्ता तथा वर पक्ष से छठन प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी संध्या देवी ने विवाह कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई. कन्यादान के समय पानी ग्रहण व लावा छिटाई कार्यक्रम में भाई की भूमिका में संतोष प्रसाद दीवाना ने अपना फर्ज निभाया. विवाह में सतबरवा प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ो महिलाओं ने राम सीता विवाह का मंगल गीत गाकर भावविभोर कर दिया. नंदकिशोर प्रसाद को पूर्व कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद दीवाना ने शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया.

### प्रतियोगिता में भाग लेंगे जेएनवी के छात्र

**लातेहार।** जवाहर नवोदय विद्यालय, लातेहार के छात्र आगामी सात से नौ अक्टूबर तक गणपत राय इंडोर स्टेडियम, होटवार खेलगांव, रांची में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे. प्रतिभागियों में अंडर-14 में आदर्श, बसंत, उज्जवल, सतीश व मोहित विभिन्न वजन समूह में भाग लेंगे. जबकि अंडर-17 में अमरेश, आनंद, सूर्यकांत व सौर्य और अंडर-19 मे अभिषेक विभिन्न वजनभार समूह मे भाग लेंगे. इस आशय की जानकारी जिला कुश्ती संघ के सचिव मुन्ना कुमार सिंह ने दी.

## कांग्रेस मैनिफेस्टो कमेटी का परामर्श कार्यक्रम आयोजित, मिले कई प्रस्ताव

# आम जनता के घोषणा पत्र के लिए मिले अहम सुझाव

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

कांग्रेस के मैनिफेस्टो कमिटी ने शनिवार को स्थानीय परिसदन में परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में डाल्टनगंज चैंबर आफ कॉमर्स से इंद्रजीत सिंह डिंपल, दलित संगठन से विनोद कुमार, आदिवासी संगठन से रमेश चेरो, मुस्लिम संगठन से मुस्तफा कमाल, इंटक से मुकेश सिंह, बार एसोसिएशन से विनोद कुमार तिवारी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से भरत जायसवाल आदि ने सुझाव दिए. बैठक में पलामू में भूमि सर्वे सुधार, खासमहल भूमि का लीज नवीकरण, पलामू विकास प्राधिकरण का गठन, पलामू में कृषि विश्वविद्यालय खोलने, नया इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप करने से संबंधित प्रस्ताव आए. कमेटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मैनिफेस्टो कमेटी का गठन किया गया और इस कमेटी में शामिल 25 सदस्य प्रमंडल व जिला में जाकर लगातार बैठक कर व चौपाल लगाकर आमजनों की राय को संकलित कर रहे है.

उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र आम जनता का होगा. पलामू में विभिन्न संगठनों से मिली राय को अध्ययन के बाद घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा. कमेटी के सदस्य डॉ. एम तौसीफ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच है कि आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और उनसे परामर्श लें. घोषणा पत्र में वही चीजें शामिल की जायेंगी जिसे सरकार बनने के बाद पूरा की जा सके. उन्होंने कहा की हमारी सोच है कि जनता खुशहाल हो और झारखंड विकसित राज्य बने. पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैस रंजन उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता से परामर्श लेकर जन घोषणा पत्र तैयार कर रही है जो अच्छी पहल है. मौके पर जितेंद्र कमलापुरी, युथ कांग्रेस के अध्यक्ष मुन्ना खान, अजय साहू आदि उपस्थित थे.



परामर्श कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस नेता बंधु तिर्की व अन्य.

**खास बातें**

- स्थानीय परिसदन में कार्यक्रम का आयोजन
- जिला व प्रखंड से कांग्रेस नेता इसमें शामिल हुए

### गणेश ने की छतरपुर सीट से भाजपा टिकट की दावेदारी

**मेदिनीनगर।** रांची के सरोजनी गार्डेन, दीपा टोली निवासी गणेश कुमार, पिता भिखारी राम ने छतरपुर-पाटन विधानसभा सीट से भाजपा का टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारी की है. उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखे पत्र में कहा है कि मैं अनुसूचित जाति (पासवान) से आता हूं और मैंने पलामू जिला अन्तर्गत छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र में आठ वर्ष तक सहायक अभियंता के पद पर कार्य किया है. वर्ष 2022 में सेवानिवृति के बाद से भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य हूं और छतरपूर पाटन विधानसभा क्षेत्र के लोगों की इच्छा के अनुसार चाहता हूं कि वहां से चुनाव लड़ूं. मुझे पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की अनुमति देने की कृपा की जाये.

### सड़क दुर्घटना में आवास ऑपरेटर घायल

**नौडीहा।** नौडीहा बाजार के प्रखंड आवास ऑपरेटर नीतीश कुमार खत्री अपने पैतृक गांव से छतरपुर से नौडीहा आने के क्रम में सड़क दुर्घटना हो गयी. इसमें दो घायल स्थानीय लोगों की मदद से दोनों व्यक्तियों का छतरपुर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है.

### नए सीओ प्रशांत ने किया पदभार ग्रहण

**केतार।** शनिवार को केतार प्रखंड मुख्यालय में नए सीओ के रूप में प्रशांत कुमार ने वर्तमान बीडीओ सावित्री कुमारी से पदभार ग्रहण किया. इस दौरान नये सीओ ने कहा कि अब अंचल से संबंधित जो भी कार्य पेंडिंग होगा, उसे तत्काल निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा.

### भाजपा नेता की माता का निधन, शोक

**पाटन( पलामू)।** पाटन प्रखंड के धन गाई गांव निवासी व भाजपा पाटन मंडल मंत्री पशुपति शर्मा के माता जी का शुक्रवार की रात को देहांत हो गया. भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह उनके आवास पर जाकर दाह संस्कार में शामिल हुए और कहा कि भाजपा परिवार आपके साथ है. उनके साथ में पाटन मंडल के मंत्री अर्जुन तिवारी, बुथ अध्यक्ष भोला भुईयां, धनंज्य पाण्डे, अरविंद सिंह, सुनील पाण्डे, मौजूद थे.

### सेविकाओं ने किया प्रदर्शन

**पाटन (पलामू )।** पाटन प्रखंड के प्रखंड कार्यालय के समक्ष पाटन प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका ने झारखंड सरकार के हेमंत सोरेन से अपनी मांगें रखी थीं, जिसे पूरा नहीं होने पर शनिवार से सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चली गयीं. पाटन प्रखंड में कुल 308 आंगनबाड़ी केंद्र हैं.

## हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करायें : डीसी



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को मेदिनीनगर समाहरणालय के सभागार में आयकर, उत्पाद, परिवहन, जीएसटी, बैंक, नारकोटिक्स आदि समेत विभिन्न परिवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की कार्ययोजना तैयार की गयी. उन्होंने सभी संबंधितों को चुनाव के दौरान धन का अवैध इस्तेमाल रोकने से संबंधित निर्देशित किया. इसके लिए अलर्ट मोड में रहने पर बल दिया. जिले में अवैध शराब का कारोबार शून्य करने को लेकर उत्पाद अधीक्षक व परिवहन पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही गयी. उन्होंने सभी को हर हाल में प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने में अपना योगदान देने की बात कही. उन्होंने सभी संबंधितों को युद्ध स्तर पर निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में काम करने पर बल दिया. मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएफओ,उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, समेत विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के पदाधिकारी मौजूद रहे.

### निवर्तमान पदाधिकारी को विदाई, नए का किया गया स्वागत



**लातेहार ।** निवर्तमान अपर लोक अभियोजक अशोक कुमार दास की भावभीनी विदाई एक सादे समारोह में गत शुक्रवार को जिला अभियोजन कार्यालय में दी गई. वहीं शनिवार को नव पदस्थापित जिला अभियोजन पदाधिकारी ओम कुमार का स्वागत किया गया. जिला अभियोजन कार्यालय कर्मियों, टास्क फोर्स के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं द्वारा दोनों अधिकारियों का स्वागत किया गया. वरीय अधिवक्ता संजय कुमार ने कहा कि श्री दास का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है. कार्यक्रम में मिथिलेश कुमार, उपेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे.

## नैक पीयर टीम करेगी एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज का निरीक्षण

**संवाददाता। गढ़वा**

एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज चियांकी, मेदिनीनगर में राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्यायन परिषद बैंगलोर की नैक पीयर टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा. यह पीयर टीम दो दिवसीय 4 व 5 नवंबर को महाविद्यालय का निरीक्षण करने के लिए आ रही है. एलिट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ आरपी सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय में आधारभूत संसाधन उपलब्ध है, जो छात्रों के गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं. पीयर टीम से अच्छे ग्रेड प्राप्त होंगे इसकी अपेक्षा है. महाविद्यालय के प्राचार्य सह को-ऑर्डिनेटर नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय डॉ. जगदम्बा सिंह ने बताया की निरीक्षण टीम सात क्राइटेरिया के परिणाम के आधार पर महाविद्यालय को ग्रेडिंग प्राप्त होगी.

अच्छे ग्रेड से कॉलेज राष्ट्र स्तर पर अच्छे संस्थान में नामित होगा. विभिन्न विकास कार्यों के लिए केन्द्र से एवं राज्य सरकार से कॉलेज को अनुदान भी प्राप्त होगा. कॉलेज स्टाफ व आईक्यूएसी सेल ने बहुत मेहनत से तैयारियां की है. महाविद्यालय में बॉटनीकल गार्डन, खेल मैदान, पुस्तकालय, हॉस्टल, कैंटीन, स्टॉफ आवास तथा विभिन्न प्रयोगशालाओं को आधुनिकतम उपकरणों और पुस्तकों से सुसज्जित किया गया है. महाविद्यालय में आईक्यूएसी सेल विभिन्न कमेटियों के माध्यम से गुणवत्ता की निगरानी किया जाता है. महाविद्यालय को अच्छी ग्रेड मिलने की पूरी संभावना है. नैक निरीक्षण बहुत अच्छा रहेगा और स्टाफ और विद्यार्थियों में नैक निरीक्षण की तैयारियों के प्रति बहुत उत्साह है.

### झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ ने दिया धरना

**लातेहार ।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद संघ एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संघ के तत्वावधान में तीन सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को एक दिवसीय धरना दिया गया. संघ ने सम्मानजनक वेतन के अलावा 50 फ़ीसदी वेतन बढ़ोतरी, पेंशन, एपीएफ एवं मेडिकल भत्ता देने और 10 साल से अधिक सेवा देने वाले कर्मियों का सीधा समायोजन करने के की मांग की. लातेहार जिला शिक्षा परियोजना संघ के जिला सचिव सुबोध कुमार चंदेल ने कहा कि उनकी नियुक्ति संविदा के आधार पर हुई थी. उन्हें सरकार के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जैसे-जैसे सेवा वृद्धि होगी उनका नियमितिकरण और सरकारीकरण किया जाएगा. आज 10 साल से भी अधिक सेवा देने के बाद भी उन्हें ना तो समान काम के बदले समान वेतन दिया जा रहा है और ना ही सरकारी सुविधाएं दी जा रही है.

## पीएलवी सभी जरूरतमंदों को दिलाएं मदद : अर्पित श्रीवास्तव



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने पीएलभी के साथ मासिक बैठक सह ट्रेनिंग का आयोजन किया. उन्होंने सभी पीएलभी को मन लगाकर कार्य करने को कहा, ताकि गरीब असहाय वर्ग को लाभ दिलाया जा सके. उन्होंने कहा कि थाना व बाल कल्याण समिति आदि जगहों पर सेवा के लिए आप सभी को लगाया गया है. आप सरकार की योजना महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह रोकथाम, वाहन दुर्घटना, डायन बिसाही प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम, बच्चों से संबंधित कानून, विक्टिम कंपनशेसन, मुफ्त विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता आदि के बारे में जानकारी दे व गरीब असहाय लोगों को मदद करें. उनका आवेदन लिखे उसके कार्य संबंधित पदाधिकारी से मिलकर उनका कार्य करने में मदद करें. मानव तस्करी, नशा उन्मूलन के बारे में भी लोगों को जागरूक करें.

**नवरात्र प्रवचन**

## हनुमानगढ़ी में दुर्गा पूजा सह नवरात्र प्रवचन का दूसरा दिन

# दूसरों का भला करेंगे तभी आपको लाभ होगा: डॉ. मदन

**संवाददाता। मेदिनीनगर**



सदर प्रखंड के बड़कागांव स्थित हनुमानगढ़ी में दुर्गा पूजा सह नवरात्र प्रवचन के दूसरे दिन वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ मदन मोहन मिश्र ने देव ऋषि नारदजी से जुड़े प्रसंगों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा कि लोग पूछते हैं कि राम कथा से क्या लाभ है? मैं पूछता हूं कि कथा में परोपकार का संदेश है, क्या आपने किसी का भला किया? सच तो यह है कि अगर आप दूसरों का भला करेंगे तो ही आपको भी लाभ होगा. डॉ मिश्र ने कहा कि लोग कथा में तो बैठते हैं, किंतु कथा उनके भीतर नहीं बैठ पाती. हम प्रायः विपरीत आचरण करते हुए जगत पर विश्वास करते हैं और ईश्वर पर संदेह करते हैं, जबकि ईश्वर पर सिर्फ विश्वास किया जाता है. वस्तुतःयह मन का भटकाव है.

वाराणसी से ही पधारीं मानस कोकिला सुधा पांडेय ने शिव-पार्वती विवाह का मनोहारी शब्द-चित्र उपस्थापित किया. कोकिला सी उनकी वाणी की मिठास ने श्रोताओं को बांधे रखा.

उन्होंने दुनिया में लूट अनेक हैं,पर राम नाम-सा लूट नहीं... भजन पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया. मौके पर समिति के संरक्षक दिलीप कुमार तिवारी, अध्यक्ष उमेश नारायण त्रिपाठी, सचिव अंकेश चंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, उपकोषाध्यक्ष राहुल शंकर तिवारी, महामंत्री छठु राम, उपाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, भुपेश त्रिपाठी, रिंकु तिवारी, सतीश तिवारी, मनीष कुमार तिवारी, बमशंकर तिवारी, कमल तिवारी, ज्ञानचंद त्रिपाठी, हृदय तिवारी, विन्स तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, निलेश तिवारी, आकाश तिवारी, रौशन तिवारी, अनुराग तिवारी, शिवम त्रिपाठी, सोनू शुक्ला व नवनीत शुक्ला आदि मौजूद थे.

**खास बातें**

- वाराणसी से पधारे डॉ. मदन मोहन मिश्र ने दिया प्रवचन
- देव ऋषि नारदजी से जुड़े प्रसंगों को प्रस्तुत किया

## पंचायत समिति की बैठक में नहीं पहुंचे कोई अधिकारी

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में पूर्व निर्धारित पंचायत समिति की बैठक में विभागीय पदाधिकारियों के नहीं पहुंचने के कारण बैठक बिना कार्रवाई के ही स्थगीत कर दी गई. मंगलवार को पुनः बैठक बुलाई गई है. बैठक स्थगित होने से पंचायत समिति सदस्य आक्रोशित दिखे. प्रखंड प्रमुख ममता देवी के अपने कक्ष में प्रेस वार्ता की. प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रखंड स्तर पर पंचायत समिति की बैठक में 34 विभागों के माध्यम से प्रखंड के विकास एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर रूपरेखा तय की जाती है, लेकिन पदाधिकारी अपने उदासीन रवैया से पंचायत समिति के महत्त्व को कम करना चाहते हैं. बैठक में पूर्व सूचना के बावजूद 34 के विरुद्ध महज चार विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए. उन्होने कहा कि मंगलवार की बैठक में विभाग के पदाधिकारियों के रवैया में सुधार नहीं हुआ तो जिला प्रशासन व राज्य के पंचायती राज विभाग को पत्राचार किया जाएगा. चेताग पूर्वी क्षेत्र से पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक ने कहा कि चार महीने के बाद पंचायत समिति की बैठक बुलाई गई.

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया. इस दौरान ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया.निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये. डीसी ने कहा कि वेयर हाउस की सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए. आदेश का पालन गंभीरता से किया जाए. उन्होंने कर्मियों को सफाई के लिए जागरूक रहने को भी कहा. इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की व अन्य उपस्थित थे.

# दुर्घटना को आमंत्रित करता पुलिया राहगीरों की कभी भी जा सकती है जान





**मुखिया सुमित्रा देवी बोलीं**

**उपायुक्त व बीडीओ से मिलकर निर्माण कार्य कराए जाने की रखी जाएगी मांग**

**नवाज खान । कुड़ू/लोहरदगा**

जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी और सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोच्चो होते हुए हेसल पंचायत को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य पथ पर रोच्चो गांव में बनाई गई पुलिया पूरी तरह से जर्जर स्थिति में आ पहुंचा है. उक्त पुलिया के समीप से गुजरने वाले हर राहगीरों के बीच हमेशा जान-माल का खतरा बना रहता है. लंबे समय से पुलिया की स्थिति जर्जर होने के बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमला की नजरें इस ओर नहीं जा रहा है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कितने लोग उक्त पुलिया पर दुर्घटना का शिकार होने से बच गए हैं, लेकिन किसी ने इसे ठीक कराने की दिशा में प्रयास नहीं किया है जिससे आए दिन लोगों में जान-माल का नुकसान होने की संभावना बनी रहती है. उल्लेखनीय है कि पुलिया की जर्जर स्थिति से आलम यह हो गया है कि कभी भी किसी राहगीर को अपनी जान गंवानी पड़ सकती है. वहीं आनंदपुर और मसियातु गांव को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित घांसी बांध के समीप की पुलिया भी बह गया है.

मामले को लेकर कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सलगी की मुखिया सुमित्रा देवी से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि उक्त दोनों जर्जर पुलिया का पुन: निर्माण कार्य कराए जाने हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और बीडीओ प्रवेश कुमार साव से मिलकर लिखित आवेदन देकर मांग रखी जाएगी. मुखिया सुमित्रा देवी ने कहा कि दोनों जर्जर पुलिया का जल्द ही निर्माण कार्य कराया जाएगा.

## न्यूज अपडेट

### गोगो दीदी योजना को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



**बालूमाथ (लातेहार)।** गोगो दीदी योजना को लेकर बालूमाथ मंडल भाजपा की बैठक मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद साहू की अध्यक्षता में होटल लोटस हट्र्स के सभागार में आयोजित की गयी. बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष चेतलाल रामदास व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव उपस्थित थे. रामदास ने गोगो दीदी योजना को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड की मां- बहनों के लिए उपहार बताते हुए इसका लाभ लेने का आह्वान किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस कर तैयार रहने का आह्वान किया. अन्य वक्ताओं ने गोगो दीदी योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की. मौके पर जिला महामंत्री अमलेश सिंह, महिला मोर्चा पूर्व जिला उपाध्यक्ष ज्योति सिन्हा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, दशरथ ठाकुर, राजकुमार गुप्ता, पार्वती देवी, चमेली कुमारी, सविता देवी, रीना देवी, संजीव कुमार गुप्ता, अर्जुन सिंह, दीनानाथ यादव समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### पाटन प्रखंड में दुर्गा पूजा को लेकर फ्लैग मार्च

**पाटन (पलामू)।** पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार झा की अध्यक्षता में पाटन प्रखंड के किशनपुर लोई गा समेत अन्य गांव में दुर्गा पूजा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया. शांति व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पुलिस इंस्पेक्टर थाना प्रभारी अपने जवानों के साथ फ्लैग मार्च में मौजूद थे. मौके पर पाटन के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर अमित कुमार झा, पुलिस इंस्पेक्टर पाटन अनिल सिंह, थाना प्रभारी पाटन लालजी, ओपी प्रभारी किशनपुर निलेश कुमार, सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह, दिलीप श्रीवास्तव ,असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर प्रभात रंजन, वी डी आई टोप्पो समेत पुलिसकर्मी पदाधिकारी फ्लैग मार्च में मौजूद थे.

### प्रवचन में श्रीराम कथा के बारे में चर्चा

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के पाटन चौक पर दुर्गा पूजा के अवसर पर साध्वी सोनम दुर्गा पूजा के तीसरे दिन प्रवचन के दौरान राम कथा के बारे में चर्चा की. उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों को अपने की जरूरत है. जिस दिन लोग भगवान राम के बताए हुए मार्गों पर चलेंगे उसी दिन रामराज की स्थापना संभव है. आज के समय में लोगों को आरामकथा सुनने की आवश्यकता है, जिससे लोगों को जिंदगी जीने का मूल मंत्र मिल सके. काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे. मौके पर मनोरंजन प्रसाद मुन्ना प्रसाद गंगा प्रसाद जमुना प्रसाद अभिजीत साहू समेत कई लोग मौजूद थे.

### कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारी का लिया जायजा

**सिमडेगा।** रविवार को सिमडेगा जिले में मंईयां सम्मान यात्रा के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह व एसपी सौरभ कुमार ने कार्यक्रम स्थल अल्बर्ट एक्का स्टेडियम व कोलेबिरा प्रखंड स्टेडियम सहित इंडोर स्टेडियम, सिमडेगा हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने कार्यक्रम से संबंधित विधि-व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित लाभुकों के आगमन, पार्किंग व्यवस्था, आम जनता के लिए पीने की पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था, स्टेडियम के चारों ओर साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे.

### मदर टेरेसा कॉलेज में नर्सिंग एग्जीबिशन आयोजित

**सिमडेगा।** जिले के प्रतिष्ठित मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इसमें संस्थान के ए.एन.एम. प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष तथा जी.एन.एम. की छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. प्रदर्शनी के माध्यम से लंग्स, फोटोथेरेपी , ह्यूमन स्किन, डाईलेसिस, सोलर एनर्जी एवं रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफिकेशन, महिला प्रजनन तंत्र के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विभिन्न स्टॉल लगाए गए. संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों की संख्या में छात्र,छात्रा इस नर्सिंग प्रदर्शनी को देखने तथा सीखने हेतु पहुंचे जिससे लोगों में उचित स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया.

### भाजपा की सरकार बनेगी तभी होगा विकास : पुष्पा



**छतरपुर/पलामू ।** छतरपुर के कंचनपुर पंचायत में रामविलास पासवान के घर से भिखारी यादव के घर होते हुए करुपा तक 3.10 किलोमीटर पथ निर्माण का शिलान्यास पाटन-छतरपुर के विधायक पुष्पा देवी ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि पांच बार के पूर्व विधायक ने हमेशा छतरपुर पाटन के लोगों को छलने का काम किया है. हमने छतरपुर में ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग सेंटर की व्यवस्था कराई है और निबंधन विभाग खुलने के लिए भी फाइल तैयार है. उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत की सरकार गरीबों का शोषण कर रही है. यह सरकार निकम्मी सरकार है. इसके कार्यकाल में राज्य के लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं. इस सरकार को बदल कर भाजपा की सरकार बनाना है, तभी झारखंड का विकास होगा. मौके पर मुखिया सरस्वती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, अशोक तिवारी, संतोष गुप्ता, रामनरेश यादव, शेखर गुप्ता, नसरुल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे.

### एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना का आयोजन

**सिमडेगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना का आयोजन किया गया. इस धरने का मुख्य उद्देश्य सरकार से वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांगों को पूरा करवाना था. कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से शिक्षा परियोजना के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनके वेतन में वृद्धि नहीं कर रही है और न ही उन्हें नियमित कर रही है. उनकी प्रमुख मांगें हैं-वेतन में वृद्धि, महंगाई भत्ता (सीपीआई के आधार पर), समूह एवं चिकित्सा बीमा, और सेवा नियमितीकरण. धरना स्थल पर कई कर्मचारी उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से पूनम कुमारी, किरण कुमारी, रेखा नंदिनी, और पावरेन अनिल खालखो शामिल थे. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो भविष्य में चरणबद्ध तरीके से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### शराब के नशे में युवक ने किया यूरिया का सेवन

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत चाल्हो महुवरी में एक युवक ने शराब के नशे में यूरिया खाकर अचेत हो गया. इधर घटना के बाद परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उसे लोहरदगा सदर रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार यूरिया खाने वाले युवक शाहदेव उरांव पिता गोपाल उरांव है. वह शराब पीने का आदी है. बताया जाता है कि शराब पीने को लेकर घर में उसका विवाद हुआ था.

### हैदरनगर देवी मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमंडल के हैदरनगर देवी धाम परिसर में शारदीय नवरात्र मेला एकम तिथि से शुरू हो गया है. मेले में बिहार और झारखंड में दर्जनों ऐसे स्थान हैं, जहां कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं. सरकार ने कानून तो बनाया मगर उन मंदिरों में कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोगों को लेकर आने वाले ओझा गुणियों की सुरक्षा का स्वयं प्रशासन प्रबंध करती है. मंदिर में चारों ओर अंधविश्वास का बोलबाला है. ओझा गुणियों के साथ अधिक संख्या महिलाओं की होती है. मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं से हैदरनगर शहर में चहल पहल बढ़ गई है.

### झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् कर्मियों का धरना

**लोहरदगा।** राज्य इकाई झारखंड के आह्वान पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् कर्मी संघ लोहरदगा जिला के कर्मियों ने वेतन वृद्धि एवं सीपीआई के आधार पर महंगाई भत्ता दिए जाने, समूह एवं चिकित्सा बीमा और सेवा नियमितिकरण किए जाने की मांगों को लेकर समाहरणालय स्थित मैदान में एक दिवसीय धरना दिया. इस बीच झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् कर्मियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी तीन सूत्री जायज मांगों को पूरा नहीं करने पर आगामी 07 और 08 अक्टूबर को राज्य स्तरीय दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा.

### विज्ञान वरदान है या अभिशाप यह हमें तय करना है: विनोद

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद पांडे, महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा सामूहिक रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान से तात्पर्य, विशेष ज्ञान से है. हमें अपनी दिनचर्या में विशेष ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए.

## सांसद ने कम मजदूरी देने पर संवेदक पर केस दर्ज करने का दिया निर्देश, बोले

# 100 शय्या के अस्पताल निर्माण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेंगे

- सांसद ने निर्माण में सुधार लाने एवं नए सिरे से कार्य करवाने का कनीय अभियंता को दिया निर्देश

**संवाददाता । लोहरदगा**



नदिया गांव में बन रहे 100 शय्या वाले अस्पताल का निरीक्षण करते सांसद सुखदेव भगत.

सांसद सुखदेव भगत के नेतृत्व में लोहरदगा कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत सूरज, अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ,जिला लेबर ऑफिसर दयानंद कुमार, कनीय अभियंता भवन विभाग के गणेश मुंडा, किशोर मुर्मू शनिवार को सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नदिया गांव में बन रहे 100 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट अस्पताल का निरीक्षण किया गया.

इस दौरान अस्पताल पहुंचते ही सांसद सुखदेव भगत ने पाया कि संवेदक के द्वारा काम करने वाले मजदूरों का काम बंद करवा दिया गया. ताकि मजदूरों के उपर हो रहे शोषण की जानकारी सांसद सुखदेव भगत को ना हो सके. इस बीच सांसद सुखदेव भगत ने वहां काम करने वाले महिला मजदूरों को घर से बुलाकर उनसे रूबरू हुए. सांसद सुखदेव भगत को मजदूरों ने बताया कि हमें सिर्फ 300 रूपये मजदूरी मिलता है. जबकि वहां पर उपस्थित लेबर पदाधिकारी ने बताया कि मजदूरों को 425 रूपये भुगतान करना है. मजदूरों ने बताया कि उनके सेफ्टी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है. मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने संवेदक बबलू सिंह से मजदूर के उपस्थित एवं भुगतान रजिस्टर मंगवाया लेकिन ठेकेदार ने रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया. मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मजदूरों के उपर हो रहे शोषण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उनका पूरा भुगतान 425 रूपया जब से मजदूर काम कर रहे हैं तब से भुगतान करना होगा.

सांसद ने मौके पर उपस्थित श्रम अधिकारी से मजदूरों का बयान लेकर कम मजदूरी भुगतान करने के लिए संवेदक पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया.सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि पूर्व में भी वे अस्पताल का निरीक्षण किए थे, उस समय भी मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान करने का मामला आया था. श्रम अधिकारी द्वारा प्राथमिक भी दर्ज किया गया था, उसके बावजूद मजदूरों को कम मजदूरी देना संवेदक का तानाशाह रवैया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सांसद ने भवन निरीक्षण क्रम में पाया कि कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है, काफी घटिया निर्माण हुआ है. इस बीच सांसद सुखदेव भगत ने प्लास्टर को हाथ से रगड़ा तो प्लास्टर उखड़ने लगा. सांसद ने मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता को फटकारते हुए कहा कि आप कैसे निरीक्षण करते हैं, इतना घटिया निर्माण कार्य कैसे हुआ है. सरकारी राशि का बंदरबाट नहीं करने दिया जाएगा,इसमें सुधार कर फिर से नए स्तर से प्लास्तर करवाये अन्यथा आप पर सीधे कार्रवाई किया जाएगा. सांसद ने कहा कि सांसद के घर के समक्ष बना रहे अस्पताल में इतना घटिया निर्माण संवेदक के द्वारा करना यह संवेदक का अड़ियल रवैया को दर्शाता है जिसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे .यह पांचवीं अनुसूचि क्षेत्र है और यहां आदिवासियों का शोषण किया जा रहा है. सांसद ने कहा कि वह इन सभी चीजों को विभागीय सचिव से अवगत करायेंगे और संवेदक को काली सूची में डलवाएंगे ताकि भविष्य में कोई भी संवेदक घटिया निर्माण करने के लिए सोचे. मौके पर श्रम अधीक्षक ने मजदूरों से उनका कम मजदूरी देने का बयान लिए. कनीय अभियंता ने सांसद को आश्वासन दिया कि किए गए प्लास्टर को हटाकर एस्टीमेट के आधार पर फिर नए शीरे से काम करवाएंगे. मौके पर कांग्रेस नेताआलोक कुमार साहू, नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू, फूलदेव उरांव ,मनोज सोन तिर्की, राजू कुरैशी ,सोनू कुरेशी ,विजय चौहान ,कुदुश अंसारी, नदिया के मुखिया ,असलम अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**लोहरदगा ।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस, सदर प्रखंड लोहरदगा परिसर, कृषि बाजार समिति परिसर समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया. इस दौरान उपायुक्त ने आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान के केंद्रों के लिए ईवीएम डिस्पैच स्थल, पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक भेजे जाने के लिए वाहन की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम के लिए स्थल का चयन, मतगणना के लिए आवश्यक मतगणना केंद्र में तैयारियां, मीडिया सेंटर की व्यवस्था आदि बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए. स्थल निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

### पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**कैरो/लोहरदगा.** कैरो प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत महादेव फुटबॉल मैदान सढ़ाबे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अकेला दिल बहार क्लब सढ़ाबे के तत्वावधान में अमर शहीद हलधर गिरधर पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. मौके पर उद्घाटन मैच का शुभारंभ करते हुए सढ़ाबे मुखिया सुमित्रा उरांव,पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत,उप मुखिया जगबंधन भगत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें. हार जीत खेल में लगी रहती है. खेल से आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है.हमारे क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन की. टूर्नामेंट का समापन 9 अक्टूबर को किया जाएगा.

# बच्चे देश के भविष्य हैं, इन्हें संवारने की जिम्मेवारी सबकी है

- कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया

**संवाददाता । कैरो/लोहरदगा**

कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल का वितरण 5 अक्टूबर शनिवार को किया गया. इस बीच कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्ध कार्यकरिणी के सचिव संजय साहू, उपाध्यक्ष भोला प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद ने मां सरस्वती, ओम एवं भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया. विद्यालय के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, इन्हें संवारने की जिम्मेवारी सबकी है. इसके पश्चात कक्षावार अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा अरुण से प्रथम भैया एंजल उरांव द्वितीय हिमांशु उरांव तृतीय लक्ष्मी मुंडा, कक्षा उदय में प्रथम, द्वितीय तृतीय क्रमशः स्मृति कुमारी, अल्फा किंडो, सक्रति उरांव प्राप्त किए. कक्षा प्रभात में प्रथम, द्वितीय, तृतिय क्रमशः सिद्धि गुप्ता, ईशा लकड़ा एवं श्रेया कुमारी, कक्षा प्रथम में फर्स्ट, सेकंड एवम थर्ड क्रमशः सुशांत साहू, पास्कल बाखला एवं ईसा लकड़ा प्राप्त की कक्षा द्वितीय में प्रथम द्वितीय एवम तृतीय क्रमशः रोहित उरांव, आंचल उरांव एवं भूमि कुमारी प्राप्त किया. कक्षा तृतीय में क्रमशः बहन सिद्धि कुमारी, काजल कुमारी एवं सानवि कुमारी ने प्राप्त किया, कक्षा चतुर्थ में क्रमशः बहन रितिका कुमारी अमन उरांव एवं अक्षय महली ने प्राप्त किया ,कक्षा पंचम में क्रमशः दीपिका कुमारी सुहाना कुमारी एवं अंकिता कुमारी ने प्राप्त किया, कक्षा षष्ठ से सूरजमुनी उरांव, अमीषा कुमारी एवं फरहान अंसारी ने प्राप्त किया. कक्षा सप्तम में क्रमशः मुस्कान कुमारी, नूतन उरांव एवं काजल कुमारी ने प्राप्त किया, कक्षा अष्टम में क्रमशः भैया कुलदीप दास, राकेश उरांव एवं लोकेश कुमार साहू ने प्राप्त किया.

## गढ़वा में दो लाख 35 हजार लाभुकों को मिला मंईयां सम्मान योजना का लाभ

# कोई भी योग्य लाभुक मंईयां सम्मान योजना से नहीं रहेंगी वंचित : मिथिलेश

**संवाददाता । गढ़वा**



**खास बातें**

- दोनों माह का पैसा जोड़कर खाता में भेज दिया जाएगा
- हर हाल में सभी लोगों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा

गढ़वा जिले की लगभग दो लाख 35 हजार लाभुकों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है. सितंबर महीने की राशि कुल दो लाख 34 हजार 620 लाभुकों की सूची बैंक में भेज दी गयी है. इनमें जिन बहन, बेटियों को तकनीकी समस्या के कारण अगस्त माह में खाता में पैसा नहीं जा सका था, वैसे लोगों को अगस्त एवं सितंबर दोनों माह का पैसा जोड़कर खाता में भेज दिया जाएगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि कोई भी योग्य लाभुक मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगी. हर हाल में सभी को इस योजना का लाभ दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि अगस्त माह में प्राप्त आवेदन में कुछ तकनीकी त्रुटि के कारण सभी के खाते में पैसा नहीं जा सका था. अगस्त एवं सितंबर माह में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद एक अक्टूबर तक 2 लाख 34 हजार 620 लाभुक योग्य पाए गए. इन सबों की सूची बैंक में भेज दी गई है. सभी के खाते में पैसा भेज दिया जाएगा. मंत्री ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में गढ़वा प्रखंड में 5762, डंडा में 500, मेराल में 1853, डंडई में 1926, मंझिआव में 566, बरडीहा में 468, कांडी में 998, रंका में 1623, चिनियां में 815, रमकंडा में 693, भंडरिया में 210, बड़गड़ में 823, रमना में 515, विशुनपुरा में 313, नगर ऊंटरी में 756, भवनाथपुर में 2397, केतार में 1663, खरौंधो में 4238, धुरकी में 743 तथा सगमा में 317 लाभुकों के खाता में सुधार कर दिया गया है. जबकि नगर परिषद गढ़वा में 1819, नगर पंचायत मंझिआव में 258 तथा नगर पंचायत नगर ऊंटारी में 96 लाभुकों कुल 31243 लाभुकों की सूची सुधार कर बैंक को भेज दिया गया है. सभी को योजना का लाभ नियमित रूप से मिलेगा.

**लगाई गुहार**

## आदिवासी संगठनों ने जमीन बचाने को लेकर दिया एक दिवसीय धरना, कहा-

# हमारी संपत्ति पर जमीन माफिया कर रहे हैं कब्जा

**संवाददाता । लोहरदगा**



समाहरणालय मैदान गेट के समीप एक दिवसीय धरना जिला स्तरीय विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक एवं रैयत जमीन की लूट, अतिक्रमण को रोकवाने एवं सीबीआई द्वारा जांच करवाने को लेकर प्रदर्शन किया गया. वक्ताओं ने कहा कि जिला में अनेकों भूमाफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर आदिवासियों का जमीन लूटा व अतिक्रमण किया जा रहा है.

ज्ञापन सौंपते हुए लोहरदगा उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को लिखित पत्रचार कर अवगत कराया जाए. इसी विषय पर आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक एवं रैयती जमीन को रोकवाने और सीबीआई द्वारा जांच के लिए निम्नलिखित बिन्दु हैं जैसे पूर्वजों के नाम पर जो खतियानी जमीन है उस जमीन का वंशावलियों के नाम बिना दाखिल खारिज के वंशावली के आधार पर जमीन की बिक्री के लिए भूमि सुधार, उप समाहर्ता और अंचल अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान किया जाए. उसे यथाशीघ्र रोक लगाया जाए. हजारों भुईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री हो रही है उसे अभिलंब रोक लगाया जाए. आदिवासी जमीन की खतियान को इस्तीफा दिखाकर गैर आदिवासी जमीन बनाया जाता है. सादा पट्टा द्वारा आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाया जाए. इसकी जांच सी बी आई द्वारा जांच करायी जाए.

हाल सर्वे को बिना बुझारत का प्रकाशित कर कम्प्यूटराईज्ड किया गया है, जिससे घोर अनियमितताएं हैं इसे यथाशीघ्र सुधार संशोधित कराया जाए. सीएनटी एक्ट को शक्ति से लागू करें और धरातल पर उतारें. साथ ही सी एन टी एक्ट के धारा 71(ए) को स्वतःसंज्ञान लेते हुए हड़पी हुई आदिवासी जमीन को वापस कराया जाए. झारखंड में भूमि बैंक को रद्द किया जाए एवं पूर्व की भांति भुईहार, खूंटकटीदारों के अधीन सामूहिक जमीन को सामाजिक दायरे में रखा जाए. हजारों एकड़ खूंटकटी एवं भुईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री किया जा रहा है उसे रोका जाए. आदिवासी लड़की को गैर आदिवासी लड़का द्वारा पत्नी बनाकर उसके नाम से जमीन बिक्री हेतु जाति, आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत में पति का नाम दर्ज करना अनिवार्य किया जाए. धरना प्रदर्शन में सोमदेव उरांव राजी, सुकेद्र उरांव, जलेश्वर उरांव, फूलदेव भगत, सोमे उरांव, बिरसा उरांव, उपबेल वीरेंद्र उरांव, देवकुमार धान, बिहारी भगत, बुधराम उरांव, बालमुकुंद लोहरा, चैतु उरांव आदि मौजूद थे.

# विकास कार्यों में समन्वय आवश्यक : सांसद

**संवाददाता । लातेहार**



चतरा सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी (डीडीसीएमसी) दिशा की समीक्षा बैठक का आयोजित की गयी. मौके पर स्थानीय विधायक से शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व जिला परिषद अध्यक्ष पूनम सिंह मुख्य रूप से मौजूद थीं. इससे पहले उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सांसद श्री सिंह समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया.

बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद दिशा की यह पहली बैठक थी. बैठक में उप विकास आयुक्त ने पूर्व की बैठक में लिए गये निर्णय एवं अनुपालन से समिति को अवगत कराया. बैठक में पीसीसी पथ निर्माण, प्रखंडों में बैंक की शाखाएं खोलने, भूमि, बिजली, पानी, सड़क व पीएमजी आवास आदि को लेकर दिए गए प्रस्तावों के अनुपालन की अद्यतन जानकारी ली गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया. सांसद ने मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराये जा रहे रोजगार की जानकारी ली. प्रधानमंत्री और अबुआ आवास योजना व पीएम कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा कर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ देने का निर्देश दिया गया. सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं को पूरा कराने एवं ग्रामीणों की पेयजल समस्याओं का समाधान करने का निर्देश पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया. निबंधित श्रमिकों की संख्या और उन्हें मिलने वाली मुआवजा राशि की भी समीक्षा की गयी. श्रम विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया. सांसद ने योजनाबद्ध तरीके से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश विभिन्न विभागों के प्रधानों को दिया.

# मेरे हृदय में अनवरत, बहती रहे वह भक्ति दे!




◆ कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**आ** गया शक्ति संचय का पर्व नवरात्र. चारों दिशाओं में गुग्गुल, धूप, गुलाब, जूही, चंपा, चपेली आदि की मधुर सुगंध के साथ बह रही भक्ति की धारा. हर प्राणी में हो रहा नये प्राण का संचार-नयी शक्ति का अहसास. ऐसा हो भी क्यों नहीं? स्वयं शक्ति स्वरूपा जगदंबा पधार चुकी हैं, जो करती हैं पापियों का संहार और सज्जनों का उद्धार. जगदंबा महामाया हैं, मूल प्रकृति हैं. आदि शक्ति ही पूरे ब्रह्माण्ड की रचना करती हैं, वही पालन भी करती हैं. वही महाकाली हैं, वही महालक्ष्मी हैं और वही महासरस्वती हैं. वह चाहे मानसिक शक्ति हो या शारीरिक बल या संपदा शक्ति, सबकी अधिष्ठात्री जगदंबा ही हैं. जिसके पास शक्ति है, वही शक्तिमान है और जिसके पास शक्ति नहीं है वह निश्शक्त, असहाय, बेसहारा, बेचारा है. जगदंबा का शाब्दिक अर्थ है संसार की माता और इस माता का व्यापक अर्थ है. माता की प्रसन्नता से ही यह जीवन है, उन्हीं के प्रसाद से यह शरीर है, मस्तिष्क है. माता के रूप में रचना कर पालन करनेवाली जगदंबा को हम भक्ति पूर्वक प्रणाम करते हैं, जिनकी पूजा-अर्चना इस नवरात्र में की जा रही है. भक्तों का उत्साह देखते बनता है. पंडालों में पूजा के लिए जगदंबा विराजमान हो रही हैं. कहीं दुर्गा सप्तशती तो कहीं रामचरित्र मानस का पाठ गूंज रहा है. समस्त देवगण की शक्ति का समूह स्वरूपा दुर्गा भारतीय जनमानस पर छा गयी हैं. कृपा, दया, करुणा, ममता, स्नेह की मूरत के रूप में जगदंबा श्रद्धालु भक्तों को भा गयी हैं. भक्ति भावना और समर्पण की ही दुलारी पुत्री है. जहां भावना नहीं होती, वहां भक्ति हो ही नहीं सकती. इसलिए यदि भक्ति हो तो पूजा-अर्चना के लिए किसी वस्तु या सामग्री का अभाव नहीं खटकता. पूजा-अर्चना सहजता पूर्वक संपन्न हो जाती है. इसी भावना और समर्पण की अनुभूति आप मेरी इस छोटी सी भक्ति रचना में पा सकते हैं-

प्राण बने धूप-दीप, भाव बने नैवेद्य
शब्द बने उड़हुल के फूल.
जो भी था पास मेरे ले आया द्वार तेरे
दे दो मां चरणों की धूल.

शक्ति पर्व है नवरात्र तो मां दुर्गा की पूजा आराधना का होना स्वाभाविक ही है. जिनके मन में श्रद्धा होती है, वे अपनी शक्ति-क्षमता के अनुसार जगदंबा की कृपा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं. कहा भी गया है यथा शक्ति तथा भक्ति. इसे तो निश्चित जानना चाहिए कि जब तक शक्ति की कृपा नहीं होती, भक्ति का होना भी संभव नहीं है. इस प्रसंग में प्रस्तुत है रांची की कवयित्री **खुशबू बरनवाल सीपी** की यह रचना, जिसका शीर्षक है-मां दुर्गा.



शक्ति पर्व माँ दुर्गा का, नौ दिन करना उपवास.
पावन मनभावन मौसम, पूजा करने का मास..
उपासना करके पाएं, माता दुर्गा की भक्ति.
अपने जैसी मां साहस, नारी में भर दो शक्ति..
धैर्य शक्ति अनुशासन ही, जगदंबे माता पर्व.
सम्मानित होती नारी, भारत करता है गर्व ॥
कृपा करो हे जग जननी, हर लो भक्तों का कष्ट.
सद्विचार मन में भर दो, धरा पाप हिय से नष्ट..
कृपा करो हे जगदंबे, धर्म सनातन विस्तार.
उद्गम इसका सभी दिशा, फैले जन-मन संसार..
प्रेममयी शुभ मंगल हो, दुर्भावों से दो त्राण.
कृपा करो हे माँ अंबे, ज्ञान शक्ति जन कल्याण..

हमारे शास्त्रों ने संसार की समस्त नारियों को शक्ति का प्रतिरूप बताया है और उन्हें भरपूर सम्मान और स्नेह देने का परामर्श दिया है. कोई यदि प्रमाद वश ऐसा नहीं करता तो उसका परिणाम उसे भुगतना ही पड़ता है. इसमें कोई संदेह नहीं कि कोई भी नारी तभी तक अबला है, जबतक उसे अपनी शक्ति का भान नहीं होता. अपनी शक्ति को पहचानते ही वही अबला से प्रबला बन जाती है, अजेय बन जाती है. रांची की ही कवयित्री **संगीता सहाय** नवरात्र में जगदंबा के आगमन को महसूस कर गद्गद हो जाती हैं और तब जब उनकी रचना प्रकट होती है, वह इस प्रकार है-



धन्य भाग हमारे मैया आई हमरे दुआरे
धन्य भाग हमारे मैया
हो जाए मा दर्शन तुम्हारे
सोने की गागर में लायी मैं पानी
पांव पखारूं तुम्हारे
जो हो जाए मैया दर्शन तुम्हारे
लाल लाल लहंगा और चुनरी मैं लाई
करूँ श्रृंगार तुम्हारे
जो हो जाए मैया दर्शन तुम्हारे
सोने की थाली में लाई पूरी बताशे
भोग लगाऊं तुम्हारे जो हो जाए मैया दर्शन तुम्हारे
सोने की थाली में लाइ कपूर और बाती
आरती उतारूं तुम्हारे
जो हो जाए मैया दर्शन तुम्हारे

जब अपने आंगन में जगदंबा के चरण उतर जायें तो इससे बड़ा और सौभाग्य क्या हो सकता है! फिर मन-प्राण इतने अभिभूत हो जाते हैं कि यह समझ में नहीं आता कि माता का स्वागत कैसे करें. कैसे उनका अभिनंदन करें, कैसे उनका कृपा पात्र बनें. जमशेदपुर निवासी कवयित्री **वीणा नंदिनी** कुछ ऐसी ही अभिभूत हैं. उनकी भावनाओं की एक झलक उनकी इस रचना में मिलती है.



आजु आई है मैया हमार अंगना
थोड़े से सिन्दूर रोली चढ़ाऊं
इतने में झूमती मेरी मैया
आजु आई मैया हमार अंगना -
ओरहुल फूल के माला बनाई
एक ही गुलाब से, एक ही गुलाब से
खुश होती मैया हमार अंगना.
आजु आई है मैया हमार अंगना -
धूप दीप रोज दिखाऊं
अरे! धूमना पर,
अरे! धूमना पर इतराती मोर मैया
आजु आई है मैया हमार अंगना
काजल सूरमा नित्य लगाऊं
अरे! थोड़ी सी इत्र पर बलखाती मैया हमार अंगना
आजु आई है मैया हमार अंगना
साड़ी चोली मैया के पहराऊं
अरे! चुनरी पर,
अरे! चुनरी पर लहराती मोर मैया
आजु आई है मैया हमार अंगना

इसे वीणा जी का सौभाग्य कहा जाना चाहिए कि उन्होंने थोड़े ही प्रयास में जगदंबा का प्रसाद पाप्त कर लिया, उनकी कृपा पात्र बन गयीं. इसे भक्ति की शक्ति कह सकते हैं. एक सच्चे भक्त के लिए भक्ति ही सबकुछ होती है. कोई भी सुख और समृद्धि उसके लिए भक्ति से बड़ी नहीं होती. यही कारण है कि जमशेदपुर के खडंगाझार निवासी कवि **हरिहर राय** जगदंबा से केवल भक्ति ही मांगते हैं. उनकी एक मात्र कामना है जगदंबा यही दें कि उनकी भक्ति हृदय में अमृत की धारा बन कर अविरल बहती रहे-



नव रात्रि में हे नव दुर्गा, नव चेतना, नव शक्ति दे.
नव साधना निर्माण की, प्रतिकार की भी उक्ति दे.
संहार की भी सब कला, मेरे हृदय में भर दे मां,
सज्जन मनुज के साथ में, शालीनता की सूक्ति दे.
कुछ दानवों के वंश जो, पावन धरा पर बच गये,
उन दानवों का नाश कर, अब दुष्टता से मुक्ति दे.
कुछ भ्रांतियों से मां कभी, विश्वास ये खंडित न हो,
मेरे हृदय में अनवरत, बहती रहे वह भक्ति दे.

भक्ति के दो स्वरूप हैं-सकाम और निष्काम. सकाम भक्ति अपने इष्ट की शरण में तभी जाती है, जब उसे कोई आवश्यकता होती है. निष्काम भक्ति इष्ट से कभी कुछ मांगती नहीं. निष्काम भक्त जगदंबा की शरण में जाता है तो यही कहता है-मत्समा पातकी नास्ति पापघ्नी त्वत्समा नहि, एवं ज्ञात्वा महादेवी यथायोग्यं तथा कुरु. अर्थात् मेरे समान कोई पापी नहीं है और तुम्हारे समान कोई पाप का नाश करनेवाली नहीं है. इसलिए तुम मेरे साथ जैसा उचित समझो, वैसा ही करो. इसी समर्पण-भावना के साथ विदा होता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!



## दुर्गा-स्तवन

आज मधुर धुन बजत सैल-पति भवन बधाई!
नाचत गावत बहु किन्नरि सुर ताल मिलाई॥
बहु बिधि फूले फूल पवन सौरभ फैलावत।
विकसे कमल तड़गन महं सोभा सरसावत॥
गिरिपुर वासिन को आनंद कह्यो नहीं जाई।
आज हिमाचल के महलन एक कन्या आई॥
सरद काल के प्रात ज्योति चहुँ दिस फैलाई।
सिंह चढ़ी बालिका एक पर्वत पै आई॥
महिष मर्दिनी कन्या दसभुज जाके सोहैं।
कर जोरे सब भक्त खरे वाको मुख जोहैं॥
बंदीजन भए मुदित तासु बिरदावलि गावैं।
मधुर गीत उल्लास भरे चहुँ दिस फैलावैं॥

**- बालमुकुंद गुप्त**

# नवरात्रि के नौ संकल्प



◆ अध्यात्म

युगल किशोर पंडित



**नवरात्रि** नौ दिनों तक देवी उपासना का एक ऐसा सुखद सुयोग है जो मनुष्य की शारीरिक और मानसिक विकृतियों को दूर कर इन्द्रियों का संयम करते हुए आध्यात्मिक उर्जा का संचार करता है. दरअसल, अंतस की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन भी है. दुर्गा पूजा व नवरात्र सर्दी और गर्मी की ऋतुओं के मिलन काल यानि आश्विन मास में मनाया जाता है. इन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है. वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है. आज समाज में विचारों की बुराइयां हैं. ऐसी स्थिति में नवरात्र का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है. नौ दिनों तक नौ देवियों की उपासना हमें इस ओर भी इंगित करता है की नारी शक्ति स्वरूपा है. तो आइए, इस नवरात्र में नौ देवियों की उपासना के साथ ही शक्ति स्वरूपा नारियों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, आदि से जुड़े नौ बुराइयों को दूर करने का संकल्प भी लें तभी सही मायने में नवरात्र की सार्थकता सिद्ध होगी.

**1. देवी स्वरूपा कन्या की रक्षा :** कन्या भ्रूण हत्या एक ऐसी बुराई है जो बालिकाओं के जन्म को नकारती है. माँ दुर्गा को देवी मानकर पूजा करें और देवी स्वरूप कन्याओं को नकारें ये कतई उचित नहीं. इस नवरात्रि कन्या भ्रूण की रक्षा का संकल्प हमें लेना ही चाहिए.

**2. यौन उत्पीड़न से मुक्ति :** व्यक्ति के लिंग और यौन अभिविन्यास से संबंधित इस सामाजिक विकृति के कारण महिलाओं की पढाई-लिखाई, रोजगार के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है. यौन उत्पीडन से मुक्ति के लिए हमें आगे आना ही होगा.

**3. घरेलू हिंसा पर पूर्ण विराम :** महिलाओं की राह में घरेलू हिंसा भी बहुत बड़ा रोड़ा है. बहुत बड़ी विडंबना है की २१वीं सदी के दौर में भी महिलाएं अपने घरों में ही सुरक्षित महसूस नहीं करती. इसलिए अपने घरों में महिलाओं को मान-सम्मान दिलाना हमारा परम कर्तव्य है.

**4. बाल विवाह का अंत :** लाख कोशिशों के बावजूद कम उम्र में लड़कियों की शादियाँ नहीं रुक पाई है. परिपक्व होने से पूर्व ही बच्चों की जवाबदेही! आखिर कैसे स्वस्थ और समृद्ध भविष्य का सपना साकार होगा. इसलिए इस नवरात्र हमें ये संकल्प लेना चाहिए की बेटियों की शादी किसी भी सूरत में भी समय से पूर्व न करेंगे.

**5. लैंगिक असमानता से छुटकारा :** हम २१वीं शताब्दी के भारतीय होने पर गर्व तो करते हैं परंतु यदि घर में बेटी का जन्म हो जाये तो शोक का माहौल बन जाता है. कई अवसरों पर बेटियों ने अपनी कामयाबी का लोहा मनवाया है. फिर भी वे घर और समाज दोनों जगहों पर शोषण, अपमान और भेदभाव से पीड़ित है. हमें सोचना होगा कि जिसे देवी का साक्षात् अवतार मानते हैं उसे समानता अवश्य मिले.

**6. महिला सुरक्षा सुनिश्चित हो :** 3आज महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं. बलात्कार, हत्या, मारपीट, निर्वस्त्र कर अपमानित करने जैसी घटनाएँ हमारे रोंगटे खड़े कर देती हैं. शक्ति स्वरूपा नारियों की सुरक्षा का दृढ़ संकल्प लिए बगैर शक्ति की आराधना अधूरी ही रहेगी.

**7. बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन :** बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनकी क्षमता को उभारने के लिए बालिका शिक्षा अति आवश्यक है. इससे एक अच्छे समाज के निर्माण में भी मदद मिलती है. इसलिए हरेक बालिका को शिक्षित करना हमारा परम दायित्व है.

**8. स्वास्थ्य एवं पोषण पर ध्यान :** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में 59.1% किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं. किशोरावस्था की अवधि संज्ञानात्मक विकास का एक महत्वपूर्ण चरण है. इस दौरान पर्याप्त पोषण भी नितांत आवश्यक होता है. बेटियां स्वस्थ रहे और उन्हें उचित पोषण मिले, हमें यह तय करना होगा.

**9. दहेज़ से मुक्ति :** दहेज़ प्रथा समाज में एक कोढ़ की तरह है. यह कई समस्याओं की जननी है. दहेज प्रथा की बुराइयों के प्रति लोगों की अंतरात्मा को जगाने की ज़रूरत है ताकि दहेज़ न लेने और न देने का संकल्प सभी भारतीय लें.

# चित्रकूट की परिक्रमा का महत्व



◆ यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**चित्रकूट की राम रज, परिक्रमा की धूर.**
**उड़ी उड़ी परत शरीर पर, पाप होत सब दूर.**

**चित्रकूट** की परिक्रमा के महत्व को उपर्युक्त दोहा भली भांति दर्शाता है. भारतवर्ष में अनेक पवित्र दर्शनीय स्थल हैं, उनमें चित्रकूट भी एक है. भगवान राम ने अपने 14 वर्षों के वनवास की अवधि में लगभग 12 वर्ष चित्रकूट में बिताए, इसलिए चित्रकूट का महत्व और बढ़ गया. धार्मिक स्थलों के दर्शन कर उनकी परिक्रमा का विधान है. अपने इष्ट या आराध्य के पूजनोपरांत भक्त उनकी परिक्रमा कर भूल चूक की क्षमा याचना करता है. एक प्रकार से परिक्रमा यानी प्रदक्षिणा पूजा की पूर्णाहुति मानी जाती है. परिक्रमा देव दर्शन और तीर्थ-यात्रा का प्रधान अंश है. परिक्रमा की महिमा संस्कृत के इस श्लोक में कही गई हैः-

**यानि कानि च पापानि, जन्मान्तरकृतानि च.**
**तानि तानि प्रणश्यन्ति,प्रदक्षिणे पदे पदे.**

अर्थात् हे प्रभु! मेरे द्वारा जन्म जन्मांतर में जितने पाप किए गये हैं, उनके विनाशार्थ पद पद पर आपकी परिक्रमा (प्रदक्षिणा)करता हूं. यह तो हुई परिक्रमा की महिमा और उपयोगिता, परंतु इससे तीर्थो की सीमा भी निश्चित होती है. महाकवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में लिखा है कि भरत जी ने भी चित्रकूट की यात्रा की थी और परिक्रमा भीः-

**देखे थल तीरथ सकल,भरत पांच दिन मांझ.**
**कहत सुनत हरिहर सुयश,गयेउ दिवस भइ सांझ.**



**प्रथम दिवस की परिक्रमा :-** राघव-प्रयाग से स्नान करके कामतानाथ की प्रदक्षिणा की और पुरी की परिक्रमा कर सीतापुर लौटे. कुल 6 मील.

**द्वितीय दिवस की परिक्रमा :-** राघव-प्रयाग से स्नान करके कोटि तीर्थ गये, वहां से देवांगना,सीता रसोई, हनुमान धारा की यात्रा करके नया गांव होते हुए पुनः सीतापुर लौटे -कुल 12 मील.

**तृतीय दिवस की परिक्रमा :-** राघव-प्रयाग में स्नान करके केशव गढ़, प्रमोद वन,जानकी कुण्ड, सिरसा वन,फटिक शिला,अनसूया आश्रम होकर बाबू पुर में रहे -कुल 10 मील.

**चतुर्थ दिवस की परिक्रमा :-** बाबूपुर से गुप्त गोदावरी जाकर स्नान किये, वहां से कैलाश पर्वत जाकर चौबेपुर में रहे-कुल 10 मील.

**पंचम दिवस की परिक्रमा :-** चौबे पुर से भरत कूप गये और वहां स्नान करके रामशैया होते हुए सीतापुर लौटे -कुल 12 मील.


चित्रकूट की 5 परिक्रमाएं भरत जी ने की, क्योंकि चित्रकूट चिंता हरण ,ऋषि मुनियों का धाम और रघुनाथ जी का विश्राम स्थल हैः-

**चित्रकूट चिंता हरण, जहां मुनिन को धाम.**
**सीता पति रघुनाथ जी,आप कीन्ह विश्राम.**

और श्री रघुनाथ जी से मिलकर अयोध्या लौटने की प्रार्थना की. प्रभु श्रीराम अयोध्या तो नहीं लौटे, लेकिन चित्रकूट की परिक्रमा के फलस्वरूप प्रभु श्रीराम की चरण पादुका भरत को प्रसाद स्वरूप प्राप्त हुई, जिसे उन्होंने अयोध्या के राज सिंहासन पर बैठाकर 14 वर्षों तक अयोध्या का शासन चलायाः-


**प्रभु करी कृपा पांवरी दीन्हीं.**
**सादर भरत सीस धरी लीन्हीं.**
**नित पूजत प्रभु पांवरी,प्रीति न हृदय समाति.**
**मांगि मांगि आयसु करत,राज काज बहुत भांति.**

# न अक्ल बड़ी न भैंस



◆ नश्तर

सुधीर राघव



**एक** दिन अंधे को अंधेरे में बहुत दूर की सूझी. कुल मिलाकर आई मौज फकीर को और दिया झौंपड़ा फूंक. चुनाव दस्तक दे रहे थे. अंधे को उमंग उठी कि वह भी नेता बनेगा. आंखें उसकी ठीक ठाक थीं मगर अक्ल का अंधा था. सो सब उसे अंधा कहते थे, वैसे नाम था उसका चतुर सुजान. कहने को उसे बिच्छू का मंत्र भी नहीं आता था, मगर सांप के बिल में हाथ डालने का हौसला रखता था. इस तरह अंधे को जब दूर की सूझी तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया. सबके दिमाग में एक ही बात आई कि अच्छा होता अगर यह आंख से अंधा होता, इसके पास शिक्षा और ज्ञान की रोशनी तो होती. मगर यह तो अक्ल से अंधा है, इसका किसी रोशनी से कोई वास्ता नहीं. यह पूरे गांव को बर्बाद करके छोड़ेगा. सबका मानना था कि कोई उसे वोट नहीं देगा. मगर जब नतीजे आए तो चौंकाने वाले थे. अंधा चतुर सुजान भारी बहुमत से चुनाव जीत गया.

असल में सबको लगा कि अंधा तो अक्ल का अंधा है. उसका फायदा उठाकर अपना काम निकलवाएंगे. मनरेगा के दस पंद्रह लाख एक बार में ही खाते में डलवा लेंगे. जब टट्टू से ही रेस जीती जाए तो तुर्की घोड़ा क्यों खरीदा जाए. इसलिए किसी ने पढ़ें लिखे विद्वान को वोट नहीं दिया. पूरे गांव में भले बिरादरी छत्तीस थीं मगर सोच सबकी एक थी. अतः सबने आंख मूंद कर अंधे को ही वोट दिए. अंधा भले अंधा था मगर नाम तो उसका चतुर सुजान था. उसके दो ही सिद्धांत थे एक- अपना रख, पराया चख! तथा दूसरा- आत्मा सुखी तो परमात्मा सुखी! अंधा गांव का सरपंच बन गया और लोग उसके पास काम के लिए आने लगे. पर अंधा किसी का कोई काम करने को राजी नहीं हुआ. उसने घोषणा कर दी कि जो उसे इलेक्टोरल बॉन्ड देगा, वह सिर्फ उसी का काम करेगा. अंधे ने टीवी पर इलेक्टोरल बॉन्ड के बारे में खूब सुना था. वह समझ चुका था कि नेता होने के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड वसूलना जरूरी है.

गांव वालों ने भी मान लिया कि जब रोज टीवी कह रहा है तो इलेक्टोरल बॉन्ड देना जरूरी होता होगा. अंधे की मांग एकदम जायज है. गांव वाले उसे अपने घर से रुपए-पैसे और बीवी के गहने तक लाकर देने लगे. देखते ही देखते अंधा गांव में सबसे अमीर हो गया. पैसा आते ही अंधे का रुतबा बन गया. उसे अचानक गांव में सबसे अक्लमंद आदमी माना जाने लगा. अब कोई उसे अंधा कहकर नहीं बुलाता. सब उसे सुजान कहते. उसके मन की हर बात सुनते. अब गांव में हर कोई सुजान की तरह अक्ल का अंधा बनना चाहता था. सब उसके जैसा दिखना चाहते थे. सब उसकी तरह बेवकूफी भरी बातें बोलना चाहते थे. यानी जैसे बाबा आप लबार, तैसा उनका कुल परिवार. सब बेवकूफी को चालाकी और भ्रष्टाचार को ईमानदारी कहने लगे. गांव की सड़क, खिड़ंजा, पुल, तालाब सबके निर्माण में घोटाला हुआ. सबने खूब माल खाया और अगले चुनाव में फिर अक्ल के अंधे को जिताया. अब पूरे गांव में एक ही कहावत मशहूर है कि न अक्ल बड़ी न भैंस, सबसे बड़ा सुजान, जिसका ऊंचा मकान, जिसकी चौड़ी दुकान.


# कोलकाता के पूजा पंडाल में झारखंड की सोहराय पेंटिंग




◆ कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार






**शारदीय** नवरात्र की शुरुआत के साथ ही हर ओर आस्था और भक्ति का माहौल बन जाता है. पूजा पंडाल तैयार हो चुके हैं. लेकिन दुर्गा पूजा हो और कोलकाता की चर्चा न हो, ऐसा नहीं हो सकता है. कोलकाता में हर वर्ग, हर समुदाय के लोगों में दुर्गा पूजा को लेकर एक अलग आकर्षण होता है. लाखों रुपये खर्च किये जाते हैं. गजानन, गणेश, कार्तिक, लक्ष्मी, सरस्वती के साथ महिषासुर का वध करती मां दुर्गा की हजारों रुपये की प्रतिमा स्थापित की जाती हैं. अद्भुत प्रकाश प्रबंध से सारा शहर जगमग हो जाता है, लेकिन इस बार कोलकाता के श्रद्धालु झारखंड की सोहराय पेंटिंग का भी पूजा पंडाल में अवलोकन करेंगे. झारखंडी संस्कृति में सोहराय कला का महत्व सदियों से रहा है. माना जाता है कि इसका प्रचलन हजारीबाग जिले के बादम से आज से हजारों वर्ष पूर्व हुआ था. ऐसा कहा जाता है कि बादम के राजा कला के अच्छे पारखी और प्रेमी थे. इन राजाओं ने इस कला को काफी प्रोत्साहित किया. जिसकी वजह से यह कला गुफाओं की दीवार से बाहर निकल कर घरों की दीवारों में अपना स्थान बना पाने में सफल हुई. उस समय ऐसा कोई घर नहीं था, जहां की महिलाएं इस कला से अपने घरों को सजाना नहीं जानती हों. बदलते परिवेश में इसके कलाकार और इसे जानने वाले लोगों की संख्या कम होती गई. जो गिने-चुने लोग इस कला को जानते हैं, वे अपनों पुरखों से इसे सीखते आये हैं. यूं तो हजारीबाग क्षेत्र में यह कला ज्यादा लोकप्रिय है, लेकिन धीरे-धीरे अब यह कला वैश्विक पटल पर छाने लगी है. सोहराय पर्व के दौरान देशज दूधी माटी से सजे घरों की दीवार पर महिलाओं के हाथों के हुनर अब भी देखने को मिलते हैं, लेकिन अब दूधी माटी की जगह चूने ने ले ली है. पहले इस कला को प्राकृतिक रंगों और गोबर के मिश्रण से बनाने की परंपरा थी. बदलते समय में बाजार को देखते हुए मिट्टी की दीवारों पर बनने वाली सोहराय पेंटिंग अब कैनवस पर जल रंग, एक्रेलिक रंग और तैल रंगों के प्रयोग से बनने लगी है और इसे राष्ट्रीय पहचान मिलने लगी है. इसी सोहराय पेंटिंग को झारखंड की पांच महिला कलाकारों ने सात दिनों में कोलकाता के पूजा पंडाल में बनायी है. हजारीबाग जिले की रहने वाली पांचों महिला कलाकार मालो देवी, पुतली गंजू, देवंती देवी, सुशीला देवी और उर्मिला देवी ने अलका इमाम की देख-रेख में कोलकाता फर्न रोड, लेक गार्डन, बालीगंज के पूजा पंडाल में प्लाईवुड पर मिट्टी का लेप लगाकर सोहराय पेंटिंग को उकेरा है. इसके साथ ही प्रमिला लकड़ा, उषा पन्ना, अंजना मंजनी और बेलांगी रॉबर्ट ने हैण्ड पेंटिंग से तीन सोहराय साड़ी भी स्थापित मूर्ति के लिये बनायी, जिसका डिजाइन एडम इमाम द्वारा किया गया. इस कला की भौगोलिक प्राकृतिक गुणवत्ता के कारण ही 2020 में केन्द्र सरकार की यूनिट डिपार्टमेंट ऑफ इंटैलैक्चुअल प्रोपर्टी जियोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्रीश (बौद्धिक भौगोलिक प्राकृतिक संपदा विभाग) की तरफ से जीआई टैग मिला. इस कला को वैश्विक पटल पर लाने में राज्य सरकार और कई संस्थाओं के अलावा कई कला प्रेमियों व कला पारखियों का अहम योगदान रहा है.

# आखर



## जो मुड़ के देखता हूं

आज अपनी लेखन यात्रा को साझा कर रहे हैं लगभग सात दशक से सृजनशील वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी. सौम्य मुस्कान के साथ साहित्यिक जगत में अपनी विनम्र उपस्थिति दर्ज करते अशोक प्रियदर्शी को देख कर इस कहावत पर शंका शेष नहीं रह जाती कि फलदार वृक्ष झुके होते हैं.

# "बतौर शिक्षक और लेखक संतुष्ट हूं जिंदगी से और क्या चाहिए!"

मैं काशी में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहा था. एक रिश्तेदार को बीएचयू की बीए परीक्षा में तीसरी बार शहीद हुआ पाकर एक व्यंग लिखा –"शोध के तीन साल." लॉज में एक सीनियर सहपाठी ने आलेख देखा. बोले, "दो, गांडीव में छपवा दूंगा." अगले दिन वे दैनिक 'गांडीव' की एक प्रति दे गए. मेरा आलेख संपादकीय पृष्ठ पर छपा था. मेरे लिए यह जादू था. यह सन् 1955 की बात होगी.

लेखकीय पूंजी के नाम पर कुल इतने के साथ मैंने रांची कॉलेज में बीए में हिंदी ऑनर्स के साथ प्रवेश लिया. मेरे सहपाठियों में श्र कु गोस्वामी जी (कई उपन्यासों के लेखक) तथा ज़फ़र अहमद थे. (ज़फ़र साहब बहुत बाद में रांची के दूरदर्शन केन्द्र में निदेशक बनकर आए, यहीं उनका निधन हो गया.) खैर. काशी से आया होने के कारण मित्रों ने मुझको लेखक मान लिया था. तृतीय वर्ष में था तो मैंने एक संस्मरणात्मक कहानी लिखी और पटना से प्रकाशित होने वाली मासिक पत्रिका 'अवंतिका' को भेज दी और साथ के पत्र में लिख दिया कि मैं बीए का विद्यार्थी हूं. आपका दिशा -निर्देश मिले तो मुझे बल मिलेगा. पत्रिका के संपादक थे लक्ष्मी नारायण सिंह "सुधांशु." उनका पत्र मिला. पोस्टकार्ड पर उन्होंने लिखा था - प्रियवर, आपकी कहानी छोटी, किन्तु मार्मिक है. आपमें लिखने की क्षमता है. अध्ययन के साथ इसका उपयोग करें. भाषा -शुद्धता पर आपको विशेष ध्यान देना है.

कुछ ही दिनों के बाद एक दिन गोस्वामीजी ने कहा, "लाल बाबू (राधाकृष्ण) रांची आए हुए हैं, मिलने चलिएगा?" हम दोनों गए. लाल बाबू को गोस्वामीजी ने मेरा परिचय दिया - मेरे सहपाठी हैं. इनकी एक कहानी अवंतिका में आ रही है. लाल बाबू ने कहा, अवंतिका तो बंद होने जा रही है. मैं विस्मित! कोई कैसे जान सकता है कि कोई पत्रिका बंद होने जा रही है! पत्रिका का आखिरी अंक काफी मोटा निकला. उसमें मेरी कहानी भी थी.

### जब भारती जी ने मुझे भोजपुरी का 'रेणु' बताया

चतुर्थ वर्ष में था तब एक आलेख मैंने साप्ताहिक हिंदुस्तान को भेजा – "सुना है सनम को कमर ही नहीं है." रचना छपी. उस आलेख के साथ एक अत्यंत स्थूलकाय महिला का व्यंग्यचित्र था. नीचे लिखा था - कमर नहीं होने की एक स्थिति यह भी होती है. वह आलेख बहुत लोकप्रिय हुआ. लोगों ने चटखारे ले - लेकर पढ़ा. तब भोजपुरी गांव मेरे भीतर जीवित था. भोजपुरी ग्रामीण चरित्रों को लेकर मैं कहानियां लिखता रहा और महीने -दो महीने के अंतराल से वे साप्ताहिक हिंदुस्तान में छपती रहीं. सन् साठ में मेरे एमए कर लेने के बाद भी यह सिलसिला चलता रहा. हां, साप्ताहिक हिंदुस्तान में मेरी जो पहली कहानी छपी थी, उसका शीर्षक था "वह आदमी." केरल के किन्हीं एपी सुलेखन नायर ने पोस्टकार्ड पर लिख भेजा कि वे उस कहानी का मलयालम में अनुवाद करना चाहते हैं. इस प्रकरण के एकमात्र साक्षी गोस्वामीजी अब स्वर्गस्थ हैं. मेरी एक-आध रचना धर्मयुग में छप चुकी थी. धर्मयुग को मैंने एक कहानी भेजी. सन् इकसठ में धर्मयुग ने एक कहानी - विशेषांक निकाला. उस अंक में छपी पहली कहानी मेरी थी –"बौड़म". संपादकीय टिप्पणी में लिखा गया था - इस अंक का प्रारंभ अपेक्षाकृत नए चार हस्ताक्षरों से हो रहा है. ये हैं अशोक प्रियदर्शी, रॉबिन शॉ पुष्प, गुरुवचन सिंह, शरद जोशी. कलकत्ता के 'विनोद' में तथा अन्यत्र भी मेरी कहानियां छपीं. डॉ धर्मवीर भारती ने किसी पत्रिका में लिखा कि अशोक प्रियदर्शी भोजपुरी के 'रेणु' हैं.

### अथ नियुक्ति कथा

मैं कॉलेजों में नियुक्ति के लिए प्रयत्नशील था. जीएलए कॉलेज, डालटनगंज के लिए कमीशन ने मेरा नाम प्रथम अनुशंसित किया, जीबी ने मुझको नहीं रखा. मैंने अपनी पीड़ा का एक आवेदन कुलाधिपति को भेजा. वह पत्र रांची विवि के कुलपति के पास आ गई होगी. टाटा कॉलेज, चाईबासा में हिंदी के व्याख्याता का एक पद वी सी नियुक्ति के लिए विज्ञापित हुआ. मैंने सिर्फ एक पन्ने का आवेदन भिजवा दिया. उन्हीं दिनों




मेरी एक कहानी 'कादंबिनी' में आई थी. मैं साक्षात्कार के लिए गया. बाबू शार्गधर सिंह कुलपति थे. उन्होंने मेरा नाम जानकर पूछा -कादंबिनी में तुम्हारी ही कहानी छपी है? मेरे "जी" कहने पर उन्होंने पूछा -अभी क्या कर रहे हो? मैंने बताया, "ए जी बिहार में हूं". उन्होंने फिर पूछा - वहां साहित्यकार के लिए कोई जगह है क्या? मैंने विनम्रतापूर्वक कहा, "जी, मैं वहां अपर डिवीजन क्लर्क हूं". उन्होंने कहा-ठीक है, जाओ. मिनट भर में बात रजिस्ट्रार के पास पहुंच गई. मुझे ए जी से मुक्ति का पत्र लाने और नियुक्ति -पत्र ले जाने को कहा गया. चाईबासा में कोई दस महीने रहने के बाद मुझसे सिमडेगा जाने को कहा गया - दैट इज ए गुड कॉलेज. गो देयर. मैंने तबतक सिमडेगा का नाम भी नहीं सुना था. गया. कमीशन ने वह पद विज्ञापित कराया, मुझे भी बुलाया. मेरा नाम आया. प्रथम नियुक्ति की तिथि से मेरी सेवा मान्य की गई. यानी मेरी जीविका का आधार मेरा लेखन ही बना.

### लेखन को गांव घर की मान्यता

मैं सिमडेगा कॉलेज में शिक्षक हो गया था. आदिवासियों की निश्छल सरलता प्रीत करती थी, किंतु लिखने -पढ़ने जैसा माहौल वहां था नहीं, मेरा भोजपुरी संपर्क भी छूट गया था. लंबे अंतराल के बाद एक कहानी लिखी –"एक हीरा बिकाला नवाब-गली में" और रविवार को भेज दिया. गांव का एक प्रसंग शिद्दत से याद आ रहा था, एक जीवित पात्र के सुगन नाम का कोई विकल्प मुझको सूझ नहीं रहा था. रविवार को कहानी भेजकर मैंने सोचा कि हमारी तरफ इस पत्रिका को कोई पढ़ता ही नहीं होगा. सुगन भाई के पिताश्री को तरका पर गांव में बसाया गया था. सासाराम के निकट के एक गांव सिकरिया के एक मास्टर साहब सासाराम से वह अंक खरीद कर ले गए. सुगन भाई के लड़ाका पिता मूलतः वहीं के थे, सो वह कहानी सासाराम से लेकर मेरे गांव तक हॉट केक बन गई. छुट्टियों में मैं डरते -डरते गांव पहुंचा. जो पढ़ नहीं सकते थे उन्हें व कहानी पढ़ कर सुनाई गई. गनीमत है, अधिकांश लोगों का मानना था कि मैंने ठीक लिखा है. लाभ यह हुआ कि मेरे छोटे से गांव के लोगों ने जाना कि मैं लिखता भी हूं. यह याद कराने की इच्छा हो रही है कि धर्मयुग के बंद हो जाने के बाद प्रशिक्षु पत्रकार हरिवंश जी और पुराने योकुल (योगेन्द्र कुमार लल्ला आदि रविवार में आ गए थे. इस बीच मेरे भीतर का व्यंग्यबोध जग गया.

### ये दो आमंत्रण

चुहल-चिकोटी वाली पैरोडियां, छोटी -बड़ी व्यंग्य कविताएं मैं लिखता. वे धर्मयुग में छपतीं, बल्कि मुझसे मांगी जातीं. कवि सम्मेलनों के चोंचले मुझे आते नहीं. दो निमंत्रणों की याद मुझको है. एक तो ए जी, बिहार ने मुझे बुलाया. प्रयाग से उमाकांत मालवीय आए थे. अध्यक्षता लाल बाबू (राधाकृष्ण) कर रहे थे. उस शाम रांची के लाड़ले कवि उन्मन जी को श्रोताओं ने हूट कर दिया. मेरी बारी आई तो मैंने पढ़ा - कुत्ते को पागल कहकर गोली मार दो/कवि की प्रतिष्ठा के हाशिए पर लिख दो-बोर है. लाल बाबू ने मेरी पीठ थपथपा कर कहा -- आप कविता का पाठ बहुत बढ़िया करते हैं. फिर एक बार डाल्टनगंज में ठहाका नाम से ट्रेडर्स क्लब द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन के लिए मुझे आमंत्रित करते हुए कहा गया कि बिहार से हम केवल आप को बुला रहे हैं, आप कितनी राशि लेंगे? दशहरे की छुट्टियां हो रही थीं. मेरे घर जाने का रास्ता वही था. मैं गांधी बाबा बन गया. लिखा - मैं पैसे मांगता नहीं. आप जो पत्र-पुष्प देंगे, मुझको स्वीकार होगा. हां, मेरे घर का आटा गीला न हो. ठहाका ने अपने ब्रोशर में धर्मयुग में प्रकाशित मेरा एक व्यंग्य उद्धत कर रखा था - जो सर्वदलीय राजनीतिक सम्मेलन होना था, हुआ? क्या हुआ?/-हुआ. होना क्या था, हुआं-हुआं!

मैं डालटनगंज पहुंचा. गोविन्द व्यास मिले. परिचय के बाद बोले--आइए, आपको काका जी से मिलवाता हूं. काका से व्यास ने कहा - ये अशोक प्रियदर्शी जी हैं. धर्मयुग में जहां आपकी कविताएं छपती हैं वहां कभी -कभी इनकी रचनाएं भी छपती हैं. नासिका प्रधान स्वर में काका बोले, आज तो बड़े-बड़े विद्वानों के दर्शन हुए!

रात में कवि -सम्मेलन एक सिनेमा - हॉल में प्रारंभ हुआ. काका धीरे से बोले - यार, पिक्चर - हॉल में कवि - सम्मेलन जमता नहीं. बांग्लादेश का मुक्ति युद्ध अभी-अभी बीता था. काशी से नज़ीर बनारसी और कोई चौचक बनारसी आए हुए थे. नज़ीर साहब सेकुलर मिजाज के वरिष्ठ कवि थे. बनारस मैं हर दौर में चौचक टाइप एक हास्य कवि नमूदार हो जाते हैं. कान में वे बोले - हम त भोजपुरी में लिखी चला! इहंवां लोग भोजपुरी समझिहें? मैंने उनको आश्वस्त किया -- इहां लोग भोजपुरिए समझिहें. मैं झिझकता हुआ, उन्हीं के साथ दूसरी कतार में बैठा था. काका ने गोविन्द व्यास से कहा – यार, माइक सम्हाल, कहां मुझे परेशान करेगा!

गोविन्द व्यास खड़े हुए. हॉल खचाखच भरा था. कई मिनटों तक वे यह बतलाते रहे कि ऐसे-ऐसे दिग्गज कवियों के आने से आज डालटनगंज धन्य हो गया है. फिर अचानक चौंकते से बोले--अरे हां, ये अल्हड़ बीकानेरी है न, एक दिन रोते-रोते मेरे पास आया. मैंने पूछा, रोता क्यों है यार? ये बोला - मेरी शादी हो गई! मैंने कहा -ये तो खुशी की बात है. रोता क्यों है? ये बोला, उसके लिए नहीं रो रहा हूं. मैंने कहा -फिर? तो बोला-मैं उसे विदा करा के ले आया. मैंने कहा -शादी की है, तो लाना ही था. इसलिए नहीं रो रहा हूं, ले आया तो माता निकल गई. मैंने इसे समझाया, तेरी क्या ग़लती! तू तो पत्नी ही समझ कर लाया न! चौचक धीरे से बोले--सरवा कवि -सम्मेलन करत हउंअन कि भंड़ैती करत हउँअन? यानी कवि -सम्मेलनों के लिए मैं मिसफिट ही रहा.

### शाल-वन का आखिरी पेड़

जब रांची आया तो यहां हवा यह थी कि खाते हैं छोटानागपुर का, तो यहां के चरित्रों पर कलम चलाइए. मेरी विनम्र धारणा यह है आदिवासी -समाज एक बंद समाज है. कोई वेरियर एल्विन बन जाए तो इस समाज को जाने! फिर भी आदिवासी चरित्रों और इस परिवेश की कई कहानियां लिखीं. "शाल-वन का आखिरी पेड़" काफी चर्चा में रही. कहानी मूल रूप से "आजकल" में छपी और दूर-दूर से पत्र आए. मराठी में तो यह अनूदित होकर छपी भी. इसके पहले मैंने आकाशवाणी के नाटक-सप्ताह के लिए रेडियो नाटक में बदला और यह अविभाजित बिहार के हर आकाशवाणी-केन्द्र से प्रसारित हुआ और 'समकालीन भारतीय साहित्य' में यथावत छपा. यों मेरे कई रेडियो -स्किट उस दौर में विविध भारती के 'हवा महल' में प्रसारित हुए जब यह प्रसारण केवल मुम्बई से होता था. "आकाशवाणी" में भी मेरे व्यंग्य छपे. आकाशवाणी, रांची के लिए मैंने तेरह-तेरह एपिसोड वाले तीन नाटक लिखे, कई छोटे नाटकों के अलावा. रांची दूरदर्शन के लिए भी कुछ नाटक लिखे. "लोहा सिंह" वाली "खदेरन को मदर" का साक्षात्कार रांची दूरदर्शन के लिए लिया, उससे आत्मिक सुख मिला.

### किताबों का प्रकाशन, गीत लेखन

एक आदिवासी चरित्र 'केन्द्री' पर आलेख 'आजकल' में छपा और पसंद किया गया. कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले एक पत्र के पूजा विशेषांक के लिए दो -तीन वर्षों तक व्यंग्य लिखे. रांची आने के बाद दो कहानी -संकलन, दो व्यंग्य -संकलन, व्यंग्य कविताओं का एक संकलन छपा. ललक जगी कि रेडियो पर सुगम संगीत के अंतर्गत मेरे गीत भी बजें. पता चला कि रेडियो का ऐक्रेडिटेडेड गीतकार बनाए जाने पर विचार तभी हो सकेगा जब एक साथ 28 गीत भेजे जाएं. मैं रोज़ एक गीत लिखने लगा और 28 गीत आकाशवाणी, रांची को भेज दिए. तत्कालीन संगीत -संयोजक महोदय ने मुझे बुलाया. कहा - आपके तीन गीत पसंद आए हैं, इनकी धुन मैं बनाऊंगा. तीनों गीत प्रसारित हुए. मुझको बुलाकर कंपोजर महोदय ने कहा -दादा, हमलोग रेडियो पर राष्ट्रीय भावना वाला गीत तो एयर करता ही रहता है, मेरा शौक है जे रेडियो के लिए एक लभ-डुएट कंपोज करूं. ऐसा माफिक गीत लिख कर दीजिए न! आकाशवाणी की मर्यादा का बोध था. मैंने एक युगल गीत लिखा --'तुम जो आए मेरी ज़िन्दगी में तो यों, जैसे दरिया को फिर से रवानी मिली/- तुम जो आए मेरी ज़िन्दगी में तो यों, बंद होंठों को फिर एक कहानी मिली...' गीत प्रसारित हुआ. मेरे गुरुकल्प रांची विवि के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ केशव प्रसाद यह गीत सुनकर इतने प्रीत हुए कि उसी समय फोन कर मुझसे कहा --अशोक जी. छोड़िए कहानी -वहानी लिखना, आप गीत लिखा कीजिए. खड़ी बोली हिन्दी के प्रारंभिक उन्नायकों में से एक सदल मिश्र पर विनिबंध लिखा, जो प्रकाशित हो चुका है. गीतों -कविताओं के दो संकलन प्रकाशित हुए. अब पगुरा रहा हूं. ज़िन्दगी से मुझको कोई शिकायत नहीं है. लोगों का प्रभूत प्यार और सम्मान पाया, जीने को और क्या चाहिए! मैंने अपने शिक्षक जीवन और लेखकीय जीवन का पूरा आनंद लिया..



### परिचय

**नाम :** डॉ अशोक प्रियदर्शी
**जन्मतिथि :** 13 नवंबर 1937
**मूल निवासी :** बिहारशरीफ (बिहार)
**पुश्तैनी आवास :** बिहार के कैमूर (भभुआ) जिले के गांव माधवपुर में.

**शिक्षा :** स्नातकोत्तर (हिंदी) पी एच डी. रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त.

**कृतियां :** करम का लेख, शालवन का आखिरी पेड़ (कथा-संग्रह), कल्लू सुराजी और जश्ने आजादी, खुला बाजार उर्फ झुमरी तलैया (व्यंग्य -संग्रह), कामायनी पढ़ते हुए (आलोचना), हाशिए पर (व्यंग्य कविताएं), गीत-न-गीत (गीत संग्रह), जंगल (उपन्यास), आधुनिक हिंदी के निर्माता -सदल मिश्र (शोधपरक विनिबंध)

**सम्मान :** बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन सम्मान, राधाकृष्ण पुरस्कार (33 वां/वर्ष 2012),अक्षर कुंभ सम्मान,जगन्नाथ राम शर्मा स्मृति सम्मान

**संपर्क :** – एम आई जी (एस एफ), फ्लैट संख्या 82, सहजानंद चौक, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची

---

आखर के पिछले अंक में सुविख्यात कवि शंभु बादल और वरिष्ठ लेखक विद्याभूषण के आपसी संवाद ने साहित्य व समाज के कई आयाम खोले थे. इस अंक में आलोचकी दृष्टि व लेखक के व्यक्तित्व मसले पर दोनों लेखकों की बातचीत...

# "वैचारिक से व्यक्ति केंद्रित हो गए हैं विवाद"

**शंभु बादल :** रचना के मूल्यांकन क्रम में आलोचकी दृष्टि क्या रचनाकार के व्यक्तित्व की ओर भी जाती है? यदि हां, तो यह व्यक्तित्व किस हद तक मूल्यांकन को प्रभावित करता है?

**विद्याभूषण :** रचना और रचनाकार के व्यक्तित्व जैसा सवाल सैद्धान्तिक रूप से एकेडमिक सवाल है जिस पर विभिन्न पक्षों के तर्क-वितर्क पर लंबे समय तक वाद-विवाद चलते रहे हैं. हिन्दी आलोचना परम्परा में वैचारिक खेमाबंदी का सिलसिला बेशक बहुत पुराना है. पहले टकराव के पीछे वैचारिक हठ या आग्रह-दुराग्रह हुआ करते थे. बाद के दिनों में विवाद के मुद्दे व्यक्ति केन्द्रित होते चले गये. श्याम सुन्दर दास, रामचन्द्र शुक्ल, राहुल सांकृत्यायन, रामविलास शर्मा, चन्द्रबली सिंह और हंसराज रहबर तो इस द्वंद्व के यादगार पुरखे रहे. नन्द दुलारे वाजपेयी, नगेन्द्र, नामवर सिंह और शुकदेव सिंह जैसे नामचीन भी इस कोलाहल में कतारबद्ध हुए. नीलाभ के संपादन में 'हिन्दी साहित्य का मौखिक इतिहास" के चार खंडों में अनेक ब्योरे दर्ज मिल सकते हैं. कोलकाता की पत्रिका "लहक" के ढेर सारे पन्ने इस मुद्दे की सामयिक हलचलों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर खर्च हुए हैं. विश्वविद्यालयों की एकेडमिक आलोचना और शोध उपाधियों पर रोचक सामग्री यत्रतत्र सर्वत्र सुलभ है. संपादकीय तानाशाही के किस्से भी कम चर्चित नहीं हुए. इस लपेटे में भैरव प्रसाद गुप्त से लेकर धर्मवीर भारती, राजेन्द्र यादव और रवीन्द्र कालिया तक घसीटे जा चुके हैं. इनके ब्योरों में जाने में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है. ढेर सारी बातें अतिरंजित भी हो सकती हैं.





हिन्दी संसार में इसके ताजा रुझानों पर नजर डाली जाये तो इसके नये पहलुओं का भीषण परिचय मिल सकता है. यहां व्यक्तित्व शब्द को हैसियत में बदल कर देखने से माहौल का सटीक आकलन होगा. हिन्दी आलोचना और समीक्षा का परिदृश्य अराजक घोड़ों की टापों से गुलजार है. रचनाकार के मूल्यांकन की कसौटी अगर सिर्फ रचना होती तो मतभेद का लिहाज बचा रहता. नामतालिका देने से बचते हुए सिर्फ रुझानों की चर्चा की जाये तो कहना चाहिए संपादकों, अध्यापकों, अफसरों, लेखक संगठनों, आयोजकों, जातीय गुटों और क्षेत्रीय क्षत्रपों का दबदबा इस क्रिटिकल सिस्टम को प्रदूषित करने लगा है. ऐसे माहौल में आलोचना के मानदंड की चर्चा फिलहाल शाकाहारी सदाचार के नाम पर नतशिर होना जान पड़ता है. जहां तक साहित्यिक ईमानदारी की बात है तो, वरवर राव जैसे परिवर्तनकामी और प्रतिबद्ध कलमकारों से क्षमा मांगने के बाद, कहना चाहिए कि लेखन भी एक कैरियर उन्मुख प्रोफेशन बन गया है, उसकी मिशनरी यात्रा फिलहाल स्थगित है.

---

## अपने ही घर में अनजान हैं बेगम अख्तर

# ऐ मोहब्बत तेरे, अंजाम पे रोना आया



प्रदीप श्रीवास्तव

कल ग़ज़ल गायिका बेगम अख़्तर का जन्मदिन है. 7 अक्टूबर को 1914 लखनऊ से 120 किलोमीटर दूर फैज़ाबाद (अयोध्या) में उनका जन्म हुआ था. विशेष बात यह है कि जिस गंगा जमुनी की जमीं पर उन्होंने जन्म लिया था, वहीं के लोग आज उन्हें नहीं जानते. नई पीढ़ी तो बिलकुल ही नहीं. फैज़ाबाद के मुख्य बाजार चौक से मात्र 1500 मीटर की दूरी साहबगंज मोहल्ले में वह घर आज भी है, जहां पर बेगम अख़्तर ने जन्म लिया था. उस घर का कोई पुरसा हल नहीं है.

ऐ मोहब्बत तेरे,अंजाम पे रोना आया।
जाने क्यूं आज तेरे, नाम पर रोना आया।।

सच बेगम अख्तर की इन लाइनों को सुनने पर रोना ही आता है. जिस शहर में उन्होंने आखें खोली थी,आज उसी शहर में उनके नाम पर कुछ भी तो नहीं है. ग़ज़ल की बेताज बादशाह ही तो थीं वह, जिन्हें आज भी बेगम अख्तर के आलावा अख्तरी बाई के नाम से जानते हैं. वह रंगमंच की एक बेहद परिपक्व रंगकर्मी भी थीं. जहां तक मेरी जानकारी है, फैज़ाबाद की वह एक मात्र शख्सियत थीं जिन्हें दो बार राष्ट्रीय सम्मान 1960 में पदमश्री एवं 1974 में (मरणोपरांत) पदमविभूषण से नवाज़ा गया. वह एक बेहतरीन अभिनेत्री भी थीं. उन्होंने 1933 से 1942 तक रुपहले परदे पर जलवा बिखेरा था. एक दिन का बादशाह, नल-दमयंती, आमीना, मुमताज़ बेगम, जवानी का नशा, नसीब का चक्कर, एवं रोटी, जैसी फिल्मों में अभिनय किया. 1942 में कोलकता से वापस लखनऊ आ गईं और उस समय के जाने-माने बैरिस्टर जनाब इश्तियाक अहमद अब्बासी से निकाह कर लिया. अपने अंतिम समय तक वहीं रहीं. उनकी कब्र आज भी पुराने लखनऊ की तंग गली में है.

### सरोजनी नायडू हुईं फिदा

साल था 1930. बिब्बी अब अख्तरी हो गई थीं. 15 की उम्र में उन्होंने मंच पर पहला कलाम पेश किया तो सामने बैठी कवयित्री सरोजनी नायडू फिदा हो गईं और खुश होकर उन्हें एक साड़ी भेंट की. इस गजल के बोल थे, 'तूने बूटे ए हरजाई तूने बूटे हरजाई कुछ ऐसी अदा पाई...' गजल खत्म कर वह आखिर में वह एक किशोर हड़बड़ाहट के साथ कहती हैं, 'मेरा नाम अख्तरी बाई, फैजाबाद'

### शोखी भी, गहराई भी

बिब्बी बहुत जल्द समान अधिकार से गजल, ठुमरी, टप्पा, दादरा और ख्याल गाने लगीं. आगे चलकर हिंदुस्तान ने उन्हें 'मल्लिका-ए-गजल' कहा और पद्मभूषण से नवाजा. हिंदुस्तान में शास्त्रीय रागों पर आधारित गजल गायकी को ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सेहरा अख्तरी बाई के सिर ही बंधना चाहिए. 'कोयलिया मत कर पुकार करेजा लगे कटार..', 'छा रही घटा जिया मोरा लहराया है' जैसे गीत उनके प्रसिद्ध गीतों में शुमार हैं. बेगम अख़्तर की गायकी जहां एक ओर चंचलता और शोखी भरी थी, वहीं दूसरी ओर उसमें शास्त्रीयता और दिल को छू लेने वाली गहराइयां भी थीं. आवाज में गजब का लोच, रंजकता और भाव अभिव्यक्ति के कैनवास को अनंत रंगों से रंगने की क्षमता के कारण उनकी गाईं ठुमरियां बेजोड़ हैं.

30 अक्टूबर, 1974 को बेगम साहिबा का शरीर दुनिया को अलविदा कह गया, जिनकी मज़ार पुराने लखनऊ में है. लेकिन उनकी आवाज को आने वाली पीढ़ियों को सुकून बख्शने का एक करार था शायद, जो आज भी हाथ में आईफोन लेकर लड़के यूट्यूब पर 'बेगम अख्तर गजल्स' लिखते रहते हैं.



### संगीत से इश्क

मां-बाप ने बड़े प्यार से नाम रखा, 'बिब्बी'. बिब्बी को संगीत से इश्क हुआ 7 साल की उम्र में, जब उसने थियेटर अभिनेत्री चंदा का गाना सुना. उस जमाने के मशहूर संगीत उस्ताद अता मुहम्मद खान, अब्दुल वाहिद खान और पटियाला घराने के उस्ताद झंडे खान से उन्हें शास्त्रीय संगीत की दीक्षा दिलाई गई.

### निकाह के बाद छोड़ा गाना

अख्तरी के पास सब कुछ था, लेकिन वह औरत की सबसे बड़ी सफलता एक कामयाब बीवी होने में मानती थीं. लखनऊ में बैरिस्टर इश्तियाक अहमद अब्बासी से मुलाकात जल्द निकाह में बदल गई और इसके साथ ही अख्तरी बाई, बेगम अख्तर हो गईं, लेकिन इसके बाद सामाजिक बंधनों की वजह से बेगम अख़्तर को गाना छोड़ना पड़ा. दुनिया की इनायात ने उनका दिल तोड़ दिया. गायकी छोड़ना उनके लिए वैसा ही था, जैसे एक मछली का पानी के बिना रहना. वे करीब पांच साल तक नहीं गा सकीं और बीमार रहने लगीं. यही वह वक्त था जब संगीत के क्षेत्र में उनकी वापसी उनकी गिरती सेहत के लिए हितकर साबित हुई और 1949 में वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो लौटीं. उन्होंने लखनऊ रेडियो स्टेशन में तीन गजल और एक दादरा गाया. इसके बाद उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने संगीत गोष्ठियों का रुख कर लिया. यह सिलसिला दोबारा शुरू हुआ, तो फिर कभी नहीं रुका.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# फिर से भारत-बांग्लादेश की टक्कर : तीन मैचों की टी20 सीरीज आज से




एजेंसी। ग्वालियर

बांग्लादेश को टेस्ट सीरीज में 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारत की नजरें अब रविवार से शुरू हो रहे तीन मैचों की टी20 सीरीज पर है. भारत के लिए ये मुक़ाबला दो मायनों में खास है - एक तो टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम पहली बार घर में खेल रही होगी. दूसरा ये कि ग्वालियर को 14 साल बाद किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेज़बानी मिली है. भारत के लिए ये मुक़ाबला दो मायनों में ख़ास है - एक तो टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम पहली बार घर में खेल रही होगी. दूसरा ये कि ग्वालियर को 14 साल बाद किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेज़बानी मिली है. आख़िरी बार जब इस शहर में अंतरराष्ट्रीय मैच हुआ था तो सचिन तेंदुलकर वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे. हालांकि ये मुकाबला उस मैदान पर नहीं खेला जाएगा बल्कि एक नए नवेले स्टेडियम में बल्ले और गेंद की भिड़ंत देखने को मिलेगी. बांग्लादेश भी अपने सर्वकालिक बेहतरीन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के संन्यास लेने के बाद पहली बार किसी भी फॉर्मेट में मैदान पर उतरेगी. हालांकि महमूदुल्लाह और मुस्तफिज़ुर रहमान का अनुभव इस टीम के पास रहेगा. साथ ही भारतीय पिचों पर युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन से अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजों को होशियार रहने की जरूरत होगी. रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा जो टेस्ट सीरीज का हिस्सा थे - वे तीनों टी20 से संन्यास ले चुके हैं लिहाज़ा सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में एक नई नवेली टीम इंडिया मैदान पर चमक बिखेरने की कोशिश में नज़र आएगी. साथ ही साथ भारत को 16 अक्तूबर से न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलना है इसलिए इस टीम में टेस्ट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को आराम दिया गया है. ग्वालियर की पिच का पेंच माधवराज सिंधिया के नाम पर बने इस नए स्टेडियम पर वैसे तो अब तक कोई भी प्रथम श्रेणी मैच नहीं खेला गया है. हालांकि, इस साल यहां मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग का आयोजन जरूर हुआ था जहां जमकर रनों की बारिश हुई थी. लिहाज़ा भारत-बांग्लादेश के बीच होने वाले इस मुक़ाबले में भी जमकर रन बरसने की संभावना है. ग्वालियर में रविवार को मौसम पूरी तरह साफ़ रहने की उम्मीद है.

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रियान पराग, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या , रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह

**बांग्लादेश :** लिटन दास, परवेज़ हुसैन इमॉन, तंज़िद हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मेहदी हसन मिराज़, तौहीद हृदोय, महमूदुल्लाह, रिशाद हुसैन, तनज़ीम हसन साकिब, तसकीन अहमद, मुस्तफ़िज़ुर रहमान.

### अभिषेक शर्मा का सलामी साझेदार कौन?

भारत ने जुलाई में जब ज़िम्बाब्वे का दौरा किया था, तब भारतीय टीम के एकादश में एक साथ चार सलामी बल्लेबाज़ी खेल रहे थे. हालांकि बांग्लादेश के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए अभिषेक शर्मा के रूप में 15 सदस्यीय दल में सिर्फ़ एक सलामी बल्लेबाज़ को ही चुना गया है. ज़िम्बाब्वे दौरे पर अभिषेक ने 47 गेंदों में शतक जड़ा था, लेकिन अन्य तीन पारियों में वह कुछ ख़ास नहीं कर पाए थे. चूंकि गिल और जायसवाल टी20 में सलामी बल्लेबाज के रूप में भारत की पहली पसंद हैं, इस शृंखला में अभिषेक के पास अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में आगे निकलने का सुनहरा अवसर है. उम्मीद ये की जा रही है कि उनके साथ संजू सैमसन पारी का आग़ाज़ कर सकते हैं. मयंक पर होंगी नज़रें बांग्लादेश के ख़िलाफ़ इस सीरीज़ में रफ़्तार के सौदागर मयंक यादव को दल में शामिल किया गया है. जिनपर सभी की नज़रें होंगी, आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए उन्होंने अपनी तेज़ गति से काफ़ी प्रभावित किया था. पहले दो आईपीएल मैच में उन्होंने प्लेयर ऑफ़ द मैच से भी नवाज़ा गया था लेकिन चोटिल होने के चलते वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे.

## टी20 विमेंस विश्व कप 2024 : भारत और पाकिस्तान का मुकाबला आज

# आज हारे तो बढ़ जाएगी मुश्किल

**टी20 विमेंस विश्व कप में टीम इंडिया का आगाज अच्छा नहीं रहा**

एजेंसी। दुबई



आईसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का आगाज अच्छा नहीं रहा. पहले मैच में न्यूज़ीलैंड से करारी हार मिली. अब उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को अपने दूसरे मुकाबले में खेलना है. हरमनप्रीत कौर की टीम को इस विश्व कप ग्रुप ए में न्यूज़ीलैंड, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के साथ रखा गया है. पहला मुकाबला हारने के बाद भारत को लिए अगला मैच जीतना जरूरी है. पाकिस्तान की टीम ने श्रीलंका को रोमांचक मुकाबले में हराया था. भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूज़ीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा. उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं.

भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया. उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा. यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था. पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को टीम संयोजन में सुधार करना होगा.

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड रहा है. इन दोनों टीम के बीच जो 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं उनमें से भारत ने 12 मैच में जीत दर्ज की है. भारत हालांकि अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं कर सकता जिसका गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है. पाकिस्तान के पास अनुभवी निदा डार, कप्तान फातिमा सना और सादिया इकबाल जैसे अच्छे गेंदबाज हैं.

**पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शानदार आंकड़े :** आकड़े देखे जाए तो ये साफ है कि पाकिस्तान की टीम पर भारतीय टीम का दबदबा रहा है. दोनों टीमों के बीच अभी तक 15 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें से भारतीय टीम ने 12 मैच अपने नाम किए हैं और सिर्फ 3 मैचों में पकिस्तानी टीम बाजी मार सकी है. वहीं, महिला टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें कुल 7 बार आमने-सामने आईं हैं. इस दौरान टीम इंडिया ने 5 बार पाकिस्तान को हराया है. दूसरी और पाकिस्तान की टीम को 2 बार ही जीत नसीब हुई है. ऐसे में दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले इस मैच में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहने वाला है.

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष, यास्तिका भाटिया , पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजना सजीव

**पाकिस्तान :** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली, नशरा संधू, निदा डार, ओमैमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन

## ऑस्ट्रेलिया का विजयी आगाज श्रीलंका को छह विकेट से हराया

एजेंसी। शारजाह

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 5वें मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया टीम ने विश्व कप का विजयी आगाज किया. उसका सामना श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम से हुआ. शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को 6 विकेट से मात दी. शानदार गेंदबाजी के लिए मेगन स्कट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.मेगन ने काफी किफायती गेंदबाजी की. उन्होंने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट चटकाए. श्रीलंका महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 93 रन ही बनाए नीलाक्षी डी सिल्वा ने सबसे ज्यादा नाबाद 29 रन बनाए इस दौरान उन्होंने 40 गेंदों का सामना किया. उनके अलावा हर्षिता मडावी ने 35 गेंदों पर 23 रन, विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी ने 15 गेंदों पर 16 रन और कविशा दिलहारी ने 5 रन बनाए. ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेगन स्कट ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए. उनके अलावा सोफी मोलिनक्स ने 2, एशले गार्डनर-जॉर्जिया वेयरहैम ने 1-1 विकेट लिया. जवाब में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने 14.2 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने 38 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए. अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके भी लगाए. कप्तान एलिसा हीली ने 4 रन, जॉर्जिया वेयरहैम ने 3 रन, एलिस पेरी ने 17 रन और एशले गार्डनर ने 12 रन बनाए. फोएबे लिचफील्ड 9 रन बनाकर नाबाद रहीं. श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी ने 1-1 विकेट लिये.



## टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रनों से हारी टीम इंडिया

# हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला, आगे बढ़ने के लिए हर मैच महत्वपूर्ण है: हरमनप्रीत

एजेंसी। दुबई



महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में, भारतीय खिलाड़ियों सहित कई लोगों ने इस बारे में बात की कि यह टूर्नामेंट के किसी भी संस्करण में खेलने वाली अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम थी, जिसने सभी आधार कवर किए थे. लेकिन टूर्नामेंट से पहले की पसंदीदा टीम हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने ग्रुप ए में सभी पहलुओं में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ खराब शुरुआत की और शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूज़ीलैंड से 58 रनों की भारी हार का सामना करना पड़ा. मैच खत्म होने के बाद निराश हरमनप्रीत ने कहा, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला. आगे बढ़ने के लिए हम जानते हैं कि हर मैच महत्वपूर्ण है. हमने मौके बनाए लेकिन हम उन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए. उन्होंने हमसे बेहतर क्रिकेट खेला, इसमें कोई शक नहीं है. (इन) फील्डिंग में हमने कुछ गलतियां कीं, इसलिए यह हमारे लिए आगे बढ़ने के लिए एक सीख है. हरमनप्रीत ने कहा, हमने कई बार 160-170 के लक्ष्य का पीछा किया है, हम उम्मीद कर रहे थे कि यह स्कोर बोर्ड पर होगा. बल्लेबाजी करते समय, हम जानते थे कि हममें से किसी को बल्लेबाजी करनी होगी, लेकिन हम लगातार विकेट खोते रहे. हम जानते हैं कि यह समूह बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम है, यह वह शुरुआत नहीं थी जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे, लेकिन हमें यहां से आगे बढ़ना होगा.

न्यूज़ीलैंड के लिए, इस प्रारूप में अपनी दस मैचों की हार की लय को तोड़ने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था कि वह एक सुस्त भारतीय टीम पर जीत हासिल करे. कप्तान सोफी डिवाइन ने न्यूज़ीलैंड की पारी के अंत में सूज़ी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के बीच 67 रनों की ओपनिंग साझेदारी के बाद 36 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली, जिससे उन्होंने चिपचिपी पिच पर 160/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया. मुझे लगा कि पारी के शुरूआती चरण में सुजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर ने लय तय की. मैं और मेली (एमेलिया केर) 7-12 ओवरों में शायद थोड़ी धीमी रहीं, लेकिन हम अंत में कड़ी मेहनत करने में सक्षम थे. सोफी ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिलने के बाद कहा, यह बहुत कठिन काम था, गति कम थी और गैप खोजने की कोशिश कर रहे थे. शुरुआत में थोड़ा असहज महसूस हुआ. योगदान देकर वाकई बहुत खुश हूं. हमने पिछले छह महीनों में बहुत मेहनत की है,

### हमारे लिए वापसी मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं : रॉड्रिग्स



**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स ने कहा है कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप में न्यूज़ीलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद किस तरह वापसी करती है, यह टीम के चरित्र को प्रदर्शित करेगा. पहले मैच में ही न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी तगड़ा झटका लगा है. ग्रुप-ए, जिसे पहले ही ग्रुप ऑफ डेथ भी कहा जा रहा था, बस दो दिनों में ही पूरी तरह खुल गया है. भारत को न्यूज़ीलैंड से मिली 58 रन की हार से पहले पाकिस्तान ने भी श्रीलंका को शिकस्त देते हुए एक उलटफेर को अंजाम दिया था. भारत को अगर प्रतियोगिता में वापसी करनी है तो इसके लिए उन्हें यहां से बेहतरीन क्रिकेट खेलनी होगी. रॉड्रिग्स भी इस बात को मानती हैं और हार के बाद उन्होंने कहा, आज मिली हार को हमें भूलना होगा, क्योंकि ये विश्व कप है और हमें लगातार अपने हौसले को बरक़रार रखते हुए आगे बढ़ना होगा. हम इसी मैच के बारे में नहीं सोच सकते, हमें वापसी करनी होगी और इस टीम के चरित्र को दिखाना होगा.

### सिनर ने डेनियल को हराकर रिकॉर्ड बनाया

**शंघाई।** विश्व नंबर-1 जानिक सिनर ने अपना दबदबा कायम रखते हुए शंघाई मास्टर्स में जीत के साथ आगाज किया और जापान के तारो डेनियल को 6-1, 6-4 से हराकर इस सत्र में 60 जीत तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए. साथ ही वो 2000 दशक में जन्मे पहले खिलाड़ी हैं, जिसने करियर में 250 जीत हासिल की। मैच के बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने कहा, आज मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था. मैं शारीरिक रूप से भी अच्छी स्थिति में था, जो मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है. बेशक मैं आगे के लिए सुधार करने की कोशिश करूंगा, लेकिन आज मैं वास्तव में बहुत अच्छी सर्विस कर रहा था, खासकर महत्वपूर्ण क्षणों में मैंने अच्छा परफॉर्म किया.

## रसेल, पूरन, हेटमायर ने टी20 टीम से बाहर रहना चुना

# लुईस, किंग टी20 में वेस्टइंडीज टीम के लिए लौटे

एजेंसी। सेंट जोंस (एंटीगा)



आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने व्यक्तिगत कारणों से बाहर होने का विकल्प चुना है, क्योंकि वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की सफेद गेंद श्रृंखला के लिए एक नयी टी20 टीम की घोषणा की है. उनकी अनुपस्थिति में, टीम दांबुला में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में नयी प्रतिभाओं और वापसी करने वाले चेहरों को आजमाएगी, जो टीम की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा का आकलन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है. सबसे उल्लेखनीय वापसी में से एक सलामी बल्लेबाज एविन लुईस की है. लुईस के साथ ब्रैंडन किंग भी शामिल होंगे, जो एक और वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जो साइड इंजरी से उबर चुके हैं, जिसकी वजह से वे टी20 विश्व कप और 2024 कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से बाहर हो गए थे. रसेल और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने दो नए चेहरों को बुलाया हैः ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर टेरेंस हिंड्स और एंटीगा और बारबुडा फाल्कन्स के शमर स्प्रिंगर.

**टी20 टीमः** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक एथनाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर

**वन डे की टीमः** शाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक एथनाज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर

## पहली पारी में बढ़त लेने के कारण मुंबई की टीम को जीत मिली, 27 साल बाद जीती ट्रॉफी

# ईरानी कप 2024: ड्रॉ हुआ मैच, पर मुंबई बना विजेता

एजेंसी। नयी दिल्ली



साल 2024 का ईरानी कप रेस्ट ऑफ इंडिया बनाम मुंबई के बीच खेला गया. यह मुकाबला ड्रॉ रहा. लेकिन पहली पारी में बढ़त लेने के कारण मुंबई की टीम को जीत दे दी गई. रेस्ट ऑफ इंडिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. जो उनके लिए कारगर साबित नहीं हो सका. पहले बैटिंग करने आई मुंबई ने पहले दिन चार विकेट पर 237 रन बनाए थे. मैच के दूसरे दिन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 86 और सरफराज खान 54 रन से आगे पारी बढ़ाई. रहाणे तो थोड़ी ही देर में आउट हो गए. वे तीन रन से शतक चूक गए. लेकिन सरफराज खान ने अपनी पारी में दोहरा शतक जड़ दिया. पहली पारी में 10 विकेट के नुकसान पर 537 रन बनाए थे, जिसमें सरफराज खान के 222 रन शामिल थे. रेस्ट ऑफ इंडिया की ओर से मुकेश कुमार ने 5 विकेट अपने नाम किए थे.

दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी रेस्ट ऑफ इंडिया ने 416 रन बनाए.

### सरफराज खान बने प्लेयर ऑफ द मैच

अपने शानदार दोहरे शतक के लिए सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया. उन्होंने इस अवॉर्ड को पाने के बाद कहा, मैं प्रोसेस को फॉलो करने की कोशिश करता हूं. यदि आप पूरे भारत में खेल चुके हैं तो आप विकेट को अच्छे तरह से समझोगे. आप ये देखने की कोशिश करें कि सीनियर खिलाड़ी कैसे प्रदर्शन कर रहे हैं. हमें मुझे अपनी कमजोरियों पर भी काम करने की जरूरत है.

**बेबाक राय**

## सात साल बाद फिर से हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है

# भारतीय हॉकी के लिए एचआईएल की वापसी बेहतरीन : हरमनप्रीत

एजेंसी। बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग की वापसी की घोषणा की, जिसमें आठ पुरुष टीमें और छह महिला टीमें शामिल होंगी. यह देश की पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी. लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों - झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और ओडिशा के राउरकेला में बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी. महिला लीग का समापन 26 जनवरी, 2025 को रांची में होगा, जबकि पुरुषों का फाइनल एक फरवरी, 2025 को राउरकेला में होगा. भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते हुए सितारे के रूप में उभरे और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया.

### खास बातें

- टीम इंडिया के कप्तान सरपंच नाम से प्रसिद्ध हैं
- हरमनप्रीत एचआईएल के लिए काफी उत्सुक हैं



उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के मानक को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है और इसकी घोषणा के बाद अपनी अपार खुशी व्यक्त की है.

हरमनप्रीत सिंह ने कहा, भारतीय हॉकी के लिए हॉकी इंडिया लीग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता. पिछली बार यह सीखने का एक शानदार अनुभव था और मुझे यकीन है कि सभी हॉकी खिलाड़ी लीग में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं. यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, उनके खेलने के तरीके में सूक्ष्म अंतर को देखने और उन अच्छी आदतों को अपनाने का एक शानदार अवसर होगा, जो उन्हें नजर आती हैं. हरमनप्रीत सिंह ने 2017 हॉकी इंडिया लीग के दौरान छह गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट का उभरता खिलाड़ी चुना गया. तब से उन्होंने हॉकी की दुनिया में तहलका मचा दिया है, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल किए हैं. हरमनप्रीत ने खुलासा किया, हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था. लीग ने मुझे अलग-अलग कोचों के तहत अलग-अलग खेल शैलियों से परिचित कराकर मेरे कौशल को निखारने का मंच प्रदान किया. लीग में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना आपके दिमाग को खोलता है और आपको कई दृष्टिकोण और सोचने के तरीके प्रदान करता है. यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अभिन्न था और इसने निश्चित रूप से टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया.

### मुझे बाबर से ज्यादा विराट पसंद : नवाज

**नयी दिल्ली।** बाबर आजम या विराट कोहली, कौन है बेस्ट बल्लेबाज? यह सवाल काफी पुराना है लेकिन जब भी इस पर चर्चा होती है तो फैंस के बीच हमेशा जुनून देखने को मिलता है. अब इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने दिया है। सिदरा नवाज ने आईएएनएस से कहा, मुझे दोनों पसंद हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैं विराट कोहली को चुनती हूं. विराट कोहली ने खेल के इतिहास में शायद सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है. आईसीसी इवेंट से लेकर तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन सराहनीय है. कोहली का सबसे सफल प्रारूप वनडे रहा है क्योंकि उन्होंने 295 मैचों में 13,906 रन बनाए हैं.

## बारबाडोस 2026 में, गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा

एजेंसी। त्रिनिदाद

कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है. यह घोषणा गत सीपीएल चैंपियन गयाना अमेज़न वारियर्स द्वारा 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने से कुछ समय पहले की गई. गयाना के अध्यक्ष मोहम्मद इरफ़ान अली ने टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और 2025 के फाइनल की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया. उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर गयाना अमेज़न वारियर्स को सफलता की कामना करना चाहता हूं. मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा.

सीपीएल के सीईओ पीट रसेल ने लीग के इतिहास में दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया. रसेल ने दोनों देशों की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 वर्षों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं और यह घोषणा करना वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमशः 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होंगे. 2019 में अपना आखिरी खिताब जीतने वाले दो बार के सीपीएल चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स के पास अब 2026 में तीसरा खिताब जीतने का मौका होगा.

▼ ब्रीफ खबरें

### अररिया से बांग्लादेशी नागरिक पकड़ाया

**अररिया ।** अररिया में बीते तीन साल से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को मुखिया ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है. तीन साल पहले भारतीय सीमा को लांघकर अररिया में प्रवेश करने वाले नवाब ने सरकारी सिस्टम के साथ जमकर खिलवाड़ किया. न केवल वह भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर अवैध तरीके से रहते हुए भारत में निकाह की. बल्कि आधार कार्ड से लेकर वोटर आई कार्ड भी बना डाला. उसने चार माह पहले बनवाए आधार कार्ड में अपने पिता के नाम के स्थान पर अपने चचिया ससुर का नाम अंकित करवाया.

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के भोपतपुर ओपी थाना के जगीरहा बैरिया में शौच के लिए गए युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई. मृतक की पहचान सिपाही राय के पुत्र अजय कुमार के रूप में हुई. सूचना पर पहुंची भोपतपुर ओपी थाना पुलिस ने शव को नदी से निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा. मृतक शनिवार को शौच के लिए गांव के समीप से गुजरने वाली नदी के किनारे गया था. जहां उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में चला गया. इस बीच डूबने से उसकी मौत हो गई. देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनो ने उसकी खोजबीन की. इस बीच ग्रामीणों ने नदी किनारे शव उपलाता हुआ देख कर पुलिस को सूचना दी.

### चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के तुरकौलिया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग चोरी की घटना में चोरी के समान सहित तीन चोर को पकड़ कर मामले का उद्भेदन कर लिया है. पकड़े गए चोर रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मजुंराहा के हीरानंद सहनी का पुत्र अजय सहनी, रामनाथ पासवान का पुत्र बबलू कुमार व मुफस्सिल थाना के बतरौलिया गांव के रामदेनी प्रसाद के पुत्र रंजन कुमार है. उल्लेखनीय है कि गत एक अक्टूबर की रात में टिकैता पंचायत के वार्ड 12 स्थित सेमरा गांव के व्यवसाई बैजू प्रसाद के घर का ताला तोड़ चोरों ने नकद 90 हजार रूपया सहित करीब 13 लाख के जेवरात व एलसीडी की चोरी कर लिया था.

## जदयू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, विस चुनाव पर हुई चर्चा, बोले-

# नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

**संवाददाता । पटना**

जदयू की राज्य कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को हुई. इस बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनी. बिहार में बढ़ी हुई नई आरक्षण नीति को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लागू करने का संकल्प इस बैठक में लिया गया. इसके साथ ही 'मिशन-2025' का ब्लू प्रिंट तैयार करने का फैसला हुआ जिससे जदयू का प्रदर्शन शानदार हो. पार्टी के नेताओं ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया. अब एनडीए में शामिल सहयोगी दलों के जिलाध्यक्षों की एक साथ बैठक होगी. इस बैठक में नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे. सहयोगी दलों से बातचीत के बाद बैठक की तारीख तय होगी.



वहीं, जदयू ने अपने नेताओं को चुनाव के लिए तैयारी रहने को कहा है. जदयू में बूथ स्तर पर कमेटी गठन का काम जल्द पूरा होगा. चुनाव से पहले नीतीश कुमार के चेहरे और उनके काम को लेकर जनता के बीच कार्यकर्ताओं और नेताओं को जाने का निर्देश दिए गए हैं.

**77 सीटों पर जदयू के आगे रहने का अनुमान :** वहीं, बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को बधाई दी गई. लोकसभा चुनाव के नतीजे के कारण केंद्र में एनडीए सरकार के गठन में जदयू ने भूमिका सुनिश्चित की. इसके साथ ही बिहार 2025 चुनाव की पटकथा भी तैयारी शुरू हो गई. वहीं, जदयू के अनुसार लोकसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से विधानसभा की 77 सीटों पर पार्टी पहले नंबर पर है. लोकसभा चुनाव के रिजल्ट विधानसभा चुनाव के लिए शुभ संकेत जदयू मान रही है.

मौके पर जदयू कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि हम लोग 2010 का रिकॉर्ड तोड़ेंगे. 225 सीट जीतकर हम लोग आएंगे और नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बनेंगे. केंद्र सरकार पूरी तरह से हमें मदद कर रही है और आगे भी करेगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो निर्देश दिया है उस निर्देश का पालन होगा हम लोग जनता के बीच जाएंगे. वहीं, मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि हम लोग 225 सीट पर चुनाव जीतेंगे. उनसे पूछा गया कि पटना में पोस्टर लगे हैं कि नीतीश को भारत रत्न मिलना चाहिए. इस पर उन्होंने कहा कि नहीं... ठीक है चलिए मिलना चाहिए.

### एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के शुभंकर का नीतीश ने किया अनावरण

**पटना ।** बिहार में पहली बार एशिया महिला हॉकी चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन होने जा रहा है. इसके लिए डिजाइन किए गए शुभंकर एवं लोगो का अनावरण शनिवार को सीएम नीतीश ने कर दिया. एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन 11 नवम्बर से 20 नवंबर के बीच राजगीर खेल अकादमी परिसर में किया जाएगा. इसमें में चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान समेत छह देशों की टीम हिस्सा लेंगी. इधर, आगामी 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ट्रॉफी टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. यह ट्रॉफी महाराष्ट्र, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल भी जाएगी. इसके अलावा 20 अक्टूबर से लेकर नौ नवम्बर तक बिहार के सभी जिलों मे इसे घुमाया जाएगा.



## बेतिया में खाना बनाते समय लगी आग

# सात घर जलकर राख, एक मकान का मालिक भी झुलसा



**एजेंसी । बेतिया**

बेतिया के योगापट्टी थानाक्षेत्र के चौमुखा पंचायत स्थित सेढा टोला गांव में खाना बनाने के दौरान आग लग गई. इस हादसे में सात घर पूरी तरह जलकर राख हो गए. जबकि आग बुझाने के दौरान एक मकान का मालिक दीना यादव गंभीर रूप से झुलस गया, जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है. बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ, जब दीना यादव के घर में खाना बनाते समय अचानक आग लगी और तेजी से फैल गई. इसके चलते लालबचन यादव, जगरनाथ यादव, दुर्योधन यादव, आनंद यादव, सुभाष यादव और सुरेंद्र यादव के घर भी आग की चपेट में आ गए. जानकारी के मुताबिक, इस आग लगने की इस घटना में कपड़े, राशन, बर्तन समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गया. इस कारण करीब 12 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है. पीड़ितों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि वे अपने घरों से कुछ भी बचा नहीं सके.

## पूर्णिया में नाबालिग के साथ हैवनियत

# दो सगे भाइयों ने नशे की गोली खिला कर किया दुष्कर्म, एक भाई रेलवे कर्मी है

**संवाददाता । पूर्णिया**

पूर्णिया में हवस के शिकार दो सगे भाइयों ने हैवानियत के सारे हदें पार कर दी है. दो भाइयों ने अलग-अलग समय पर नशीला टैबलेट खिलाकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. आरोपी भाइयों में से बड़ा भाई रेलवे विभाग में कर्मी है, जबकि छोटा भाई सरकारी शिक्षक है. नाबालिग लड़की उनके घर में काम करती थी. घटना मधुबनी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 की है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

आरोपी भाइयों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं. नाबालिग लड़की का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में चल रहा है. मामले की जानकारी देते हुए वार्ड पार्षद पप्पू पासवान ने बताया कि नाबालिग लड़की आरोपियों के घर में करीब डेढ़ साल से दाई का काम करती थी. आरोपी अनिल पासवान रेलवे विभाग में कर्मी है, जबकि अजीत पासवान शिक्षक है. अनिल पासवान की पत्नी भी एक शिक्षिका हैं. अनिल पासवान की शिक्षिका पत्नी पढ़ाने के लिए स्कूल चली जाती थी. नाबालिग लड़की घर में अकेले ही रहकर खाना बनाकर सहित बच्चा रखती थी. अजीत पासवान रेलवे विभाग में रात्रि ड्यूटी कर सुबह घर आ जाता था. इसी दौरान नाबालिग को नशीला टैबलेट खिलाकर तीन से चार दिन से लगातार दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था. वहीं बड़ा भाई के घर के बाहर जाने के बाद छोटा भाई भी लगातार नशीला टैबलेट खिलाकर नाबालिग को हवस का शिकार बनाता रहा. नाबालिग लड़की का तबीयत बिगड़ने के बाद जब घर आकर मां को अपनी आपबीती सुनाई तो मां सन रह गई.

**पुलिस ने मामला दर्ज किया :** सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी भाइयों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं. इस घटना के बाद से मधुबनी में आक्रोश फैल गया है. लोग आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. पुलिस इस मामले में जल्द से जल्द जांच पूरी करने के लिए कहा है.घटना के संबंध महिला थानाध्यक्ष ललिता कुमारी ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. नाबालिग लड़की को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है.

## पेज एक का शेष...

### पैसे के बल पर पूरे देश में राज...

**केंद्र हमारा बकाया दे दे, तो सबके खाते में 3-3 लाख डाल दूंगा :** उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग गांव-गांव में घूम कर रंग-बिरंगा पर्चा-कागज दिखा कर लोगों को तरह-तरह के प्रलोभन दे रहे हैं. मैं पूछता हूं जब इनकी डबल इंजन की सरकार थी तब इन्होंने गरीबों के लिए क्या किया. भाजपा के पास गरीबों को देने के लिए पैसे नहीं हैं, लेकिन अपने अरबपति दोस्तों के कर्ज माफ करने के लिए पैसे हैं. उन्होंने दावा किया कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड के कोयले का पैसा जो झारखंड का हक है, एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दे दे, तो राज्य के हर व्यक्ति के खाते में तीन-तीन लाख रुपए आएंगे. ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है. चुनाव को देखते हुए भाजपा के लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई, अगड़ा-पिछड़ा का उल्टा सीधा पाठ पढ़ा रहे हैं. उन्होंने जनता को ऐसे लोगों से सावधान रहने के लिए सचेत किया.

**सरकार न डरने वाली न झुंकने वाली - बन्ना :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि ये सरकार न डरने वाली है और न ही झुकने वाली. ये सरकार झारखंड को बेचने वालों के खिलाफ खड़ी है और खड़ी रहेगी. भाजपा माइंड गेम खेलती है. यदि भाजपा के लोगों में झारखंड के प्रति जरा सा भी सम्मान है, तो सरना धर्म कोड लागू करने की घोषणा करे. बाबूलाल मरांडी ने अपनी सरकार में पिछड़ों का आरक्षण 27 से घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया था. वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और फिर पिछड़ों का आरक्षण 27 प्रतिशत करने की घोषणा करें. भाजपा जुमले वाली पार्टी है. हिमंता चाइनीज आइटम हैं. लिखो और फेंको. भाजपा को अपने बाप पर भी भरोसा नहीं है, लेकिन सरकार को झारखंड की जनता पर भरोसा है.

**रिम्स जैसा सुविधाजनक होगा : अस्पताल -** जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि एमजीएम अस्पताल अब रिम्स के जैसा सुविधाजनक होगा. सरकार का काम धरातल पर दिखाई दे रहा है. योजनाएं फलीभूत हो रही हैं. पिछले 17 वषोZ में जो विकास के काम नहीं हुए थे, वे पांच साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन ने कर दिखाया. उन्होंने कहा कि केंद्र से या दूसरे राज्यों से भाजपा चाहे कितने भी बड़े बड़े दिग्गज बुला ले, उसका सपना हम पूरा नहीं होने देंगे.

### आरक्षण पर 50% की सीमा हटाना...

जिन हाथों में हुनर होता है, लोग उन्हें पीछे बिठा देते हैं. भारत में ये 24 घंटे हो रहा है. मैंने कभी स्कूल में दलितों, पिछड़ों का इतिहास नहीं पढ़ा. आज तो इससे भी उल्टा हो रहा है, जो इतिहास है, उसे किताबों से हटा दिया जा रहा है. इतिहास के बिना, अपनी जगह और स्थान की समझ के बिना शिक्षा संभव नहीं है.

**शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भाजपा की तीखी आलोचना :** इससे पहले राहुल गांधी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया. राहुल ने अपने संबोधन में मालवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भाजपा की तीखी आलोचना की. उन्होंने कहा कि लोगों को डराने और संविधान, संस्थाओं को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है. अगर छत्रपति शिवाजी महाराज और शाहू महाराज जैसे लोग नहीं होते, तो संविधान नहीं होता. राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय संविधान शिवाजी महाराज के विचारों का प्रकटीकरण है. छत्रपति शिवाजी महाराज का दुनिया को संदेश था कि देश सभी का है. इससे पहले राहुल गांधी का कोल्हापुर हवाईअड्डे पहुंचने पर पार्टी नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया.

### हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल...

इसलिए कांग्रेस और उसके साथियों का एक ही मिशन है- समाज को बांटों, लोगों को बांटों और सत्ता पर कब्जा करो. इसलिए हमें अतीत से सबक लेना है. हमें एकता को ही देश की ढाल बनाना है और हमें याद रखना है कि अगर हम बंटेंगे, तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे. हमें कांग्रेस और अघाड़ी वालों के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है. आज कांग्रेस का असली रंग खुल कर सामने आ गया है.

**जारी की किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त :** नवरात्रि के पावन अवसर पर मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की, जिसके तहत 9.5 करोड़ किसानों के खातों में 20,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई. उन्होंने महाराष्ट्र की सरकार की भी प्रशंसा की, जो डबल इंजन की सरकार के रूप में किसानों को दोहरी लाभकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है. उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में 90 लाख से ज्यादा किसानों को करीब 1,900 करोड़ रुपए दिए गए हैं. प्रधानमंत्री ने महान योद्धा और गोंडवाना की रानी दुर्गावती की जयंती पर उन्हें भी श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा कि पिछले साल रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती देशभर में मनाई गई थी. इसके साथ ही पीएम मोदी ने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर उन्हें नमन किया.

## कारोबार

### ईज माय ट्रिप ने फिर शुरू की बुकिंग

**नयी दिल्ली ।** देश की दिग्गज ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म कंपनी ईज माय ट्रिप ने मालदीव के लिए फिर से बुकिंग की शुरुआत कर दी है. कंपनी ने बताया कि भारत और मालदीव सरकार के बीच के रिश्तों के बेहतर होने और मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के साथ रचनात्मक बातचीत के बाद बेहद सोच समझकर कंपनी ने फिर से बुकिंग को शुरू करने का फैसला किया है. ईज माय ट्रिप के नाम से ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म चलाने वाली ईज ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज के पास रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि दोनों देशों ने सहमति बनायी है.

### विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर के पार

**नयी दिल्ली ।** भारत ने इतिहास रच दिया है. पहली बार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर के पार जा पहुंचा है. आरबीआई के डेटा के मुताबिक 27 सितंबर 2024 को खत्म हुए सप्ताह में 12.588 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ फॉरन करेंसी रिजर्व 704.885 बिलियन डॉलर के लेवल पर जा पहुंचा है. इसके पहले हफ्ते में ये 692.29 बिलियन डॉलर रहा था. एफपीआई निवेश में भारी बढ़ोतरी के चलते फॉरेन करेंसी रिजर्व ऑलटाइम हाई पर जा पहुंचा है.

### भारत में सेवा क्षेत्र का विस्तार सबसे धीमा

**नयी दिल्ली ।** भारत में सेवा क्षेत्र का विस्तार सितंबर में नवंबर 2023 के बाद सबसे धीमी गति से हुआ. एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई सर्वे ने इसकी पुष्टि की है. ये आंकड़े नए कारोबार और वैश्विक स्तर पर बिक्री व आउटपुट पर आधारित हैं. सितंबर में पीएमआई इंडेक्स का आंकड़ा अगस्त के 60.9 की तुलना में कम होकर 57.7 रहा. हालांकि, यह इंडेक्स के न्यूट्रल मार्क 50.0 के ऊपर सफल रहा. एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई ने शुक्रवार को दिखाया कि नए व्यवसाय, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और उत्पादन के मामले में भारत में सेवा क्षेत्र की वृद्धि नवंबर 2023 के बाद सबसे धीमी दरों पर बढ़ी.

## इस सप्ताह भी सोने में निश्चित उछाल देखने को मिला है

# मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में उछाल जारी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच सोने की कीमतों में तेजी जारी है. इस सप्ताह सोने में निश्चित उछाल देखने को मिला है. ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण सोने की ऊंची कीमतों के साथ अधिक खरीद के बावजूद खरीदारों की स्थिति बरकरार रही. शनिवार को सोने की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई. सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 7,785.3 रुपये प्रति ग्राम थी. यह शुक्रवार के मुकाबले 120 रुपये की वृद्धि को दर्शाती है.

वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत 7,138.3 रुपये प्रति ग्राम थी, जो कि शुक्रवार से 110 रुपये ज्यादा थी. एसकेआई कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नरिंद्र वाधवा ने कहा, 'मध्य पूर्व में राजनीतिक अस्थिरता के समय, सोना अक्सर सुरक्षित निवेश का विकल्प बन जाता है, जबकि कच्चे तेल की कीमतें आपूर्ति में बाधा आने की चिंता के कारण तेजी से प्रतिक्रिया करती हैं. वाधवा ने आगे कहा, अनिश्चितता से सोना खरीदने की बढ़ती मांग हो रही है, क्योंकि लोग इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं. इसके साथ ही, ऊर्जा बाजार में भी तेल की कमी की अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे सोना और तेल दोनों ही वैश्विक जोखिम का संकेत बन गए हैं. व्यापार विश्लेषकों का अनुमान है कि ब्याज दरों में निरंतर नरमी से सोने के खरीदारों की रुचि बनी रहेगी. हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमत 0.2 प्रतिशत गिरकर 2,649.69 डॉलर प्रति औंस पर आ गईं. क्योंकि सितंबर में अमेरिकी नौकरियों में वृद्धि हुई जबकि बेरोजगारी दर घटकर 4.1 प्रतिशत पर आ गई. बेहतर नौकरियों के आंकड़ों के बाद शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए. विश्लेषकों के अनुसार अगर सप्ताह के अंत तक भू -राजनीतिक स्थितियां और प्रतिकूल होती हैं तो सोने की कीमतों में तेजी बनी रहेगी. भारत सहित वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बीच, बाजार पर्यवेक्षकों ने निवेशकों को शांत रहने की सलाह दी है क्योंकि स्थिति में जल्द ही सुधार होने की संभावना जताई जा रही है. वहीं, दूसरी ओर शेयर निवेशक मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष पर नजर रख रहे हैं. कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और चीन जैसे सस्ते बाजारों में फंड के प्रवाह के बीच भविष्य में बाजार में निराशावाद जारी रहने की उम्मीद है.



## महंगाई भत्ते में 4% की बढ़ोतरी का काउंटडाउन शुरू

# दिवाली से पहले मिलेगी सौगात

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को 4 फीसदी महंगाई भत्ता/महंगाई राहत मिलने का काउंट डाउन शुरू हो गया है. सूत्रों की मानें तो डीए/डीआर की दरें बढ़ने का प्रपोजल तैयार हो चुका है. अब इसे केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा. सरकारी कर्मियों और पेंशनरों को नवंबर की सेलरी में डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की सौगात नजर आएगी. दीवाली से पहले महंगाई भत्ते/महंगाई राहत में वृद्धि की घोषणा हो सकती है. गत वर्ष केंद्रीय कैबिनेट ने 18 अक्तूबर को महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी थी. डीए/डीआर की दरें, एक जुलाई 2023 से लागू हुई थी. केन्द्र सरकार के 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को लाभ हुआ था. मौजूदा समय में 50 प्रतिशत की दर से डीए/डीआर मिल रहा है. अगर चार फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो डीए की दर 54 प्रतिशत हो जाएगी.

बता दें कि केंद्र सरकार ने 2022 में 28 सितंबर को डीए की दरों में चार फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी.

## सरकार के सलाहकार ने संघ के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

### ईवी बैटरी रीसाइक्लिंग में व्यावसायिक सहयोग मिलेगा

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरियों का रिसायकल एक भू-राजनीतिक और जलवायु संबंधी अनिवार्यता है. सरकार के अनुसार, इस क्षेत्र में भारतीय और यूरोपीय स्टार्टअप नवाचार और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं. सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय ने यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. इस मुलाकात के साथ नवाचार, स्थिरता और अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए भारत और यूरोपीय संघ की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया. इसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के बैटरी रीसाइक्लिंग प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में स्टार्टअप के प्रतिनिधि, भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के अधिकारी और चुनिंदा भारतीय स्टार्टअप के सदस्य शामिल थे. सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि यह सहयोग प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बाजार पहुंच और सह-विकास के लिए नए अवसर पैदा करता है. यह आर्थिक लचीलापन और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है.

## अंतर-महाद्वीपीय यात्रा लागत में कटौती का मामला

### अफ्रीकी एयरलाइनों के एकीकरण का किया आग्रह

**नैरोबी ।** केन्या एयरवेज ने कहा है कि महाद्वीप पर एयरलाइनों के एकीकरण से अंतर-अफ्रीकी हवाई यात्रा की लागत कम की जा सकती है. समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, केन्या एयरवेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन किलावुका ने शुक्रवार को केन्या की राजधानी नैरोबी में कहा कि अफ्रीका में यात्रा करना अमेरिका, यूरोप और एशिया के दूसरे क्षेत्रों में समान दूरी के लिए कई ज्यादा महंगा है. यह खर्च दोगुने से भी ज्यादा है. किलावुका ने एविएशन 101 मीडिया लैब के एक सत्र के दौरान कहा, अफ्रीका में कई छोटी राष्ट्रीय एयरलाइंस हैं, जो बाजारों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं. इसकी वजह से हवाई टिकटों की लागत अधिक है. एविएशन 101 मीडिया लैब एक सहयोगात्मक मंच है. यह मंच विमानन क्षेत्र की कवरेज की क्वालिटी को बेहतर करने और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने के लिए विमानन विशेषज्ञों और पत्रकारों को एक साथ लाता है.



मुंबईः अभिनेत्री हंसिका अपनी मां के साथ शनिवार को मुंबई हवाईअड्डे पर पहुंचते हुए तस्वीरों के लिए पोज देती हुईं.

**कोशिश जारी** — फिर से सुर्खियों में आई हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड

# हल्दीराम को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहा है टेमासेक

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड पर पिछले काफी समय से दुनियाभर की कंपनियों की नजर है. हल्दीराम को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप और ब्लैकस्टोनद्वारा की गई कोशिश असफल रही थी. हल्दीराम ने कम वैल्यूएशन के चलते सारे ऑफर नकारते हुए कहा था कि अब वो अपने कारोबार को आगे बढ़ाने पर ध्यान देंगे. अब हल्दीराम को खरीदने के बजाय उसका हिस्सा बनने के लिए टेमासेक होल्डिंग्स ने कोशिश की है.

सिंगापुर की यह इनवेस्टमेंट कंपनी भारत की फूड एवं स्नैक्स कंपनी हल्दीराम की 10 से 15 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक है. अगर यह डील होती है तो हल्दीराम की मार्केट वैल्यू करीब 11 अरब डॉलर हो जाएगी.

सूत्रों के हवाले से बिजनेस स्टैंडर्ड ने दावा किया है कि चूंकि टेमासेक कंपनी खरीदने के बजाय पार्टनर बनने की कोशिश कर रही है. ऐसे में यह डील आगे बढ़ सकती है. इससे हल्दीराम को भी अपना मार्केट बढ़ाने में मदद मिलेगी. फिलहाल टेमासेक और हल्दीराम ने इस मामले पर कोई भी जानकारी नहीं दी है. सूत्रों ने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो हल्दीराम अपना आईपीओ भी मार्केट में ला सकती है. हल्दीराम की इस बारे में अन्य कंपनियों से भी वार्ता चल रही है.




**दिल्ली और आसपास के इलाकों में करीब 43 रेस्टोरेंट**

हल्दीराम की स्थापना 1930 में गंगा बिशन अग्रवाल ने की थी. इसने कई तरह की मिठाइयां और नमकीन बेचकर अपना ब्रांड खड़ा किया. इसके दिल्ली और आसपास के इलाकों में करीब 43 रेस्टोरेंट भी हैं. ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अग्रवाल फैमिली पिछले काफी समय से आईपीओ और कारोबार बेचने के लिए प्लानिंग कर रही है. ग्लोबल इनवेस्टर्स भी भारत की आर्थिक तरक्की का हिस्सा बनने के लिए आतुर हैं. ऐसे में हल्दीराम को खरीदना या हिस्सेदार बनना सभी के लिए एक अच्छा ऑप्शन है.

### सितंबर में वेज थाली की कीमत 11% बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 11% बढ़कर 31.3 रुपए हो गई. पिछले साल सितंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी. क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी. क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने अगस्त की तुलना में सितंबर में कोई बदलाव नहीं हुआ है. अगस्त में वेज थाली की कीमत 31.2 रुपए थी. नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 2% सस्ती वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 2% गिरकर 59.3 रुपए हो गई. पिछले साल सितंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 60.7 रुपए थी. मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है.

## न्यूज अपडेट

### जंगल से 31 नक्सलियों के शव बरामद

**रायपुर ।** बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने शनिवार को नक्सली मुठभेड़ की आधिकारिक जानकारी दी. मीडिया को जारी प्रेस नोट में मुठभेड़ में मारे गए बरामद नक्सलियों की शवों की संख्या 31 बताई गई है. घटनास्थल से एलएमजी रायफल, एसएलआर रायफल, एके 47 रायफल, इंसास रायफल, कैलिबर-303 रायफल सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गए है. अभी भी घटनास्थल के आसपास तलाशी अभियान चल रहा है.

### दो आतंकवादियों को मार गिराया

**कुपवाड़ा ।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के गुगलधार इलाके में देररात घुसपैठ को विफल करते हुए सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया. सेना ने शनिवार सुबह बताया कि 4 और 5 अक्टूबर की दरम्यानी रात को सतर्क जवानों ने गुगलधार इलाके में भारतीय सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी. इसके बाद सुरक्षाबलों ने ललकारा. यह सुनकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी. सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में दो आतंकियों को मार गिराया गया.

### इंदौर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. इसके बाद एयरपोर्ट सहित पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. यहां आने-जाने वाले विमानों में सुरक्षा एजेंसियां लगातार जांच कर रही हैं. हालांकि, ई-मेल भेजने वाले के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है. मामला शुक्रवार का है, लेकिन जानकारी शनिवार को सामने आई है.

### अभिनेता की बेटी गायत्री की मौत

**हैदराबाद।** तेलुगु फिल्मों के मशहूर अभिनेता एवं कॉमेडियन राजेंद्र प्रसाद की बेटी गायत्री की शनिवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद मौत हो गई. अभिनेता राजेंद्र प्रसाद की 38 वर्षीय बेटी गायत्री को देर रात सीने में दर्द की शिकायत के बाद से हैदराबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया. लेकिन हालत ज्यादा खराब होने के बाद कुछ ही देर में उनका निधन हो गया. राजेंद्र प्रसाद उस समय एक फिल्म सेट पर थे जब उन्होंने अपनी बेटी गायत्री की हालत के बारे में सुना.

### वीरेंद्र के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 5600 करोड़ रुपये के ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ करने के बाद पुलिस ने मास्टरमाइंड वीरेंद्र बसोया के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है. बसोया विदेश में बैठकर ड्रग्स का कारोबार चला रहा है. हाल ही में दिल्ली पुलिस ने महिपालपुर में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप पकड़ी थी. जांच के दौरान पता चला है कि कोकीन की खेप बसोया ने ही भिजवाई थी.

### संजौली मस्जिद के 3 फ्लोर हटाएं : कोर्ट

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में संजौली इलाके की अवैध मस्जिद निर्माण को लेकर कोर्ट का फैसला आ गया है. कोर्ट ने मस्जिद के 3 फ्लोर हटाने का आदेश दिया है. कोर्ट ने कहा है कि मस्जिद प्रधान की देख रेख में 2 महीने में निर्माण हटाना होगा. वहीं, कोर्ट ने स्थानीय निवासियों का आवेदन खारिज (उन्हें पक्षकार बनाने के लिए) कर दिया है. कोर्ट ने कहा, नियामक और उल्लंघनकर्ता पहले से ही मामले में पक्षकार हैं. दरअसल, शिमला के संजौली में जो 5 मंजिला मस्जिद बनाई गई है.

### लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र दिया फंड


**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइली हमलों की वजह से लेबनान में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं. इसे देखते हुए लेबनान के लिए यूएन के मानवीय समन्वयक इमरान रिजा ने 'लेबनान मानवीय कोष' से अतिरिक्त 2 मिलियन डॉलर देने का ऐलान किया है. महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इस नए फंड के साथ अब तक का कुल आवंटन 12 मिलियन डॉलर हो गया. बता दें हाल ही में 10 मिलियन डॉलर के केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया फंड की भी घोषणा की गई थी.

### मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 42

**अबुजा।** मध्य नाइजीरिया के नाइजर स्टेट में इस सप्ताह की शुरुआत में हुई नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है. समाचार एजेंसी के अनुसार, स्टेट मैनेजमेंट एजेंसी के चीफ अब्दुल्लाही बाबा-आराह ने बताया कि गुरुवार से कम से कम 17 और शव बरामद किए गए हैं, जिनमें से छह शुक्रवार की सुबह मिले. इससे पहले नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू के प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक यात्रियों को ले जा रही नाव के पलट जाने के बाद कम से कम 25 शव बरामद किए जाने की पुष्टि हुई है.

### खाली हाथ लौटी वायुसेना की टीम

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जनपद के चौखंभा-तीन पर्वत की 6015 मीटर ऊंचाई पर फंसे विदेशी पर्वतारोहियों को बचाने के लिए अब एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम पैदल रेस्क्यू कर रही है. एसडीआरएफ सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने शनिवार को एसडीआरएफ की हाई एल्टीट्यूड टीम को सहस्त्रधारा से हेली से जोशीमठ के लिए रवाना किया है. लापता विदेशी पर्वतरोहियों की खोजबीन करेंगे. चौखंभा-तीन पर्वत पर दोनों पर्वतारोही 11 सितंबर से 18 अक्टूबर तक फतह करने वाले थे.



**दुर्गोत्सव**

कोलकाता : शनिवार को कोलकाता में रवीन्द्रनाथ टैगोर की दुई बिगहा जोमी थीम पर आधारित कंकुरगाछी चलंतिका दुर्गा पूजा पंडाल में देवी दुर्गा की एक मूर्ति.

आतंकी साजिश व टेरर फंडिंग से जुड़ा मामला

## एनआईए ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर मारी रेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 5 राज्यों के 22 ठिकानों पर आतंकी साजिश और टेरर फंडिंग के शक में एक साथ रेड डाली है. महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में छापेमारी की गई. जानकारी के मुताबिक एनआईए ये कार्रवाई आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मामलों को लेकर की जा रही है. एजेंसी ने महाराष्ट्र के मालेगांव, जालना और संभाजीनगर में शनिवार सुबह ही अपने दस्ते के साथ रेड डाली. इसके बाद मौके पर एटीएस की टीम भी पहुंची. रिपोर्ट्स के अनुसार नासिक के मालेगांव में भी एनआईए टीम पहुंची है. यहां मशारिकी स्कॉलर रोड स्थित एक होम्योपैथिक क्लिनिक में छापेमारी की जा रही है. देर रात शुरू हुई यह छापेमारी अभी भी जारी है. साथ ही एजेंसी ने दिल्ली के मुस्तफाबाद में भी देर रात छापेमारी की. इस कार्रवाई में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और स्थानीय पुलिस भी शामिल थी. इस दौरान कई संदिग्ध सामान मिले हैं, और एनआईए ने कुछ संदिग्धों को नोटिस भी दिया है. एक या दो लोगों को पूछताछ के लिए ले जाने की जानकारी मिली है. यह कार्रवाई रात को शुरू होकर सुबह तक चलती रही. इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में बारामूला और अन्य क्षेत्रों में भी एजेंसी ने रेड डाली. बारामूला में मौलवी इकबाल भट के घर पर छापा मारा गया, यहां एनआईए ने सुरक्षा बलों की मदद से तलाशी की. फिलहाल, इस कार्रवाई में किसी गिरफ्तारी या महत्वपूर्ण सामान की बरामदगी की रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन जांच अभी जारी है. बता दें कि 1 अक्टूबर को एनआईए ने पश्चिम बंगाल के कई जिलों पर एक साथ रेड डाली थी.

इजरायली बमबारी से लेबनान में हाहाकार

# अबतक 20 लाख लोग सीरिया की ओर कर चुके हैं पलायन

**एजेंसी। दमिशक**

इजरायल ने लेबनान में हिज्बुल्लाह को निशाना बनाते हुए अपने हमले का दायरा अब दक्षिणी बेरूत के बाद उत्तरी हिस्से में बढ़ा दिया है. समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने एक लेबनानी सुरक्षा सूत्र के हवाले से बताया कि शनिवार तड़के लेबनान के उत्तरी शहर त्रिपोली पर पहली बार इजरायली हमला हुआ. हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि इजरायली सैनिक लेबनान के दक्षिणी शहर ओडाइसेह में घुसने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच, मारे गए हिजबुल्लाह प्रमुख सैय्यद हसन नसरल्लाह के संभावित उत्तराधिकारी हाशिम सफीद्दीन के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है, जिसे इजरायल ने कल दक्षिणी बेरूत में अपने हवाई हमलों में निशाना बनाया था. इजरायली कार्रवाई से लेबनान की राजधानी में लोग दहशत में हैं और बड़े पैमाने पर सीरिया की ओर पलायन कर रहे हैं. एक अनुमान के मुताबिक अब तक करीब 20 लाख लेबनानी सीरिया में शरण ले चुके हैं. अब इजराइल ने बेरूत-दमिश्क रोड पर बमबारी करके इस रास्ते को बंद कर दिया है. इस कारण विस्थापित परिवारों के लिए पैदल सीरिया निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. आईडीएफ ने कहा कि इजरायली वायु सेना ने एक मस्जिद के अंदर स्थित कमांड सेंटर में सक्रिय हिज्बुल्लाह आतंकवादियों पर हमला किया. इजरायल ने कहा कि शनिवार सुबह लेबनान से इजरायली क्षेत्र में पांच रॉकेट दागे गए.



- त्रिपोली पर पहली बार इजरायली हमला हुआ
- लेबनान की राजधानी में लोग दहशत में हैं
- इजराइल ने बेरूत-दमिश्क रोड पर बमबारी करके इस रास्ते को बंद कर दिया है

### रॉकेटों को इंटरसेप्ट करके हवा में ही नष्ट कर दिया

इजरायली सेना ने कहा कि आईडीएफ एरियल डिफेंस एरे ने कुछ रॉकेटों को इंटरसेप्ट करके हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि कुछ खुले इलाकों में आकर गिरे. इसके परिणामस्वरूप, उत्तरी इजरायल के कहा, अमाकिम क्षेत्र में रॉकेट सायरन बजने लगे. अलर्ट सायरन बजने के बाद, इजरायल की आपातकालीन चिकित्सा सेवा, मैगन डेविड एडोम ने घोषणा की कि उसकी टीमें रॉकेट दुर्घटनाओं वाली जगहों पर जा रही हैं. इजरायली सेना ने कहा कि उसने शुक्रवार आधी रात के आसपास हिज्बुल्लाह के सेंट्रल इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर को निशाना बनाया. आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि उसने किसे टारगेट करने के लिए यह हमला किया या इस एयरस्ट्राइक में कोई हिज्बुल्लाह कमांडर मारा गया या नहीं. इजरायल ने पिछले 24 घंटों में 100 से ज्यादा हिज्बुल्लाह लड़ाकों को मारने का दावा किया है. वहीं लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने क्षेत्र में लगातार 10 से अधिक हवाई हमलों की सूचना दी है. हिज्बुल्लाह लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग 1400 लेबनानी मारे गए हैं.

## इंडिगो के बुकिंग सिस्टम में आई खराबी, यात्री परेशान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में एयरलाइन कंपनी इंडिगो की बुकिंग सिस्टम में शनिवार को खराबी आ गई, जिसके चलते इंडिगो की उड़ान और ग्राउंड सेवाएं प्रभावित हो गई हैं. बताया जा रहा है कि इंडिया में आई तकनीकी खराबी के कारण कई यात्री एयरपोर्ट पर फंसे रहे और अपनी फ्लाइट नहीं पकड़ पाए. यही नहीं, कई यात्रियों को बुकिंग करने में भी समस्याओं का सामना करना पड़ा है. इंडिगो ने अपने एक्स अकाउंट के जरिए सेवाएं प्रभावित होने की जानकारी दी. एयरलाइन कंपनी ने कहा, हम वर्तमान में अपने नेटवर्क में अस्थायी रूप से सिस्टम स्लोडाउन का सामना कर रहे हैं, जिससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम प्रभावित हो रहा है. हमारे ग्राहकों को वेटिंग समय में वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें धीमी चेक-इन और हवाई अड्डे पर लंबी कतारें शामिल हैं. उन्होंने अगले पोस्ट में बताया कि हमारी एयरपोर्ट टीम हर किसी की सहायता करने और एक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है. आश्वस्त रहें, हम जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं. इंडिगो ने कहा, असुविधा के लिए हमें खेद है.

## सिद्धारमैया ने कहा, मैं किसी भी कारण से इस्तीफा नहीं दूंगा

**एजेंसी। रायचूर (कर्नाटक)**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि वह किसी भी कारण से इस्तीफा नहीं देंगे. उन्होंने कहा, "मुझे भाजपा या जेडी(एस) से कोई डर नहीं है. सीएम ने रायचूर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले के संबंध में झूठे आरोपों पर इस्तीफा देने की मांग क्यों की जा रही है? ये आरोप निराधार हैं और हम इन आरोपों का जवाब देंगे और लोगों के सामने सच्चाई पेश करेंगे. सीएम सिद्दारमैया ने आगे कहा, मैं उन पार्टियों से नहीं डरता क्योंकि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है. अगर मैंने कोई गलत काम किया है तो मुझे डरना चाहिए. क्या किसी ने कहा है कि मैंने कोई गलती की है? अगर झूठे आरोप सामने आते हैं तो क्या कोई इस्तीफा देगा? राज्य में सत्ता परिवर्तन को लेकर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर सीएम सिद्दारमैया ने कहा, आपको किसने बताया कि मुझे मुख्यमंत्री पद से हटाने पर बहस चल रही है? अगर मंत्री बैठकें करते हैं, तो आप चीजों की कल्पना नहीं कर सकते.



## डीआरडीओ ने पोखरण में बहुत कम दूरी की मिसाइल के तीन सफल परीक्षण किए

- दुश्मन के यान, विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भागने या बचने का मौका ही नहीं मिलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पोखरण से चौथी पीढ़ी की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइल के तीन सफल उड़ान परीक्षण किए हैं. यह एयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-400 की तरह ही है. इससे दुश्मन के यान, विमान, हेलीकॉप्टर और ड्रोन को भागने या बचने का मौका ही नहीं मिलेगा. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को डीआरडीओ और भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकों से लैस यह नई मिसाइल सशस्त्र बलों को हवाई खतरे के खिलाफ और अधिक तकनीकी बढ़ावा देगी. वीएसएचओआरएडीएस का वजन 20.5 किलोग्राम होता है. इसकी लंबाई करीब 6.7 फीट और व्यास 3.5 इंच है. यह अपने साथ 2 किलोग्राम वजन का हथियार ले जा सकता है. इसकी रेंज 250 मीटर से 6 किलोमीटर है. अधिकतम 11,500 फीट तक जा सकता है.



### नेपाल में 11 करोड़ का सोना जब्त, महाराष्ट्र के दो युवक गिरफ्तार

**काठमांडू ।** भारत से तस्करी कर लायी गयी सोने की बड़ी खेप के साथ महाराष्ट्र के सांगली जिले के दो युवकों को नेपाल पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार किया. दोनों युवक अपने शरीर और जूतों में छिपाकर आठ किलो सोना नेपाल में बेचने जा रहे थे. जब्त सोने की कीमत 11 करोड़ रुपये आंकी गयी है. मकवानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विश्वराज खड़का ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि रक्सौल-बीरगंज सीमा से नेपाल में प्रवेश करने वाले इन युवकों को बीरगंज से करीब 55 किमी दूर हेटौड़ा के पास गिरफ्तार किया गया.

## हैती में गैंग हमले में 10 महिला समेत 70 की मौत

**एजेंसी। जिनेवा**

हैती में गैंग हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई. मरने वालों में 10 महिलाएं और 3 बच्चे भी शामिल हैं. समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को प्रकाशित एक बयान में हमलों पर चिंता व्यक्त की. संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता थामीन अल-खेतन ने कहा कि ग्रैन ग्रिफ गिरोह (गैंग) के सदस्यों ने लोगों पर गोलीबारी करने के लिए ऑटोमैटिक राइफलों का इस्तेमाल किया. इस वजह से बड़े पैमाने पर लोग हताहत हुए और कई निवासियों को भागने पर मजबूर होना पड़ा. हैती के आर्टिबोनाइट विभाग के पोंट सोंडे शहर में हुए हमले में कम से कम 16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें हैती पुलिस के साथ गोलीबारी के दौरान घायल हुए गिरोह के दो सदस्य भी शामिल हैं. गिरोह के सदस्यों ने लोगों को गोली मारने के अलावा, कथित तौर पर कम से कम 45 घरों और 34 वाहनों को आग के हवाले कर दिया, जिस कारण कई निवासियों को अपने घरों से भागने पर मजबूर होना पड़ा. कैरेबियाई देश हैती में हिंसा और अपराध की बढ़ती घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है, जहां सशस्त्र गिरोह राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के ज्यादातर हिस्सों को नियंत्रित करते हैं और आसपास के इलाकों में फैल रहे हैं. इससे भूख और बेरोजगारी में वृद्धि हुई है. सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने हैती में सुरक्षा की स्थिति में सुधार के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और सैन्य सहायता बढ़ाने का आह्वान किया है. कार्यालय ने इस बात पर भी बल दिया कि हैती के प्राधिकारियों को हमले की गहन जांच करनी चाहिए. हमले के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.



**दहशत** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने हुकूमत को ललकारा

# लाहौर व इस्लामाबाद के कई इलाकों को किया गया सील

- लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान और नवाज के आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई
- राजधानी इस्लामाबाद के डी चौक पर दूसरे दिन भी स्थिति तनावपूर्ण

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के बाशिंदे पिछले 24 घंटे से दहशत के साये में हैं. यहां का डी चौक युद्ध के मैदान जैसा दिख रहा है. अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ की ललकार से हुकूमत हिल गई है. पीटीआई के आज लाहौर स्थित मीनार-ए-पाकिस्तान में विरोध-प्रदर्शन के आह्वान ने पंजाब प्रांत की सरकार की मुसीबत बढ़ा दी है. पाकिस्तान के एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, पीटीआई के लाहौर में विरोध प्रदर्शन के बीच पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के आवास जाति उमरा के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है. अड्डा प्लॉट से जाति उमरा की ओर जाने वाले मार्गों को कंटेनरों से अवरुद्ध कर दिया गया है. यही नहीं प्रदर्शन स्थल मीनार-ए-पाकिस्तान को सील कर दिया गया है. मीनार की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर कंटेनर रखे गए हैं. पुलिस ने विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए 600 से अधिक पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है. कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए लाहौर में 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं. लाहौर में मेट्रो बस सेवा आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई है.

पंजाब सरकार ने धारा 144 लागू करते हुए लाहौर में आठ अक्टूबर तक के लिए राजनीतिक सभा, धरना, रैली और विरोध-प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है. सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, सार्वजनिक समारोह आतंकवादियों के लिए आसान लक्ष्य बन सकते हैं. इसलिए धारा 144 लगाई गई है. यह कदम पीटीआई के आज लाहौर में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले उठाया गया है.

एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस्लामाबाद पुलिस ने कल योजनाबद्ध विरोध प्रदर्शन के लिए डी-चौक पहुंचने का प्रयास कर रहे पार्टी संस्थापक इमरान खान की बहनों सहित पीटीआई के कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया. इमरान खान की बहनें अलीमा खान और उज्मा खान को पुलिस ने उस समय हिरासत में लिया जब वे कार्यकर्ताओं के साथ डी-चौक पहुंच गईं. इमरान खान की दो बहनों को सचिवालय पुलिस स्टेशन ले जाया गया. पुलिस ने दर्जनों पीटीआई समर्थकों को भी हिरासत में लिया है.





### पाकिस्तान यात्रा केवल बहुपक्षीय : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उनकी पाकिस्तान यात्रा बहुपक्षीय मंच में भागीदारी से जुड़ी है और इसका कोई द्विपक्षीय पहलू नहीं है. हालांकि उन्होंने कहा कि वे हर यात्रा से पहले अपेक्षित और अनपेक्षित दोनों स्थितियों के लिए पूरी तैयारी के साथ जाते हैं. विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित शासन व्यवस्था पर सरदार पटेल स्मृति व्याख्यान को संबोधित किया. कहा कि धीरे-धीरे दुनिया बहु-ध्रुवीय व्यवस्था में लौट रही है. ऐसे में आत्मविश्वास, यथार्थवाद, तैयारी और विकसित भारत के लिए राष्ट्रवाद के सही संतुलन की आवश्यकता है. जयशंकर ने कहा कि इस महीने के मध्य में उनका पाकिस्तान जाने का कार्यक्रम है.

प. बंगाल में नाबालिग से गैंगरेप के बाद हत्या का मामला

## थाने में तोड़फोड़ व आगजनी की

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलतली थाना अंतर्गत कृपाखाली इलाके में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या का मामला सामने आया है. इस मामले में ग्रामीणों ने पुलिस पर शिकायत नहीं दर्ज करने का आरोप लगाते हुए थाने में तोड़फोड़ और आगजनी की. जानकारी के अनुसार, चौथी कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की को ट्यूशन से लौटते वक्त अगवा कर सामूहिक बलात्कार किया गया और फिर बेरहमी से हत्या कर दी गई. बाद में ग्रामीणों ने नदी किनारे से छात्रा का शव बरामद किया. कुलतली थाना पुलिस की ओर से शिकायत नहीं दर्ज किए जाने के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और थाने में तोड़फोड़ कर आग लगा दी. भाजपा नेता डॉ. सुकांत मजूमदार ने कहा कि मासूम के साथ हुई भयानक घटना यह दर्शाती है कि ममता बनर्जी का प्रशासन पर कोई नियंत्रण नहीं है. प्रशासन पूरी तरह से राजनीतिक हो चुका है. ममता बनर्जी ने कहा था कि एफआईआर मत करिए, पहले छानबीन कीजिए और फिर रिपोर्ट दर्ज कीजिए. यह इसलिए कहा गया क्योंकि बंगाल में बलात्कार और हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)